सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 14 नवम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 307, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 12.16 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स 12.16 अंक की मामूली बढ़त के साथ 84,478.67 अंक पर बंद हुआ। } 14

## विकसित भारत 2047 की कुंजी होगा देश का स्वास्थ्य

केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि वर्ष 2047 में जब देश स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा तब देश के नागरिकों का स्वास्थ्य ही विकसित भारत की दिशा तय करने वाला प्रमुख आधार होगा। } 14

## राष्ट्रपति मुर्मू को सौंपे गये आठ चीते



एजेंसी

गबोरोन (बोत्सवाना)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बृहस्पतिवार को उनकी राजकीय यात्रा के अंतिम दिन यहां पास में स्थित एक प्राकृतिक अभयारण्य में बोत्सवाना के राष्ट्रपति ड्यूमा गिदोन बोको ने प्रतीकात्मक रूप से आठ चीते सौंपे। दोनों राष्ट्राध्यक्ष सुबह के समय राजधानी गबोरोन से लगभग 10 किलोमीटर दक्षिण में स्थित मोकोलेडी नेचर रिजर्व पहुंचे और दो चीतों को एक पृथकवास बाड़े में छोड़े जाने की घटना को देखने के लिए सफारी वाहन में सवार हुए। भारत और बोत्सवाना के वन्यजीव अधिकारियों ने मुर्मू और बोको को प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सभी आठ चीते अभयारण्य में हैं और केवल दो को राष्ट्राध्यक्षों की उपस्थिति में पृथकवास के लिए छोड़ा गया, जो कि बोत्सवाना द्वारा उन्हें भारत को सौंपे जाने का एक प्रतीक है। दो नर सहित चीतों के इस समूह को कालाहारी रेगिस्तान में घांजी शहर के नजदीक स्थापित नेचर रिजर्व से मोकोलेडी नेचर रिजर्व में लाया गया है।



कालाहारी रेगिस्तान में इस अफ्रीकी देश का 70 प्रतिशत भूभाग आता है। मोकोलेडी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भगवान बिरसा मुण्डा ने धरती माता को गुलामी की बेड़ियों से किया आजाद

### जनजातीय समुदाय के लोगों ने सदैव समाज के अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर भारत की विरासत को किया संरक्षित : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा की विरासत राष्ट्रीय एकता तथा सामाजिक सौहार्द को बनाये रखने की प्रेरणा प्रदान करती है। भगवान बिरसा मुण्डा धरती माता को गुलामी की बेड़ियों से आजाद करने के लिए किये जाने वाले संघर्ष के प्रतीक हैं। जनजातीय समुदाय के लोगों ने सदैव समाज के अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर भारत की विरासत व धरोहर को संरक्षित करने का कार्य किया है। डबल इंजन सरकार जनजातीय गौरव की पुनर्स्थापना करते हुए जनजातीय समाज के कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। जनजातीय समाज व उनकी विरासत के संरक्षण के लिए उन्हें हर प्रकार का सहयोग व समर्थन दे रही है। मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकनायक धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय सभ्यता



और संस्कृति में जनजातीय समुदाय के अतुलनीय योगदान को समर्पित जनजाति भागीदारी उत्सव (13 से 18 नवम्बर) का शुभारम्भ करने के बाद विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके पूर्व, उन्होंने जनजातीय समुदाय के उत्पादों पर आधारित प्रदर्शनी को देखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जनजातीय समुदाय को अपनी परम्परा, संस्कृति और विरासत पर गौरव की अनुभूति कराने, समाज व राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ कर सम्मान के साथ आगे बढ़ने का बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देश में 01 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के उद्देश्य से यहां जनजाति भागीदारी उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस उत्सव में देश के 22 राज्यों से आये जनजातीय समुदाय के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक समागम एवं यात्रा के अंतर्गत जनजातीय संस्कृति एवं परम्पराओं का प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा द्वारा भारत की स्वाधीनता के लिए चलाये गये अभियान के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### सीआईएससीई बोर्ड की परीक्षा 12 फरवरी से

नयी दिल्ली। भारतीय स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) की 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 17 फरवरी और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 12 फरवरी से शुरू होंगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस वर्ष लगभग 2.6 लाख अभ्यर्थी आईसीएसई (कक्षा 10वीं) परीक्षा में बैठेंगे, जबकि लगभग 1.5 लाख अभ्यर्थी आईएससी (कक्षा 12) परीक्षा में बैठेंगे। सीआईएससीई के मुख्य कार्यकारी एवं सचिव जोसेफ इमैनुएल ने कहा इस वर्ष की परीक्षा अनुसूची को संतुलित शैक्षणिक कैलेंडर सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, जिससे अभ्यर्थियों को प्रमुख विषयों के बीच यथासंभव उचित तैयारी का समय मिल सके। उन्होंने बताया कि कक्षा 10 की परीक्षाएं 17 फरवरी से 30 मार्च तक और कक्षा 12 की परीक्षाएं 12 फरवरी से 6 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि जारी किए गए डेटशीट में आईसीएसई की 75 विषयों और आईएससी की 50 विषयों की पूरी परीक्षा समय-सारणी शामिल है।

### बाराबंकी : पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, दो लोगों की मौत

बाराबंकी (उप्र)। जिले के थाना टिकैतनगर क्षेत्र में बृहस्पतिवार दोपहर एक पटाखा फैक्टरी में जोरदार विस्फोट होने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि फैक्टरी के पास पटाखे बनाने का लाइसेंस था, लेकिन प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि अंदर कुछ ऐसा हुआ जिससे विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि फिलहाल मलबा हटाने और अंदर फंसे लोगों की तलाश का कार्य जारी है। अधिकारी के मुताबिक, पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है।

# दोषियों को ऐसी सजा देंगे जो मिसाल बनेगी : शाह

❍ आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पूरी दुनिया ने दी मान्यता ❍ नये सीसीटीवी फुटेज में दिखा संदिग्ध आतंकी उमर

एजेंसी

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली में हुए विस्फोट के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी जिससे दुनिया को यह संदेश जाएगा कि किसी को भी फिर कभी इस तरह के हमले के बारे में सोचने की हिम्मत नहीं करनी चाहिए।

शाह गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरियावी गांव में श्री मोतीभाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन सत्र को वीडियो कांफ्रेंस से संबोधित कर रहे थे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया इस कायरतापूर्ण कृत्य को अंजाम देने वाले और इसके पीछे जो लोग हैं, उन सभी को कानून के शिकंजे में लाया जाएगा और उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। भारत सरकार और गृह मंत्रालय इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विस्फोट के पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना भी व्यक्त की। पत्र सूचना ब्यूरो




(पीआईबी) की विज्ञप्ति के अनुसार, शाह ने कहा, इस आतंकवादी कृत्य के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को कड़ी सजा दिलाने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प निश्चित रूप से पूरा होगा। उन्होंने कहा दिल्ली आतंकवादी हमले के दोषियों को दी जाने वाली सजा से दुनिया को यह संदेश जाएगा कि हमारे देश में इस तरह के हमले के बारे में सोचने की भी किसी को हिम्मत नहीं करनी चाहिए। शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पूरी दुनिया ने मान्यता दी है और प्रधानमंत्री वैश्विक स्तर पर इस लड़ाई का नेतृत्व करने में सबसे आगे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के नजदीक सोमवार को एक कार में हुए उच्च तीव्रता के धमाके में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी।

वहीं इससे पूर्व दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार शाम को हुए विस्फोट का एक नया सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें उस दिन मुख्य संदिग्ध डॉ. उमर नबी को बदरपुर बॉर्डर टोल प्लाजा से दिल्ली में प्रवेश करते हुए और बाद में रामलीला मैदान के नजदीक एक मस्जिद के पास टहलते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बदरपुर टोल प्लाजा के फुटेज में उमर को विस्फोट के दिन 10 नवंबर को एक सफेद हुंदै आई20 कार चलाते हुए और सुबह 8.02 बजे टोल गेट पर रुकते हुए देखा जा सकता है। कार कुछ देर के लिए रुकती है ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अल फलाह विश्वविद्यालय की मान्यता रद्द

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी में लाल किला के नजदीक हुए कार धमाके के बाद जांच के घेरे में आए अल फलाह विश्वविद्यालय की सदस्यता निलंबित कर दी गई है। एआईयू सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत एक सोसाइटी है और इसके सदस्य भारतीय विश्वविद्यालय हैं। यह सदस्य विश्वविद्यालयों के प्रशासकों और शिक्षाविदों ...शेष पृष्ठ 14 पर




## चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच बिहार में मतगणना आज

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि 14 नवंबर को होने वाली मतगणना के लिए बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रदेश में 243 मतगणना पर्यवेक्षकों और उम्मीदवारों या उनके एजेंटों की उपस्थिति में 243 निर्वाचन अधिकारियों द्वारा मतगणना की जाएगी। आयोग ने कहा कि प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माइक्रो-ऑब्जर्वर के साथ 4,372 मतगणना टेबल स्थापित की गई हैं।

उम्मीदवारों द्वारा नियुक्त 18,000 से अधिक मतगणना एजेंट भी मतगणना प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू होगी और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के



अनुसार, डाक मतपत्रों की गिनती सबसे पहले शुरू होगी। इसके बाद सुबह 8.30 बजे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में दर्ज मतों की गिनती शुरू होगी। चुनाव आयोग के एक हालिया निर्देश के अनुसार, डाक मतपत्रों की गिनती ईवीएम मतगणना के अंतिम दौर से पहले पूरी की जानी है। डाक मतपत्रों की गणना उम्मीदवारों या उनके मतगणना एजेंटों की उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारी या सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा की जाती है। ईवीएम मतगणना के दौरान, कंट्रोल यूनिट को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आईएसआई नेटवर्क का पर्दाफाश, 10 गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा समर्थित हमले के एक नेटवर्क का बृहस्पतिवार को पर्दाफाश कर इस सिलसिले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पंजाब में अशांति पैदा करने के लिए ग्रेनेड हमला करने हेतु पाकिस्तान स्थित आकाओं के संपर्क में थे। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों में से तीन की पहचान कुलदीप सिंह, शेखर सिंह और अजय सिंह उर्फ अजय के रूप में हुई है और वे सभी श्री मुक्तसर साहिब के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि अमरीक सिंह, परमिंदर उर्फ चिरी, विजय, सुखजीत सिंह उर्फ सुख बराड़, सुखविंदर सिंह, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हर गांव तक पहुंचायेंगे सहकारिता आंदोलन

एजेंसी

चंपावत (उत्तराखंड)। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि सहकारिता आंदोलन को हर गांव, हर परिवार तक पहुंचाया जाए। किसान, महिला समूह और युवा जब सहयोग की भावना से जुड़ेंगे, तो आत्मनिर्भरता का मार्ग और

❍ धामी ने चंपावत को दी 88.11 करोड़ की सौगातें, सहकारिता मेले का किया शुभारंभ

अधिक सशक्त होगा। उन्होंने सहकारिता मेले को ग्रामीण विकास, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी टनकपुर स्थित गांधी मैदान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 पर आयोजित सहकारिता



मेला को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक अवधारणा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सामूहिक प्रगति की जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि जब समाज साझा श्रम और सहयोग की भावना से आगे बढ़ता है, तो विकास अपने आप नई ऊंचाइयों को छूता है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कृषक पान सिंह, किशन सिंह, संदीप सिंह एवं एक अन्य लाभार्थी को एक एक लाख की प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 27.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 13.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


❍ सरोजनीनगर बनेगा संस्कृति और कला का संगम (पृष्ठ-02)
❍ जेईई-नीट जैसी बड़ी परीक्षा में 597 छात्र सफल (पृष्ठ-02)
❍ मूडीज ने 2025 में भारत की वृद्धि दर सात प्रतिशत (पृष्ठ-14)
❍ भारत का 111 देशों को कपड़ा निर्यात बढ़ा (पृष्ठ-14)
❍ रुपया छह पैसे टूटकर 88.68 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)


विशेष खबर | भारतीय कला, संगीत, योग, मंदिर के साथ-साथ चाय समारोह व इकेबाना जैसी जापानी परंपराओं को किया जायेगा शामिल

## प्रयागराज में दिखेगा भारत-जापान वास्तुकला का अनूठा संगम

विशेष संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज के अरैल क्षेत्र में यमुना के किनारे जापानी और भारतीय वास्तुकला की साझा विरासत को प्रदर्शित करने वाला एक सार्वजनिक प्लाजा पार्क विकसित किया जा रहा है। नगर विकास विभाग द्वारा 124 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से क्रियान्वित की जा रही इस परियोजना का उद्देश्य जापान के पारंपरिक शिंटो सौंदर्यशास्त्र और भारत के प्राचीन सनातन मूल्य के मेल को दर्शाना है।

परियोजना प्रबंधक रोहित कुमार राणा के अनुसार, यह पार्क अरैल में शिवालय पार्क के पास लगभग तीन हेक्टेयर में फैला होगा। इसमें दोनों संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थापत्य प्रतीक प्रदर्शित होंगे, जिनमें एक तोरी द्वार भी शामिल है, जो भौतिक से आध्यात्मिक दुनिया में संक्रमण की शिंटो मान्यता को दर्शाता है।



पार्क को पांच क्षेत्रों में विभाजित किया जाएगा, जिसमें शांति, ध्यान और आत्म-चिंतन के विषयों से प्रेरित एक जेन गार्डन और एक मियावाकी वन होगा। राणा ने कहा कि यह पहल महाकुंभ की तैयारियों के दौरान शिवालय और साहित्य पार्कों के विकास के बाद, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पार्कों के केंद्र के रूप में शहर की बढ़ती प्रतिष्ठा का हिस्सा है। शांति, अनुशासन और सद्भाव के साझा मूल्यों को मूर्त रूप देने के लिए डिजाइन किया गया यह पार्क भारतीय कला, संगीत, योग और मंदिर वास्तुकला के साथ-साथ चाय समारोह और इकेबाना जैसी जापानी परंपराओं को भी शामिल करेगा। राणा ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम (विश्व एक परिवार है) और जापान के वा (सद्भाव) के दर्शन को प्रतिबिंबित करते हुए यह पार्क दो प्राचीन सभ्यताओं के बीच गहरे सांस्कृतिक बंधन का प्रतीक होगा।

## उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग में बड़ा फेरबदल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग ने समूह क में पदोन्नति पाने वाले आधे दर्जन शिक्षा अधिकारियों को गुरुवार को नई तैनाती दे दी है। इसमें लखनऊ, बाराबंकी, गोरखपुर, हरदोई आदि जिलों के बीएसए भी शामिल हैं।

❍ लखनऊ, बाराबंकी, गोरखपुर सहित कई जिलों के बीएसए बदले
❍ माध्यमिक शिक्षकों के बड़े पैमाने पर तबादले

हालांकि अभी इनके स्थान पर किसी की तैनाती नहीं की गई है। बेसिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव यतींद्र कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार लखनऊ के बीएसए राम प्रवेश को डायट लखनऊ में उप प्राचार्य, डायट लखनऊ के उप प्राचार्य शिवेंद्र प्रताप सिंह को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल, बाराबंकी के बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक झांसी मंडल, गोरखपुर के बीएसए रमेंद्र कुमार सिंह को डायट हरदोई में उप प्राचार्य, बीएसए पीलीभीती अमित कुमार को डायट कन्नौज में उप प्राचार्य, बीएसए हरदोई विजय प्रताप सिंह को डायट मैनपुरी में उप प्राचार्य बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों के 1549 शिक्षकों को अंततः तबादला मिल गया। यह ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# जनजातीय गौरव को मिली नयी पहचान

## 517 जनजातीय बहुल गांवों में सैचुरेशन आधारित विकास, आवास से आजीविका तक विस्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में जनजातीय समाज के जीवन में जो बदलाव आया है, वह सिर्फ योजनाओं का विस्तार नहीं बल्कि सम्मान और अधिकारों की पुनर्स्थापना की एक बड़ी कहानी है।

लंबे समय तक उपेक्षित रहे इन समुदायों को योगी सरकार ने न केवल मुख्य धारा में जगह दिलाई बल्कि उनकी परंपराओं, जरूरतों और सपनों को शासन की प्राथमिकता बनाया। मुख्यमंत्री की सोच हमेशा यही रही है कि विकास तभी सार्थक है जब वंचितों को वरीयता मिले और अंत्योदय से सर्वोदय का रास्ता खुले।

प्रदेश में थारु, बुक्सा, भोटिया, जौनसारी, राजी, गोंड, बैगा, सहरिया, मुसहर और चेरो जैसी जनजातियों के 11 लाख से अधिक लोगों के जीवन को बदलने के लिए सरकार ने योजनाएं जमीन पर उतारीं। वनाधिकार अधिनियम के तहत आवासीय अधिकार दिए गए, मुख्यमंत्री आवास योजना से



- सरकार ने बदली वंचित समाज की तस्वीर
- थारू हस्तशिल्प कंपनी ने खोले राष्ट्रीय बाजार के दरवाजे, 371 समूहों को मिला आर्थिक संबल

वनवासियों को पक्के घर मिले और पीएम जनमन योजना के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली और दूरसंचार जैसी मूलभूत सुविधाओं को सीधे उनके द्वार तक पहुंचाया गया। खास तौर पर बुक्सा जनजाति के 815 परिवारों को हर सुविधा से संतृप्त कर एक नई मिसाल पेश की गई। 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' और 'धरती आबा जनभागीदारी अभियान' ने जनजातीय इलाकों में विकास की असली तस्वीर बदली।

26 जिलों के 517 गांवों तक पहुंचकर सरकार ने कनेक्टिविटी से लेकर आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला, जनधन, किसान सम्मान निधि और विश्वकर्मा जैसी योजनाओं का सैचुरेशन कराया। सोनभद्र, ललितपुर, कुशीनगर, बलरामपुर से लेकर बिजनौर तक इन गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर लगातार बढ़े हैं। जनजातीय संस्कृति को संजोने पर भी भरपूर जोर दिया गया। बलरामपुर के इमिलिया कोडर में थारू संग्रहालय स्थापित हुआ और मिजार्पुर, सोनभद्र, महराजगंज में नए संग्रहालयों पर तेजी से काम चल रहा है।

थारू समुदाय की कला और कौशल को राष्ट्रीय बाजार दिलाने के लिए लखीमपुर खीरी में थारू हस्तशिल्प कंपनी बनाई गई। इसमें जुड़े 371 समूहों को रिवॉल्विंग फंड और कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड देकर आत्मनिर्भरता की राह दिखाई गई। शिक्षा को जनजातीय उन्नति का आधार बनाते हुए एकलव्य मॉडल स्कूल, सर्वोदय छात्रावास और आश्रम पद्धति विद्यालयों में बच्चों को पूरी सुविधा मिल रही है। लखीमपुर खीरी, बहराइच, सोनभद्र और ललितपुर के एकलव्य विद्यालयों ने दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को नई दिशा दी है। ये पहलें साफ बताती हैं कि योगी सरकार जनजातीय बच्चों की शिक्षा को भविष्य निर्माण का सबसे मजबूत आधार मानती है। मुख्यमंत्री ने बार-बार कहा है कि विकास की असली कसौटी भागीदारी है।

पुलिस भर्ती में आरक्षित सभी सीटें पूरी तरह भरना इसी परिवर्तन का संकेत है। परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र योजना से 700 से अधिक अभ्यर्थियों का चयन, साढ़े 06 हजार युवाओं को प्रशिक्षण और आठ उच्चस्तरीय केंद्रों की स्थापना ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के लिए नई संभावनाएं खोली हैं। विमुक्त और घुमंतू समुदायों को भी सरकार ने बराबर महत्व दिया।

नट, बंजारा, सांसी, कंजर, कालबेलिया जैसे समुदायों के लिए 101 आश्रम पद्धति विद्यालय, 9 सर्वोदय विद्यालय और अनेक छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं। इन समुदायों को सामाजिक सुरक्षा, आवास और आजीविका से जोड़कर सरकार ने उन्हें सम्मानजनक जीवन की राह दी है।

# वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर व आधुनिक कृषि राज्य बनेगा उत्तर प्रदेश : कृषि मंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को कृषि भवन सभागार में विकसित उत्तर प्रदेश@2047 विषय पर आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को पूर्ण विकसित राज्य बनाने के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत@2047 दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने सभी विभागों के लिए दीर्घकालिक योजनाएँ तैयार की हैं। इसी क्रम में कृषि विभाग ने भी एक ठोस कार्ययोजना तैयार की है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाकर उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और टिकाऊ कृषि अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना है।

कृषि मंत्री ने बताया कि विकसित उत्तर प्रदेश/@2047 विषय पर जन संवाद एवं विचार मंथन कार्यक्रम आगामी 17 नवम्बर 2025 को मरकरी हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। इसमें लगभग 300 कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक,



प्रगतिशील कृषक और अधिकारी सहभाग करेंगे। इस कार्यक्रम में नीति आयोग, भारत सरकार के परामर्श से कृषि क्षेत्र का दीर्घकालिक विजन डॉक्यूमेंट-2047 तैयार किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की कृषि उत्पादन क्षमता, निर्यात, प्रसंस्करण और रोजगार सृजन को केंद्र में रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के पास देश की कुल कृषि योग्य भूमि का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा है और यह देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में 21.58 प्रतिशत योगदान देता है। गेहूं, चावल, गन्ना और आलू उत्पादन में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है, जबकि बाजरा, मसूर, राई और सरसों में दूसरा तथा दलहन उत्पादन में चौथा स्थान प्राप्त है। वर्तमान में राज्य में 244.65 लाख मीट्रिक टन आलू (देश का 40.7 प्रतिशत) तथा 423.54 लाख मीट्रिक टन सब्जियों (देश का 19.3 प्रतिशत) का उत्पादन किया जा रहा है। दूध उत्पादन 414 लाख मीट्रिक टन (16.2 प्रतिशत) और मछली उत्पादन 1330 लाख मीट्रिक टन (8 प्रतिशत) तक पहुंच चुका है।

# सख्ती का असर, यूपी में पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी

विशेष संवाददाता (vol)

- अब किसान अपना रहे फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के सख्त निदेशों और सतत मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। राज्य सरकार के सक्रिय प्रयासों से अब किसान फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

मथुरा, पीलीभीत, सहारनपुर, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, कौशांबी, एटा, हरदोई, जालौन, फतेहपुर, महराजगंज, कानपुर देहात, झांसी, मैनपुरी, बहराइच, इटावा, गोरखपुर, अलीगढ़, उन्नाव और सीतापुर जैसे कुल 20 जनपदों में पराली जलाने की घटनाओं में स्पष्ट कमी दर्ज की गई है। इसमें भी एटा, कौशांबी, सीतापुर और उन्नाव जैसे जनपदों में सबसे कम पराली जलाने की घटनाएं हुई हैं। यह स्थिति बताती है कि मुख्यमंत्री योगी के निदेशों का जमीनी असर दिखाई देने लगा है।

योगी ने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित विभागों को निर्देशित किया था कि पराली जलाने की घटनाओं की सेटेलाइट से निगरानी की जाए। साथ ही किसानों को वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक किया जाए। प्रशासन द्वारा किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों, कंपोस्टिंग तकनीक और बायो-डीकंपोजर के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने पराली जलाने वालों के खिलाफ पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति शुल्क तय किया है। इसके अनुसार, दो एकड़ से कम क्षेत्र पर 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ तक 5,000 रुपये, पांच एकड़ से अधिक पर 15,000 रुपये क्षतिपूर्ति शुल्क लगेगा।

# झांसी की वंदना के सपनों को ओडीओपी ने लगाये पंख

## आईआईटीएफ में सॉफ्ट टॉयज की लगाएंगी प्रदर्शनी

विशेष संवाददाता (vol)

**झांसी।** प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन और उत्साहवर्धन ने उत्तर प्रदेश सहित देशभर के बहुत सारे उद्यमियों को आत्मनिर्भरता का रास्ता दिखाने के साथ ही उनके सपनों को भी पंख लगाया है। झांसी की वंदना चौधरी भी इसकी एक मिसाल हैं। वंदना ने ओडीओपी के तहत चार साल पहले प्रशिक्षण लेकर सॉफ्ट टॉयज का काम शुरू किया था। देश के कई शहरों में अपने ओडीओपी उत्पाद को प्रदर्शित कर चुकी वंदना अब 14 नवंबर से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होने जा रहे इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगी। वंदना के अलावा झांसी का प्रतिष्ठित वैद्यनाथ समूह और महाविद्या ई कॉमर्स भी इस ट्रेड



फेयर में हिस्सा लेगा।

आर्थिक और समाजिक रूप से वंचित तबके से ताल्लुक रखने वाली वंदना चौधरी ने 2021 में ओडीओपी के अंतर्गत उद्योग विभाग के माध्यम से सॉफ्ट टॉयज बनाने का प्रशिक्षण हासिल किया। वंदना को इस प्रशिक्षण के बाद एक सिलाई मशीन निःशुल्क प्रदान की गयी। इसके बाद वंदना ने सॉफ्ट टॉयज बनाने और बेचने का काम शुरू किया, जिससे आजीविका की स्थिति बेहतर हुई। प्रयागराज, हरिद्वार सहित कई स्थानों पर आयोजित प्रदर्शनी में वंदना ने अपने द्वारा बनाए गए सॉफ्ट टॉयज का प्रदर्शन किया। वंदना अब अपने सॉफ्ट टॉयज को इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में प्रदर्शित करने जा रही हैं। झांसी से वंदना के सॉफ्ट टॉयज के अलावा अन्य उद्यमियों की भी इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में भागीदारी रहेगी। आयुर्वेद के प्रतिष्ठित समूह वैद्यनाथ, शजर सिल्वर ज्वैलरी बनाने वाले महाविद्या ई-कॉमर्स की भी इस ट्रेड शो में हिस्सेदारी रहेगी। झांसी के उपायुक्त उद्योग मनीष चौधरी ने बताया कि इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में झांसी के उद्यमियों की भागीदारी रहेगी।

# आतंकियों को कठोर से कठोर सजा दी जाये : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश की राजधानी दिल्ली में दो दिन पूर्व हुए आतंकी हमले में मारे गए स्व. दिनेश मिश्रा के आवास ग्राम गणेशपुर मजरा, श्रावस्ती पहुंचकर गुरुवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की है।

इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इस तरह की कायराना



हरकत की पूरा देश आलोचना करता है और ऐस आंतकियों के लिए कठोर से कठोर सजा की मांग करता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई यह आतंकी घटना कहीं ना कहीं सुरक्षा और खूफिया तंत्र पर सवाल खड़ा करती है। राय ने कहा कि आए दिन कोई ना कोई आतंकी घटना देश के किसी ना किसी कोने में हो रही हैं, अभी कुछ दिनों पूर्व उच्च सुरक्षा क्षेत्र पहलगाम में पर्यटकों की हुई निर्मम हत्या का घाव अभी भरा भी नहीं था कि दिल्ली में पुनः एक बार आतंकी घटना में देश के निर्दोष नागरिकों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि इन आतंकी घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए देश के गृह मंत्री अमित शाह जी को अविलंब इस्तीफा दे देना चाहिए। राय ने मीडिया के समक्ष मांग करते हुए कहा कि

- आतंकी हमले में मारे गये स्व. दिनेश मिश्रा के परिजनों से मिलकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने व्यक्त की संवेदना

आतंकी हमले में मारे गए स्व0 दिनेश मिश्रा जी के परिजनों को 50 लाख रुपए की त्वरित आर्थिक सहायता एवं परिवार में किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक धीरेन्द्र सिंह धीरू, निवर्तमान प्रदेश महासचिव अरशद खुर्शीद, मुकेश बहादुर सिंह, अब्दुल्ला शेर खान सहित श्रावस्ती के तमाम नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरोजनीनगर बनेगा संस्कृति और कला का संगम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्मृति उपवन, आशियाना में 19 नवम्बर से लेकर 25 दिसम्बर तक भव्य 'हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के युवा सशक्तिकरण एवं स्थानीय कला-संस्कृति संवर्द्धन के दृष्टिकोण से प्रेरित है। इस महोत्सव में देश के 28 राज्यों की विविध हस्तशिल्प कलाओं का प्रदर्शन, पारंपरिक लजीज व्यंजन, देशी-विदेशी झूले, विशाल सांस्कृतिक मंच, और प्रतिदिन आयोजित होने वाले भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण होंगे। हस्तशिल्प महोत्सव के आयोजक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को भारतीय कला-संस्कृति से जोड़ना, स्थानीय उत्पादों को

- सरोजनीनगर में छायेगा हनी सिंह का रंग, डॉ. राजेश्वर सिंह के आमंत्रण पर करेंगे लाइव शो



राष्ट्रीय पहचान दिलाना और उत्तर प्रदेश को सांस्कृतिक राजधानी के रूप में प्रस्तुत करना है।

हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का सबसे विशेष आकर्षण होगा 22 नवम्बर को देश के प्रसिद्ध युवा आइकन एवं गायक यो यो हनी सिंह का विशेष प्रदर्शन, जो विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के आमंत्रण पर लखनऊ आ रहे हैं। यह एक निःशुल्क सार्वजनिक कार्यक्रम है, जिसमें किसी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि हनी सिंह युवाओं और उत्तर प्रदेश की उन्नति के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए इस कार्यक्रम में प्रो बोनो (निःशुल्क) रूप से भाग लेंगे। आयोजक मंडल के अनुसार, इस दिन लगभग 20,000 से अधिक युवाओं की उपस्थिति की संभावना है।

सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, यो यो हनी सिंह सिर्फ एक कलाकार नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और पुनर्जागरण का प्रतीक हैं। उनकी जीवन-यात्रा यह सिखाती है कि असली ताकत गिरने में नहीं, बल्कि हर बार उठ खड़े होने में है। ऐसे कलाकार युवाओं को अपने भीतर के साहस और क्षमता को पहचानने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि इंस्परेशन थ्रू आर्ट का प्रतीक है, जहां संगीत, संस्कृति और स्वदेशी हस्तशिल्प का संगम एक नई ऊर्जा और उद्देश्य के साथ युवाओं को जोड़ता है।

# प्रदेश में स्मार्ट गवर्नेंस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन से जनता को मिल रहा लाभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को विकसित, समर्थ और सक्षम उत्तर प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध प्रदेश सरकार ने डाटा आधारित गवर्नेंस व डिजिटल इनोवेशन के माध्यम से प्रशासनिक पारदर्शिता की नींव रखी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश स्मार्ट गवर्नेंस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के नए युग में प्रवेश कर रहा है, जहां समावेशी विकास को भविष्य आधारित तकनीकों के इस्तेमाल से धरातल पर उतारा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि चाहें बात स्मार्ट पुलिसिंग की हो, मेडिकल इनोवेशन की हो या फिर एग्रिकल्चरल व एजुकेशनल रिफॉर्म्स की, उत्तर प्रदेश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ ही आधुनिक तकनीक के समावेश से समाज के अंतिम पायदान पर स्थित लोगों तक सरकार की लाभदायक योजनाओं के प्रसार को सुनिश्चित कर रहा है।

प्रदेश में डाटा-आधारित प्रशासन ने सरकारी कामकाज को अधिक पारदर्शी, त्वरित और जवाबदेह बनाया है। वहीं, तकनीक के व्यापक उपयोग से सेवाओं की वास्तविक समय में निगरानी संभव हुई है, जिससे आम नागरिकों को योजनाओं का लाभ सीधे और बिना देरी मिल रहा है। राज्य में स्मार्ट गवर्नेंस के तहत डिजिटल प्रक्रियाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। विभिन्न सरकारी विभागों में ऑनलाइन मॉनिटरिंग, डिजिटल फाइल ट्रैकिंग और डाटा-आधारित फैसलों ने प्रशासनिक दक्षता को नई ऊँचाई दी है। इन पहलों ने ग्रामीण क्षेत्रों तक सेवाओं की सुगमता सुनिश्चित की है, जिससे यूपी देशभर में डिजिटल गवर्नेंस का एक उल्लेखनीय मॉडल बनकर उभरा है।

# कार्यकर्ता मतदाता सूची के एसआईआर को गंभीरता से लें

## सपा अध्यक्ष ने एसआईआर को लेकर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को चेताया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदाता सूची के एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को बहुत गंभीरता और सावधानी से लें। एसआईआर में जो जानकारी मांगी गयी है, उसे दें। हर मतदाता का नाम सूची में जुड़वाएं।

बरेली में एक कार्यक्रम में गुरुवार को शामिल होने के बाद मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओ और आम जनता से अपील की कि सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करायें। किसी का भी वोट कटने न पाये। उन्होंने कहा कि हालांकि इस अभियान की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है कि सभी लोगों का वोट बन जाये, वोटर लिस्ट से किसी का नाम न कटे।

अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली सरल और सिम्पल होनी चाहिए जिससे आम लोगों को कोई परेशानी न हो। क्योंकि हमारा लोकतंत्र आम लोगों की वजह से मजबूत हैं। बहुत लोग गरीब हैं उन्हें बहुत चीजों की जानकारी नहीं है लेकिन चुनाव आयोग अपना काम छोड़कर राजनीतिक दलों को परेशान करने की दिशा में करता है।

उन्होंने कहा कि एसआईआर से डरना नहीं है। डटे रहना है। पार्टी के कार्यकर्ता नेता जनता के बीच जायें। लोगों को एसआईआर के प्रति जागरूक करें। फॉर्म भरवाने में मतदाताओं की मदद करें जिससे वोटर लिस्ट ठीक किया जा सके। कोई भी नाम वोटरलिस्ट में आने से छूटने न पाये। उन्होंने कहा कि सपा नया विजन और न्यू इंडिया को लेकर आगे बढ़ रही है। नई पीढ़ी के लोगों के भविष्य के लिए काम कर रही है। समाजवादी बरेली समेत हर शहर और जिले के लिए चुनाव घोषणा पत्र बनायेगी, जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को काम करने की सहूलियत और सुविधाएं मिल सके। एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार में तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनने जा रहे है, इसमें कोई कन्फ्यूजन नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को प्रदेश और देश के विकास, नौकरी, रोजगार से कोई मतलब नही है। भाजपा जनता को एसआईआर, हिन्दू-मुस्लिम और अन्य मामलों में उलझाकर रखना चाहती है।

उन्होंने कहा कि स्कूली दिनों में हम लोग मिलिट्री स्कूल में हर रोज जन-गण-मन, वंदेमातरम और सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा गीत गाते थे, भाजपा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से लोगों का ध्यान हटाने के लिए कोई न कोई मुद्दा लाती रहती है। भाजपा जनता का भरोसा खो चुकी है। घबराई हुई है।

# प्रदेश के ग्रामीण व स्थानीय उत्पादों को मिलेगा वैश्विक मंच

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर आधारित 44वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले 2025 का आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में 14 से 27 नवंबर तक किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजित किये जा रहे अतंर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान के साथ साझेदार राज्यर के रूप में भाग ले रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन और मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश 44वें अतंर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपनी ह्लोकल टू ग्लोबलह्व की आर्थिक रणनीति को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक व्यापर के केंद्र के तौर पर विकसित करना, साथ ही प्रदेश के स्थानीय उत्पादों की पहुंच वैश्विक बाजार तक स्थापित करना है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश

- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में उत्तर प्रदेश होगा साझीदार राज्य, 343 ओडीओपी स्टॉल एवं 2750 प्रतिभागी लेंगे भाग

सरकार की मंशा इस मेले को राज्य की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना, युवा स्टार्टअप्स और बढ़ती हुई महिला उद्यमिता को प्रदर्शित करने के लिये भी की जाएगी।

भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में उत्तर प्रदेश एक साझीदार राज्य के रूप में शामिल हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकल टू ग्लोबल की मुहीम को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से राज्य के 2,750 से अधिक प्रदर्शक भागीदारी करेंगे। साथ ही इस मेले में 343 स्टॉल ओडीओपी योजना के अंतर्गत स्थापित किए जायेंगे। व्यापार मेले में राज्य की ओर से लगाये जा रहे ओडीओपी स्टॉल्स में आगरा का पेठा, बनारसी हस्तशिल्प, भदोही की कार्पेट, मेरठ के खेल सामान, कानपुर के चमड़े के उत्पाद, फिरोजाबाद के ग्लासवेयर और सहारनपुर की लकड़ी की कलाकृतियों जैसे उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के सामने प्रदर्शित किया जाएगा। आधुनिक पैकेजिंग, डिजिटल मार्केटिंग और सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज के साथ पेश किए जा रहे ये उत्पाद अमेरिका, यूरोप, मध्य पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया के बाजारों में प्रवेश करने की क्षमता रखते हैं। मेले के दौरान विदेशी निवेशकों एवं प्रतिनिधिमंडलों के साथ ओडीओपी उत्पादकों की बी टू बी मीटिंगस का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे राज्य के स्थानीय उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। यूपी सरकार विशेष तौर पर राज्य के युवा स्टार्टअप्स और महिला उद्यमियों को प्राथमिकता दे रही है। उत्तर प्रदेश से लगभग 150 से अधिक युवा स्टार्टअप्स और महिला उद्यमी भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में अपनी नवोन्मेषी पहल पेश करने के लिये भेजे जाएगें। ये स्टार्टअप्स न केवल रोजगार सृजन कर रहे हैं, बल्कि राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रहे हैं। महिला उद्यमियों की भागीदारी न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी प्रतीक हैं, ये महिलाएं गांवों से निकलकर वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रही हैं। मेले में उनके लिए विशेष वर्कशॉप्स और नेटवर्किंग सेशन आयोजित किये जाएंगे, जहां वे निवेशकों और खरीदारों से प्रत्यक्ष जुड़ेंगी। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 के दौरान ओडीओपी उत्पादों के लिए विशेष 'ग्लोबल मार्केट एक्सेस' सेमिनार किए जाएगें साथ ही डिजिटल शोरूम भी निर्मित किये जाएगें, जो भविष्य में निर्यातकों को राज्य की ओर आकर्षित करेंगे। साथ ही ओडीओपी उत्पादों को लेकर विदेशी दूतावासों और व्यापार मंडलों के साथ समझौतों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

# जेईई-नीट जैसी बड़ी परीक्षा में 597 छात्र सफल

## केंद्र सरकार के 7,088 करोड़ के बजट से आदिवासी बच्चों के सपनों को मिल रहा आकार, उत्तर प्रदेश में भी 3 सक्रिय स्कूल

**लखनऊ।** भारत के दूरदराज आदिवासी गावों में अवस्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) ने एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष 2024-25 में इन स्कूलों के करीब 597 छात्रों ने देश की अत्यंत प्रतियोगी मानी जाने वाली जेईई मेन और जेईई एडवांस तथा नीट की परीक्षा में रिकार्ड सफलता हासिल की है। यह एक बड़ी उछाल है क्योंकि इन स्कूलों से उपरोक्त परीक्षाओं में सफल होने वाले छात्रों की संख्या वर्ष 2022-23 में केवल दो हुआ करती थी। इन स्कूलों की यह उपलब्धि इस बात को दशार्ती है की कैसे लक्ष्य आधारित शिक्षा के प्रसार के जरिये भारत की अत्यंत उपेक्षित आदिवासी जनजातियों के जीवन में बदलाव और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान किया जा सकता है।

गौरतलब है की बारहवीं क्लास तक शिक्षा प्रदान करने वाले देश के कुल 230 एकलव्य आदर्श विद्यालयों मे 101 विद्यालयों के छात्रों ने उपरोक्त परीक्षाओं में यह सफलता हासिल की है। देश के दूर-दराज और पिछड़े जनजातीय इलाकों में शिक्षा की रोशनी फैलाने वाला ईकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) कार्यक्रम अब पूरे देश में 722 स्कूलों तक पहुंच चुका है,




जिनमें से 485 सक्रिय हैं। उत्तरप्रदेश में भी इस योजना के तहत 3 स्कूल चल रहे हैं जहां आदिवासी बच्चे न सिर्फ पढ़ाई कर रहे हैं बल्कि अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। यह योजना उनके जीवन में बेहतर उम्मीदों और अवसरों को जोड़ रही है।

केंद्र सरकार ने इस योजना के लिए 2025-26 में 7,088.60 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, ताकि स्कूलों के भवन, शिक्षण व्यवस्था, छात्रावास और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जा सके। साथ ही, छात्राओं और छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह स्कूल न केवल शिक्षा के साधन प्रदान करते हैं, बल्कि बच्चों को आत्मनिर्भर, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जहां पहले पढ़ाई लिखाई से दूर आदिवासी बच्चे बाधाओं का सामना करते थे, वहां आज ईएमआरएस की बदौलत वे बड़े शहरों में होने वाली परीक्षाओं में सफलता पा रहे हैं।

उत्तरप्रदेश के इन स्कूलों में बच्चे निःशुल्क आवासीय सुविधा पाते हैं, जो उनके जीवन को पढ़ाई के अनुकूल बनाती है। उनका पोषण और स्वास्थ्य भी प्राथमिकता है, ताकि वे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। केंद्र सरकार की ये पहल आदिवासी समुदाय को समान शिक्षा का अवसर देने के साथ-साथ उनके सामाजिक उत्थान में भी सहायक है। जनसामान्य की जुबां में कहें तो ये स्कूल उनके लिए वरदान हैं, जो अपनी कठिनाइयों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अपनी पढ़ाई को कभी रुकने नहीं देते। इस योजना के कारण यूपी के आदिवासी बच्चें भी देश के किसी भी कोने में अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम हो रहे हैं।

संक्षेप

## आगजनी व धमकी का आरोप, दी तहरीर

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश में आगजनी व जानलेवा धमकी के आरोप को लेकर पीड़ित ने गांव के ही कुछ आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के बछवल गांव निवासी मुस्लिम पुत्र अजीज मोहम्मद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बारह नंवबर को दोपहर करीब बारह बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ लोग उसके दरवाजे पर आ धमके। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए उसके मड़हे में आग लगा दी और जानलेवा धमकी दी। आगजनी से सामान जल गये व बगल स्थित पौधे भी झुलस गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## युवक के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

प्रतापगढ़। युवक के गायब होने की घटना को लेकर पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के कटरा पूरे सेवकराय, रामपुर बावली निवासी हरिकेश विश्वकर्मा पुत्र बड़ेलाल विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस अक्टूबर को उसका भाई बीस वर्षीय दिलीप पड़ोस के जौदहा मेले पर गया था। उसके घर न लौटने पर परेशान परिजन खोजबीन करने लगे। परिजनो के काफी खोजबीन के बाद भी गायब युवक का कहीं पता नही चला। परेशान पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## ई-रिक्शा की टक्कर में चालक चुटहिल

प्रतापगढ़। ईरिक्शा की आपस में हुई टक्कर से एक चालक चुटहिल हो गया। लीलापुर थाना क्षेत्र के मुल्तानीपुर गांव निवासी किशन ईरिक्शा लेकर प्रतापगढ़ से लालगंज की ओर आ रहा था। रास्ते में लखपेड़ा बाग के समीप चालक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से आ रहे दूसरे ईरिक्शा से टक्कर हो गयी। जिससे दूसरे ईरिक्शा के चालक घरौरा निवासी तौहीद मामूली रूप से चुटहिल हो गया। सूचना पर पहुंची लीलापुर पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि दोनों ईरिक्शा को कब्जे में लेकर थाने लाया गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## विविध कार्यक्रमों में आज शामिल होंगी विधायक आराधना मिश्रा मोना

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर विधानसभा क्षेत्र रामपुरखास आयेंगी। विधायक आराधना मिश्रा मोना दोपहर साढ़े तीन बजे लालगंज नगर स्थित राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज में युवा कल्याण विभाग एवं प्रा0वि0द0 प्रतापगढ़ के तत्वाधान में आयोजित युवा खेलकूद प्रतियोगिता के कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके पूर्व विधायक आराधना मिश्रा पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे पनखरी स्थित आरजी यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में शामिल होंगी। वह दोपहर एक बजे कटरा पुरवारा में रामेश्वर कामता प्रसाद पटेल इण्टर कालेज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में भी शामिल होंगी। इसके बाद अपरान्ह ढ़ाई बजे केशवपुर में रमाकांत मिश्र एवं विशालमूर्ति मिश्र के संयोजन में चल रही श्रीमदभागवत कथा में शामिल होंगी।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय का औचक निरीक्षण




जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को विकास खंड नौगढ़ स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, धेनसा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं, छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, रसोई और छात्रावास की स्थिति का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। इसमें अन्तिमा और नितेष कुमार गुप्ता अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने दोनों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालय में नियमितता और अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है, और किसी भी कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद, जिलाधिकारी ने कक्षाओं में जाकर छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने पढ़ाई, भोजन, आवास और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने छात्राओं से पूछा कि क्या उन्हें समय पर भोजन और आवश्यक सामग्री मिल रही है।

उन्होंने छात्राओं को मेहनत से पढ़ाई करने और भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया !जिलाधिकारी ने रसोईघर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता और मीनू के अनुसार तैयार किए गए भोजन की जांच की, जो मीनू के अनुरूप पाया गया। उन्होंने छात्रावास, निमार्णाधीन अतिरिक्त कक्षाओं और कंप्यूटर लैब का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के अंत में, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि स्वच्छ वातावरण बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि बालिकाओं को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, और इसके लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभानी चाहिए।

## डीएम ने मतदाता पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण किया



सिद्धार्थनगर। गुरूवार को डीएम शिवशरणप्पा जी.एन. ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2025 के तहत मतदाता पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण तहसील नौगढ़ के ग्राम धेनसा स्थित बूथ संख्या 349 और 350 पर किया गया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची के अद्यतन कार्य की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा भरे गए गणना प्रपत्रों की जांच की। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करना और अपात्र नामों को हटाकर मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब के प्रति आगाह किया।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र की दो प्रतियां उपलब्ध कराएं। साथ ही, उन्हें फॉर्म भरने में पूर्ण मार्गदर्शन भी प्रदान करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता स्वयं दोनों प्रतियों को भरकर हस्ताक्षर करें और गणना प्रपत्र में अपना नवीनतम फोटो अनिवार्य रूप से लगाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि बीएलओ मतदाताओं से भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्र करने के बाद उन्हें पावती रसीद अवश्य दें। इससे मतदाताओं को अपने पंजीकरण की पुष्टि मिल सकेगी। जिलाधिकारी ने मतदाताओं से भी अपील की कि वे गणना प्रपत्र जमा करने के बाद प्राप्ति रसीद लेना सुनिश्चित करे ! जिलाधिकारी ने सभी गणना प्रपत्रों को समय पर ऑनलाइन कराने का निर्देश दिया, ताकि अद्यतन कार्य पारदर्शी और त्रुटिरहित रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने वाली एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से न छूटे और कोई भी अपात्र नाम सूची में न रहे। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अंत में सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक सटीक मतदाता सूची ही निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनाव प्रक्रिया की आधारशिला होती है।

## प्रभारी मंत्री ने जतायी संवेदना, दिया सहयोग का भरोसा



श्रावस्ती। प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल आज एक दिवसीय दौरे पर श्रावस्ती पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दिल्ली बम ब्लास्ट हादसे में स्वर्गवासी हुए ग्राम गणेशपुर, विकास खण्ड इकौना निवासी स्व0 दिनेश मिश्रा पुत्र भूरे मिश्रा के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मंत्री के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी भी मौजूद रहे। सभी ने मृतक के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रभारी मंत्री अग्रवाल ने मृतक के पिता को ढांढस बंधाते हुए कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार द्वारा हर संभव सहायता व आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी, ताकि परिवार को राहत मिल सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी इकौना पीयूष जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में पारदर्शिता की नयी पहल




श्रावस्ती। हर परिवार को छत, हर हकदार को सम्मान के संकल्प को साकार करने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में अब पारदर्शिता और जवाबदेही का नया अध्याय जोड़ा गया है। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई इस नई व्यवस्था के तहत अब प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच लोकपाल करेंगे। नई पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि योजना का लाभ केवल पात्र और जरूरतमंद परिवारों को ही प्राप्त हो। अब हर लाभार्थी की सूची, निर्माण कार्य की गुणवत्ता और धनराशि के उपयोग की निष्पक्ष समीक्षा की जाएगी। इससे भ्रष्टाचार, पक्षपात और अनियमितताओं पर रोक लगेगी तथा योजना की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता बढ़ेगी। जनपद श्रावस्ती में इस कार्य की जिम्मेदारी लोकपाल शुभांक श्रीवास्तव को दी गई है। कोई भी व्यक्ति योजना से जुड़ी शिकायत या जानकारी सीधे लोकपाल कार्यालय, विकास भवन, कक्ष संख्या-02 में जाकर दे सकता है। इसके अतिरिक्त सी.यू.जी. नम्बर 8188067737 या 9984880225 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। लोकपाल कार्यालय के अनुसार इस पहल का प्रमुख उद्देश्य जनता का हक, जनता तक – बिना किसी भेदभाव केह्व सुनिश्चित करना है। अब प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हर घर की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता और लाभार्थी चयन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रूप से जांची जाएगी, जिससे वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को समय पर और सम्मानपूर्वक अपना घर मिल सके।

## सुरेन्द्र सिंह बने मेंहदावाल थाने के नये थानाध्यक्ष



मेहदावल/संतकबीरनगर- पुलिस अधीक्षक ने कई नि0 व उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गए, जिससे तेजतर्रार व कार्यक्षमता के धनी सबइंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह को मेहदावल थानाध्यक्ष के रूप में थाने की कमान सौंपी गई, थाना मेहदावल के नवागत थानाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह के चार्ज लेने के उपरांत जहां एक ओर भारी संख्या में पुलिस कर्मियों एवं गणमान्य नागरिकों शुभचिंतकों द्वारा बधाई देने वालो का तांता लगा रहा, वहीं थानाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह को मिले दायित्वों के निर्वहन हेतु तत्परता पूर्ण माहौल में क्रियाशील थानाध्यक्ष ने थाना परिक्षेत्र के आसामाजिक तत्त्वों के गतिविधियों का सघन चेकिंग निरीक्षण जांच जारी होने व पुलिस सक्रियता के चलते आसामाजिक तत्त्वों की नींद हराम हो गयी है , विदित हो मेहदावल थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सिंह ने इसके पूर्व दर्जनों घटनाओं का अनावरण कर आसामाजिक तत्त्वों को सलाखों के पीछे तक पहुंचाया है जिसमें हत्या लूट चोरी आदि गम्भीर वारदात शामिल रहे। नवागत थानाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह का भरसक प्रयास होगा कि पुलिस अधीक्षक के आदेश का अक्षरसह अनुपालन में अपराध पर अंकुश व कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाएं रखने सहित कानून का राज कायम रखना प्राथमिकता में होगा।

## डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने सीएचसी शोहरतगढ़ का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शोहरतगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा सर्वप्रथम उपस्थिति पंजिका को देखा गया। मनोज कुमार, सोनू तथा सुनील दत्त शर्मा अनुपस्थित थे। जन औषधि कक्ष, औषधि भण्डारण कक्ष एवं औषधि वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष, एक्स-रे कक्ष, जनरल वार्ड, प्रयोगशाला आदि को देखा गया। प्रयोगशाला में जिलाधिकारी द्वारा पूछताछ किया गया। मातृ सुरक्षा केन्द्र कक्ष का निरीक्षण किया गया। 25 गर्भवती महिलाओं का एचआरपी हुआ है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओ से फीड बैक प्राप्त करें। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रसव पश्चात दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि उनके खाते में धनराशि प्रेषित कराना सुनिश्चित करे। इसके साथ ही पूरे स्वास्थ्य केन्द्र परिसर का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने खुले में रखे ट्रान्सफार्मर को जाली लगाने हेतु निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एमओआईसी शोहरतगढ़, संबधित डाक्टर व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संयुक्त सचिव ने वन स्टॉप सेंटर व एनआरसी का निरीक्षण



श्रावस्ती। भारत सरकार के महिला कल्याण विभाग की संयुक्त सचिव प्रीति पंत दो दिवसीय दौरे पर श्रावस्ती पहुंचीं। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने उनका स्वागत किया। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कानूनी, चिकित्सा एवं परामर्श सेवाओं की समीक्षा की। स्वच्छता व सुरक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, साथ ही कुछ सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति एवं बाल संरक्षण इकाई का निरीक्षण कर स्टाफ की तैनाती और कार्यप्रणाली को बेहतर करने के निर्देश दिए। गुरुवार को उन्होंने संयुक्त जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का भी निरीक्षण किया। बच्चों से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और एनआरसी में बेड के सापेक्ष शत-प्रतिशत भर्ती सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा० ए०के० सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० राजपाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मो० मुमताज, जिला कार्यक्रम अधिकारी पी०के० दास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेवा सीएचसी पर आशा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई

सिद्धार्थनगर- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बेवा के सभागार में गुरुवार को संगिनी और आशा कार्यकताओं की मासिक क्लस्टर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ. विकास चौधरी ने की, जिसमें सभी आशा और संगिनी कार्यकताओं ने भाग लिया। इस क्लस्टर बैठक में बीसीपीएम वीरेन्द्र कुमार यादव ने पिछले एक माह में आशा कार्यकताओं और संगिनी द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के उपरांत उन्होंने आवश्यक सुधारों के लिए निर्देश जारी किए। यादव ने टीकाकरण कार्यक्रम, टीबी उन्मूलन, मलेरिया की रोकथाम और कुष्ठ रोगियों की खोज सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों में आ रही समस्याओं और चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में यूनिसेफ शोएब अख्तर , अल्पना त्रिपाठी, सूर्य देव सिंह, संगिनी अनीता पांडेय, राज श्री, बेबी नसरीन, संगीता, परमेश्वरी, उषा और प्रेम शीला सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष के स्वास्थ्य लाभ को लेकर अधिवक्ताओं ने किया हवन पूजन



प्रतापगढ़। जिले के अधिवक्ताओं ने गुरूवार को आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी के मीडिया प्रभारी मुक्तेश्वरनाथ ओझा मुक्कू के स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर हवन पूजन किया। हवन पूजन में शामिल साथियों ने अधिवक्ता मुक्कू ओझा के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ को लेकर सामूहिक प्रार्थना भी की। हवन पूजन का संयोजन रूरल बार के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा व जूनियर बार एसोसिएसन के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र ने किया। इधर एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी महेश तथा प्रदेश प्रभारी विकास मिश्र ने प्रयागराज के शांती विलास हास्पिटल पहुंचकर वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्कू ओझा के स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली। इस मौके पर उपाध्यक्ष शक्ति सिंह, आशीष श्रीवास्तव, सचिंद्र सिंह, दीपक उपाध्याय, शिवम सिंह, विवेक शुक्ला, आलोक सिंह, लालता प्रसाद मिश्र, लहरी हरिशंकर पुरी, प्रणव त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, उत्तम सिंह, जितेंद्र सिंह भोले, विजयकांत मिश्रा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## 23 वें अखिल भारतीय मेले का मेरठ में हुआ उद्घाटन

जिला संवाददाता

मेरठ। गुरुवार को शास्त्रीनगर स्थित बालेराम ब्रजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 23वें अखिल भारतीय विज्ञान मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक (उपमुख्यमंत्री, उत्तरप्रदेश सरकार) ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मंचासीन अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार शर्मा ने कराया। विज्ञान मेले की प्रस्ताविकी श्री नगेन्द्र पाण्डेय (अखिल भारतीय विज्ञान संयोजक) ने प्रस्तुत की। इस अखिल भारतीय विज्ञान मेले में पूरे देश से 473 बाल वैज्ञानिक प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष श्री वरूण अग्रवाल (एम०डी०, एडिको प्राइवेट लिमिटेड), अति विशिष्ट अतिथि श्री कृष्ण गोपाल (सह सर कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), विशिष्ट अतिथि सोमेन्द्र तोमर (उर्जा राज्य मंत्री, उत्तरप्रदेश सरकार), विशिष्ट अतिथि प्रो० रविन्द्र कान्हरे (राष्ट्रीय अध्यक्ष, विद्या भारती) रहे। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुये रविन्द्र कान्हरे ने कहा कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के द्वारा समस्त देश में 23000 विद्यालय चल रहे हैं। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते है उनमें से विद्यार्थियों में विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हो इसलिये यह विज्ञान मेला आयोजित किया जा रहा है। जिससे आज के ये बाल वैज्ञानिक भविष्य के महान वैज्ञानिक बन सकें।




मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुये ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दे रहे है। इन विद्यालयों के परीक्षा परिणाम अन्य विद्यालयों की अपेक्षा बेहतर रहते हैं। अति विशिष्ट अतिथि कृष्ण गोपाल ने बोलते हुए कहा कि विज्ञान मेला इन वैज्ञानिकों के अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच है। इससे इन्हें आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी। अध्यक्षीय आशीर्वचन वरूण अग्रवाल ने प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जगबीर शर्मा (सम्भाग निरीक्षक) ने किया। इस अवसर पर मनमोहन गुप्ता, डा० आशीष अग्रवाल, डा० विनोद अग्रवाल, डा० सुधांशु अग्रवाल, श्री राजेन्द्र अग्रवाल (पूर्व सांसद), श्री अरूण जिंदल आदि उपस्थित रहे।

## यातायात माह में चला जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान



श्रावस्ती। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के आदेशानुसार यातायात माह के तहत पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी यातायात भरत पासवान के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात मो0 शमीम द्वारा जनपद के जनता इंटर कॉलेज पटना खरगौरा में छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को राह-वीर योजना की जानकारी दी गई तथा उन्हें हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और नशामुक्त ड्राइविंग जैसे नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों को यातायात सुरक्षा से संबंधित पम्पलेट भी वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त जनपद में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर बिना नम्बर प्लेट वाले ट्रक, डम्पर आदि के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई। चौराहों, तिराहों व बाजारों में आमजन को जागरूक किया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही भी की गई।

## भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता की कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर



प्रतापगढ़। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अर्न्तगत कोठार मंगोलपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर गुरूवार को कथाव्यास ओमानंद जी ने सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष की कथा विस्तार से सुनाई। भागवत कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर दिखे। मुख्य आयोजक डा0 हरिश्चंद्र के संयोजन में चल रही कथा में कथाव्यास ओमानन्द जी महराज ने श्रीकृष्ण सुदामा मित्रता की कथा सुनाते हुए कहा कि इनकी सच्ची मित्रता निःस्वार्थ प्रेम और भक्ति का मजबूत संदेश दिया करती है। कथाव्यास ओमानंद जी महराज ने कहा कि पत्नी के कहने पर सुदामा अपने बालसखा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। मित्र सुदामा के आने का संदेश सुनकर भगवान श्रीकृष्ण नंगे पांव दौड़ पड़े। कथाव्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण जी ने अपने महल में बालसखा सुदामा का आवभगत किया और सुदामा द्वारा लाये गये दो मुट्ठी चावल को खाकर बदले में उन्हें दो लोक प्रदान कर दिया। कथाव्यास ओमानंद जी महराज ने राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा को सुनाते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण से मनुष्य के लिए मोक्ष का मार्ग प्रशस्त हुआ करता है। आयोजक डा0 हरिश्चंद्र शुक्ल व सरोज शुक्ला ने वैदिक मंत्रोचार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। आयोजन समिति के विशम्भरनाथ शुक्ल, प्रतीक शुक्ल ने महाप्रसाद वितरण कराया।

# इंजीनियर एसोसिएशन ने सीएम से की शिकायत

## ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार से मुलाकात पर भड़के विधायक

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर शोहरतगढ़ विधानसभा के विधायक विनय वर्मा और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता कमल किशोर के बीच विवाद गहराता जा रहा है। मामला उस समय गरमा गया जब विधायक ने अभियंता को एक ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार के साथ सरकारी विश्राम गृह में देखा और फेसबुक पर लाइव आकर अधिकारी को धमकियां दीं। जानकारी के मुताबिक, 11 नवंबर की शाम विधायक विनय वर्मा अचानक सिद्धार्थनगर के सरकारी रेस्ट हाउस पहुंचे। वहां उन्होंने अधिशासी अभियंता कमल किशोर को एक ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार और लखीमपुर खीरी के एक अन्य अभियंता के साथ



चाय पीते देखा।इस दृश्य को देखकर विधायक वर्मा आक्रोशित हो गए और मौके पर ही फेसबुक लाइव कर दिया। लाइव वीडियो में उन्होंने अभियंता पर भ्रष्टाचार और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए और कहा–ह्लजूता मारूंगा, नंगा घुमाऊंगा।ह्व विधायक का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद यह मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया।लाइव में विधायक ने कहा कि अधिशासी अभियंता उनके क्षेत्र की सड़कों के एस्टीमेट और योजनाओं को जानबूझकर रोक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।विधायक विनय वर्मा ने बताया कि उन्होंने कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग से अपने विधानसभा क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत, स्वीकृत परियोजनाओं और खर्च की जानकारी मांगी थी, लेकिन अभियंता की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया।विधायक का कहना है कि अधिशासी अभियंता न तो उनसे मिलते हैं और न ही उनके निदेर्शों पर अमल करते हैं। विधायक के लाइव में प्रयोग किए गए आपत्तिजनक शब्दों को लेकर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने कड़ा विरोध जताया है।एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अधिकारियों का सार्वजनिक अपमान अस्वीकार्य है।फिलहाल, यह मामला प्रशासन और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। विभागीय अधिकारियों ने कहा है कि पूरे प्रकरण की रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है।

## अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक की मांग को लेकर रूरल बार का प्रदर्शन



प्रयागराज। अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक को लागू कराने की मांग को लेकर गुरुवार को आल इंडिया रूरल बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सदर तहसील गेट के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ला एवं राष्ट्रीय महामंत्री अनिल तिवारी महेश के नेतृत्व में वकीलों ने सरकार से अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ठोस कानून बनाने की मांग की। ज्ञानप्रकाश शुक्ला ने बताया कि प्रयागराज प्रतापगढ़ समेत देशभर में अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक का पारित होना आवश्यक है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी 1 दिसंबर से शुरू होने वाले संसद सत्र के दौरान नई दिल्ली स्थित संसद भवन के सामने रूरल बार एसोसिएशन तगड़ा विरोध प्रदर्शन करेगा। महामंत्री अनिल तिवारी महेश ने कहा कि अधिवक्ताओं से सघन संपर्क अभियान चलाकर पूरे प्रदेश में इस मुहिम को गति दी जाएगी। उन्होंने यूपी बार काउंसिल चुनाव में उन प्रत्याशियों को समर्थन देने की अपील की जो अधिवक्ता सुरक्षा कानून के पक्षधर हैं। प्रदर्शन की अध्यक्षता संजय ओझा ने की जबकि संचालन विकास मिश्र ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता रत्नेश शुक्ला हृदय नारायण पांडेय पीयूष पांडेय अंकित सिंह सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

संक्षेप

## ट्रैक्टर की चपेट में आकर लेबर की दर्दनाक मौत

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा परमेश्वरपुर के टोला बनसप्ती के पास ईट भट्ठे पर काम करने वाले लेवर की टैक्टर के चपेट में आ जाने से घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार को लगभग तीन बजे के आसपास ग्राम सभा परमेश्वरपुर के टोला बनसप्ती गाँव के पास संचालित राजेश मार्का ईट भट्ठे पर काम करने वाला मजदूर, जो ग्राम सभा हाडू जिला राजी झारखण्ड का रहने वाला था, ईंट भट्ठे के टैक्टर पर बैठ कही जा रहा था। अभी भट्ठे से कुछ दूरी पर पहुंचा ही था कि अचानक टैक्टर के नीचे गिर जाने पर टैक्टर की पीछे की पहिया उसके सिर पर चढ गया। जिससे घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। अगल बगल के लोगो के लोगो के अनुसार मृतक नशे में था। पुलिस ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर पी यम के लिये भेज दिया है।

## एक दिन पहले गायब हुए युवक का नदी में मिला शव

गोरखपुर। बड़हलगंज क्षेत्र के खड़ेसरी गांव निवासी 50 वर्षीय पन्नेलाल का शव नदी से बरामद कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनो ने बताया कि बुधवार की शाम से पन्नेलाल गायब थे। वह कस्बे में कपड़े की फेरी लगाते थे। रात में वह नहीं लौटे। गुरुवार की सुबह खड़ेसरी गांव के सरयू नदी के किनारे ग्रामीणों ने पन्नेलाल का मोबाइल व शर्ट देखकर शोर मचाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बरामद कर लिया। मृतक पन्नेलाल पांच भाईयों में सबसे बड़े थे, मृतक अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र छोड़ गए हैं।

## महिला का अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप, केस दर्ज

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला का अश्लील फोटो एक मनबढ़ युवक फेसबुक व उसके पति के मोबाईल पर भेज कर वायरल करने का मामला प्रकाश में आया है।पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई।पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपित युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता द्वारा पुलिस को सौंपी तहरीर में लिखा है कि शादी से पहले मेरे मायके में मेरे घर पर मेरे गांव का एक युवक आता जाता था।पीड़िता का आरोप है कि मनबढ़ युवक चोरी छिपे उसका अश्लील फोटो खींच लिया और फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए मेरे साथ गलत कार्य करना चाह रहा था।पीड़िता शादी के बाद जब अपने ससुराल चली गई और अपने पति के साथ रह कर अपना जीवन यापन करने लगी।पीड़िता का आरोप है कि उसके मायका का रहने वाला मनबढ़ युवक एक फेक आईडी बनाकर मेरा अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया और अश्लील फोटो मेरे पति के मोबाईल पर भी भेज दिया।पीड़िता का फोटो वायरल होने से लोक लज्जा से उसके विवाहिक जीवन पर संकट आ गया है और रिश्ता टूटने की कगार पर है।पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर मनबढ़ युवक के विरुद्ध केस दर्ज करने की मांग किया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित युवक शक्ति सिंह पुत्र रवि सिंह के खिलाफ धारा 506,509 व 67 आई.टी. एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले में आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दिया है।

# ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

- बुधवार को सड़क दुर्घटना में हो गई थी गजपुर निवासी आकाश की मौत
- तीन घंटे जाम रहा गजपुर-रुद्रपुर-गगहा मार्ग
- उपजिलाधिकारी बांसगांव, क्षेत्राधिकारी बांसगांव की उपस्थिति में लाठीचार्ज कर भीड़ को किया तितर-बितर



जिला संवाददाता

**गगहा,गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के गजपुर बाजार निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में बीती रात मौत होने के बाद गुरूवार को ग्रामीणों ने सीयर मोड़ पर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।मौके पर पहुंची पुलिस-प्रशासन के मनाने के बावजूद जाम नही हटाने और हंगामा करने पर पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर कर जाम खुलवाया। जानकारी के मुताबिक, गजपुर बाजार निवासी आकाश वर्मा की बुधवार को हुए सड़क दुघर्टना में मौत हो गई थी। जिसको लेकर गुरूवार को गजपुर बाजार में दुकानें बंद रहीं। व्यापार मंडल गजपुर की अपील पर व्यापारी अपने प्रतिष्ठान को बंद कर सियर चौराहे पर एकत्रित होने लगे।दोपहर में 12 बजे के लगभग भीड़ ने गजपुर-रुद्रपुर व गजपुर-गगहा मार्ग को जाम कर दिया।सड़क जाम होने की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गगहा अंजुल चतुर्वेदी, क्षेत्राधिकारी बांसगांव अनुज कुमार सिंह व उपजिलाधिकारी बांसगांव प्रदीप कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने जाम लगाकर प्रदर्शन कर रहे लोगों से वार्ता की, लेकिन बात नहीं बन सकी?। घंटो बाद भी जाम नही खुलने व हंगामा बढता देख अपराह्न पौने तीन बजे पुलिस ने बल प्रयोग खर भीड़ को तितर-बितर कर जाम खुलवाया तथा पुलिस ने धरने पर बैठे भाजपा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विकास सिंह श्रीनेत को हिरासत में ले लिया। तीन बजे पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी भी मौके पर पहुंचे। देर शाम तक सियर चौराहे पर पुलिस बल तैनात रही।

सियर चौराहे पर सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन के समक्ष पांच सूत्रीय मांग रखी।जिसमें गजपुर चौकी इंचार्ज का निलंबन, ट्रालर को जब्त कर चालक की गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, गजपुर-गगहा मार्ग पर ट्रालरों के आवागमन पर प्रतिबंध, सड़क पर संवेदनशील स्थानों स्पीड ब्रेकर बनाना शामिल था। उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी से धरनारत लोगों की कई चक्र वार्ता चली। बात न बनने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ हटाया। धरना प्रदर्शन में महिलाएं व युवतियां भी पहुंची थी।

## थाना परिसर में युवक को बंदर ने काटा

गगहा,गोरखपुर। गगहा थाना परिसर में देर शाम एक युवक को बन्दर ने पीठ पर काट लिया। घायल युवक को मौके पर मौजूद लोग तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले गए।थाना क्षेत्र के सीयर मोड़ पर गुरुवार को सडक जाम किये ग्रामीणों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर लोगों को तितर बितर करते हुए भाजपा नेता विकास सिंह को थाना पर ले आई। जानकारी होने पर लोग गगहा थाना पर पहुंचे थे।थाना परिसर में शाम करीब साढ़े छह बजे खजुरी निवासी शिवेंद्र शाही को बन्दर ने पीठ पर काट लिया।

## थ्रेसर से मड़ाई के दौरान मजदूर घायल

चकरनगर, इटावा। तहसील क्षेत्र के एक गांव में बुधवार शाम को थ्रेसर से बाजरा की मड़ाई करने के दौरान एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्वजन आनन फानन में ग्वालियर के एक निजी अस्पताल ले गया, जहां पर उपचार जारी बताया गया है। तहसील चकरनगर के गांव हनुमंतपुरा निवासी 55 वर्षीय रामबरन बुधवार शाम को थ्रेसर से बाजार की मड़ाई के लिए एक किसान के खेत पर गए थे। इसी दौरान थ्रेसर से बाजरा निकालते समय उनका हाथ अचानक से थ्रेसर घुमाने के लिए लगी पटी में फंस गया। जिससे वृद्ध के गुप्तांग में गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग घायल को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकरनगर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन घायल की हालत देखते हुए स्वजन वृद्ध को उपचार के लिए ग्वालियर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सहसों अलमा अहिरवार ने बताया कि अभी तक इस घटना के संबंध में जांनकारी नहीं है, प्रार्थना पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मां नारायणी के छात्रों को दी गई साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी



जसवंतनगर, इटावा।मां नारायणी इंटर कॉलेज में गुरुवार को साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, पासवर्ड सुरक्षा और सोशल मीडिया पर सावधानी बरतने के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम में साइबर सेल अधिकारी आदित्य यादव, प्रतीक कृ साइबर सिक्योरिटी कंसल्टेंट एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बैंगलोर और अंजली यादव, साइबर सिक्योरिटी कंसल्टेंट ऑप्टिन सिक्योरिटी, बैंगलोर ने छात्रों को साइबर अपराध से बचने के व्यवहारिक उपाय बताए। विशेषज्ञों ने बताया कि इंटरनेट पर किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अपने निजी डेटा को किसी अजनबी के साथ साझा न करें। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी भी दी, जिससे ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत की जा सकती है। इस दौरान कॉलेज प्रबंधक एडवोकेट भुजवीर सिंह यादव और डायरेक्टर मोहित सन्नी यादव ने साइबर विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने की सीख देते हैं। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कुलपति ने हाइपरटेंशन क्लीनिक का शुभारंभ किया



सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस, सैफई के मेडिसिन विभाग में हाइपरटेंशन क्लीनिक का शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह के कर-कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर कुलपति ने कहा कि हाइपरटेंशन या उच्च रक्तचाप एक मौन घातक रोग है, जिसके लक्षण अक्सर नजर नहीं आते, किंतु इसके परिणाम गंभीर और जीवन के लिए खतरा बन सकते हैं। ऐसे में जागरूकता और समय पर उपचार ही इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ मनोज कुमार ने बताया कि कि आंकड़ों के अनुसार, यह बीमारी 30 प्रतिशत वयस्क आबादी को प्रभावित करती है, जिसमें से 60 प्रतिशत से अधिक लोगों को इसका पता ही नहीं चलता, और केवल 20 प्रतिशत लोगों का रक्तचाप नियंत्रित रहता है। लक्षणों की अनुपस्थिति के कारण लोग इसे सामान्य समझकर उपेक्षित कर देते हैं, जिससे जोखिम बढ़ जाता है। इसके प्रमुख दुष्प्रभावों में स्ट्रोक, हृदयाघात हार्ट अटैक, किडनी फेल्योर और दृष्टि संबंधी विकार शामिल हैं। हाइपरटेंशन क्लिनिक का उद्देश्य उच्च रक्तचाप से ग्रसित रोगियों की नियमित जांच, परामर्श एवं समुचित उपचार के माध्यम से समय रहते जटिलताओं को रोकना और मृत्यु दर को कम करना है। यह क्लिनिक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दोपहर 2 से 4 बजे तक मेडिसिन विभाग के कमरा संख्या-19 में संचालित की जाएगी।

# धान काटने के विवाद में ट्रैक्टर से कुचला, एक की मौत, तीन घायल



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा जंगल मठिया में वृहस्पतिवार की सुबह करीब दस बजे धान का खेत काटने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के बाद एक पक्ष ने ट्रैक्टर से दूसरे पक्ष के युवक को कुचल दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तथा युवक की एम्स में मौत हो गई। शेष तीन गंभीर रूप से घायल हो गए जिसका एम्स में इलाज चल रहा है। ग्राम जंगल मठिया निवासी व घायल रामगोपाल पासवान ने बताया कि 2004 मे गगड़ा निवासी रोशन सिंह के पट्टीदार कुशीनगर जनपद के हाटा कोतवाली के ग्राम डुमरी मलाल निवासी राम प्रसाद,गोपी जगदीश आदि से जमीन खरीदा था। बुआई जुताई करता था। उसी भूमि में आधा जमीन रोशन सिंह अपने नाम करवा लिया। खेत मे धान की फसल लगी थी। बताते है कि उस भूमि की पैमाइश तहसील प्रशासन ने किया था। लेकिन धान की रोपनी गोपाल पक्ष ने करवा दिया था। रामगोपाल पासवान ने बताया था कि खेत काटने के बाद मेड़बंदी करवा ले। रोशन सिंह की खरीदी भूमि पर खेत काटने चले गए। उसी दौरान 65 वर्षीय रामगोपाल पासवान उनके पुत्र 32 वर्षीय विपिन 40 वर्षीय मार्कण्डेय व 22 वर्षीय अखिलेश रोकने गए। ट्रैक्टर से खेत जोतने लगा। जब सभी ने रोका तो रोशन सिंह अपना ट्रैक्टर



लेकर दौड़ा लिया। चार लोगों को ट्रैक्टर से टक्कर मारा। जिसमे 40 विपिन पासवान की मौत हो गई। घटना की सूचना पर सीओ मनीष कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा व पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के बादआरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को रवाना किया। रामगोपाल पासवान का सर फट गया है। सीएचसी चौरीचौरा में इलाज चल रहा है।

## ओयो होटल से लौटी किशोरी की बिगड़ी तबीयत

इटावा। शहर कोतवाली क्षेत्र के नुमाइश चैराहा स्थित बाइस ख्वाजा रोड पर बने एक ओयो होटल में बुधवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक महिला अपनी बेटी की बिगड़ी हालत की जानकारी मिलने पर वहां पहुंची और हंगामा शुरू कर दिया। किशोरी अपनी दो सहेलियों के साथ उक्त होटल गई थी। कुछ देर बाद जब वह घर लौटी तो अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने जब उसे संभालने की कोशिश की तो उसने उल्टियां करनी शुरू कर दीं। घबराई मां ने जब बेटी से पूछताछ की तो किशोरी ने बताया कि उसने होटल में अपनी सहेलियों के साथ कोल्डड्रिंक पी थी, जिसके बाद उसकी तबीयत खराब हो गई। बेटी की बात सुनते ही मां गुस्से में तुरंत होटल पहुंची और वहां हंगामा करने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने महिला और उसकी बेटी को थाने बुलाकर पूछताछ की। कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि किशोरी की तबीयत बिगड़ने की वजह क्या थी और कोल्डड्रिंक में कोई संदिग्ध चीज तो नहीं मिलाई गई थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी होटल प्रबंधन को लेकर नाराजगी देखी गई है।

# मॉकड्रिल में एनडीआरएफ ने मनवाया अपने जज्बे का लोहा

जिला संवाददाता



सरहरी,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र अन्तर्गत नकहा रेलवे स्टेशन पर गुरूवार को रेलवे ने सुरक्षा एवं बचाव को लेकर माकड्रील किया। माकड्रील में रेलवे द्वारा घटना की सूचना मिलते ही जिले के सभी विभागों ने तत्परता दिखाते हुए घटना स्थल पर पहुंच, अपने-अपने जिम्मेदारियों को बखूबी संभालते हुए सुरक्षा के साथ राहत एवं बचाव कार्य का

प्रदर्शन किया। जहां राहत एवं बचाव को लेकर एनडीआरएफ टीम की सेवा कार्य को सभी ने सराहा।

बृहस्पतिवार को लगभग 11 बजे के आसपास जिले के कन्ट्रोल रूम से सूचना प्रसारित की गयी कि नकहा रेलवे स्टेरान के रेलवे ट्रैक पर यात्री गाड़ी की एक बोगी का पहिया डीरेल हो जाने की वजह यात्री घायल होकर फस गये है सूचना पर थाना चिलुआताल के थानाध्यक्ष अपने दल बल के साथ पहुच जानकारी ली। साथ ही आरपीएफ एवं जीआरपी पुलिस के अधिकारी भी अपने दल बल के साथ पहुच गये। एनडीआरएफ की टीम तत्काल बोगी का छत काट बोगी में फंसे लोगो को अपने आधुनिक तकनीक से बाहर निकालकर सूचनापर पहुंची 108 नंबर की एम्बुलेस से इलाज के लिये भेज दिया। रेलवे विभाग की भी आपदा प्रबंधन टीम भी पहुंच तत्काल अपने जैक लगा पटरी से उतरे पहिए को ट्रैक पर चढ़ा कर बोगी का साइड खिड़की को काट कर अन्दर फसे लोगो को स्टेक्चर पर लाद कर बाहर निकलवाया। उक्त माकड्रील में रेलवे के इन्जिनियरिंग बिमाग के चीफ पी डब्लू आई राजाराम यादव , पी डब्लू आई राकेश कुमार यादव, सीनियर एडीए वेस्ट गोरखपुर राहुल गुप्ता अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। सिंगनल विभाग के एसएसएफ आशीष श्रीवास्तव एवं मुकेश गुप्ता के साथ ही टेलीकाम बिभाग के बिनय शंकर मौजूद रहे। जी आर पी के एमसी दूबे अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। उक्त माकडिल में 108 न० की लगभग आधा दर्जन एम्बुलेन्स के साथ ही 112 न० की भी टीम मौजूद रही घायलो के इलाज के लिए रेलवे चिकित्सालय की चिकित्साटीम भी अपने एम्बुलेन्स के साथ पहुंची थी।

## एसडीएम ने चकरनगर बूथ का किया निरीक्षण

चकरनगर, इटावा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को एसडीएम ब्रह्मानन्द सिंह कठेरिया व तहसीलदार विष्णुदत्त मिश्र ने जवाहर इंटर कॉलेज बूथ का निरीक्षण किया। एसडीएम ने मौजूद लोगों से कहा कि प्रत्येक गांवों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।जिन परिवारों में कोई नया सदस्य जिसने एक जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है।उसका नाम सूची में जोड़ा जाएगा और जो मृत हो गए उनका काटा जाएगा।

## सक्रिय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार, एक फरार



जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र में बढ़ती साइबर ठगी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सीओ आयुषी सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने उनके पास से चार मोबाइल फोन, एक नकली पिस्तौल, एक स्विफ्ट डिजायर कार और 500 नगद बरामद किए हैं। गिरोह का सरगना आलोक परिहार इटावा निवासी बताया जा रहा है। 9 नवंबर को जिला औरैया के नारायणपुर निवासी शिवम आर्य सिंह के साथ ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए ठगी की गई थी। आरोपियों ने गेम के माध्यम से संपर्क कर उसे भरथना चैराहे पर चाय पीने के बहाने बुलाया। मौके पर पहुंचे शिवम को स्विफ्ट डिजायर कार में बैठा लिया गया, जिसमें पहले से ही तीन युवक मौजूद थे। रास्ते में उसके साथ मारपीट की गई और नकली गन दिखाकर मोबाइल फोन छीन लिया गया। इसके बाद आरोपियों ने ओटीपी प्राप्त कर 20,000 और 25,000 के दो ऑनलाइन ट्रांजैक्शन गेमिंग ट्रेडिंग एप के जरिए कर दिए। ठगों ने फर्जी आईडी से गेम में पैसे लगाकर ट्रैकिंग से बचने की कोशिश की और बाद में शिवम को नगला कन्हई के पास सर्विस रोड पर छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित की सूचना पर 112 नंबर की टीम मौके पर पहुंची और मामला लखनऊ मुख्यालय तक पहुंच गया। इसके बाद सीओ आयुषी सिंह ने तुरंत विशेष टीम गठित की, जिसमें थाना प्रभारी कमल भाटी, उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी, आशीष कुमार और शुभम वर्मा शामिल रहे। बुधवार की रात्री में पुलिस को सूचना मिली कि सायबर ठग गैंग के सदस्य सराय भूपत फाटक के पास केवाला गाँव की मोड़ पर खड़े हैं पुलिस ने घेराबंदी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

# बेसिक शिक्षा विभाग बांटेगा बच्चों को उपकरण

इटावा। समग्र शिक्षा समेकित शिक्षा के अन्तर्गत एलिम्को के सहयोग से समस्त प्रकार के विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग शारीरिक, मानसिक मंद, दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित तथा बहुदिव्यांग बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण, सहायक यन्त्र तथा कान की मशीन आदि के लिए पंजीकरण कैम्प का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा एवं नवाब वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी सैफई व अनुपम शुक्ला खंड शिक्षा अधिकारी ताखा के द्वारा किया जा रहा है। बीएसए कार्यालय सभागार में कार्यरत समस्त स्पेशल एजुकेटर्स की बैठक आयोजन करते हुए अर्चना सिन्हा द्वारा बताया गया कि समस्त प्रकार के दिव्यांग बच्चों के लिए 14 नवम्बर दिन शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे से



विकास खंड सैफई के ब्लाक संसाधन केन्द्र अमिताभ बच्चन इण्टर कालेज के पास, अभिनव विद्यालय प्रागंण में बीआरसी पर तथा 15 नवम्बर दिन शनिवार को विकास खंड ताखा के ब्लाक संसाधन केन्द्र बीआरसी मामन-ताखा पर आयोजित की जा रही है।जिसमें आप 6 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के साथ 2 पासपोर्ट साईज का फोटो दिव्यांगता दिखाई देते हुए साथ में बच्चें का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी कार्ड और पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, स्कूल पहचान पत्र, आय प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी अथवा प्रधान द्वारा लिखित अवश्य लेकर आयें। उक्त शिविर में आप बच्चों के साथ अधिक से अधिक संख्या प्रतिभाग करें जिससे आप सभी को उपकरण के लिए चिन्हित किया जा सके। सभी चिन्हित बच्चों को माह दिसम्बर, 2025 में उपकरण प्रदान किया जायेगा। अभिभावक अपनी सुविधानुसार किसी एक कैम्प स्थल में ही प्रतिभाग करें।

## सफारी पार्क में तेंदुए के शावक की मौत

इटावा। बीते 9 जनवरी 2024 को सामाजिक वानिकी प्रभाग, बिजनौर की नगीना रेंज के ग्राम नियामतपुर से एक तेन्दुआ शावक 1 माह की उम्र का रेस्क्यू किया गया था जिसे बेहतर देखरेख हेतु इटावा सफारी पार्क सफारी पार्क में लाया गया था। सफारी पार्क के कीपर द्वारा इस शावक की देखरेख की जा रही थी। पिछले डेढ़ वर्ष से बोनडिफार्मिटी के कारण यह तेन्दुआ समुचित रूप से चलने फिरने में असमर्थ था, जिसका उपचार वन्यजीव विषेषज्ञों की सलाह पर निरन्तर किया जा रहा था। इस तेन्दुआ की उसकी शारीरिक बनावट अन्य तेन्दुओं की शारीरिक बनावट से थोड़ी अलग थी।

## सैफई के विकास पुरुष रणवीर सिंह यादव की 23वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

सैफई, इटावा। सैफई महोत्सव के संस्थापक और सैफई को नई पहचान दिलाने वाले स्वर्गीय रणवीर सिंह यादव की 23वीं पुण्यतिथि गुरुवार को श्रद्धा और भावनाओं से ओतप्रोत माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर सैफई दिनभर शोक में डूबी रही। उनकी स्मृति में समाधि स्थल पर पारंपरिक शांति यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ की शुरूआत उनकी पत्नी एवं ब्लॉक प्रमुख मृदुला यादव और पुत्र, पूर्व सांसद एवं विधायक तेज प्रताप सिंह यादव ने आहुति डालकर की। केवल 36 वर्ष की आयु में इस संसार से विदा लेने वाले रणवीर सिंह यादव ने सैफई को एक अलग पहचान दी थी। उनके अथक प्रयासों से सैफई को विकास खंड का दर्जा प्राप्त हुआ और वे सैफई ब्लॉक के प्रथम प्रमुख बने। इसी दौरान उन्होंने सैफई महोत्सव की नींव रखी, जो आज अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त कर चुका है। यज्ञ स्थल पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता सुबह से शाम तक लगा रहा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के परिवार के सदस्य अभयराम सिंह यादव, सांसद आदित्य यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव और आर्यन यादव सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 04/SE(Civil)/ 2025-26 : अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-I टेक्निकल बिड एवं पार्ट-II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 04 **कार्य का नाम :- 220/132 के.वी. उपकेन्द्र, राबर्टगंज, जनपद सोनभद्र 1X40 पर एम.वी.ए. परिवर्तक स्थापना सहित 132 के.वी.बस का विस्तारिकरण एवं 33 के.वी. ''बे'' के निर्माण कार्य।** कार्य की **अनुमानित लागत :- रु. 290.80 लाख (जी.एस.टी. अतिरिक्त)**, कार्यावधि :- **06 माह** उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in सइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 25.11.2025 को दोपहर 14.00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 26.11.2025 को 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) सं. मुख्य अभियन्ता (जानपद) पारेषण द्वितीय नवाँ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ। ''राष्ट्रहित में बिजली बचाएं'' (पत्रांक : 7189, दिनांक : 13.11.2025 )**

# 500वें वर्ष पर छात्र सम्मेलन आयोजित

इटावा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत के द्वारा रानी अबक्का के राज्यारोहण के 500वें वर्ष पर जिला छात्रा सम्मेलन सम्पन्न हुआ सम्मेलन में सैकड़ों छात्राएं शामिल हुई इस मौके पर सदर विधायक सरिता भदौरिया की उपस्थित रही, मुख्य अतिथि ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का इतिहास रानी अबक्का, रानीलक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई होलकर जैसी व अनेकों महान स्त्रियों से जुड़ा हुआ है जब इनके बारे में पढ़ते है तो बोध होता है कि जब स्त्री आगे बढ़ती है तो स्त्री के साथ समाज, राष्ट्र भी आगे बढ़ते है, हम सभी छात्राओं ने महिलाओं को रानीलक्षीबाई से प्रेणा लेते हुए कठिन से से कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानने एवम देश की एकता, अखंता, संस्कृति कीरक्षा के लिए सतत संघर्ष करना पड़ेगा तभी भारत राष्ट्रपुन विश्व गुरु बनेगा, विद्यार्थी परिषद से सभी छात्राओं को जुड़ना चाहिए क्यों कि परिषद में आने के बाद व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण कैसे होता यहां सीखने को मिलता है, आज भारत की महिला विश्व में नेतृत्व कर रही है ।



नगर अध्यक्ष श्वेता दुबे ने बताया की आज के समय में नारीशक्ति को किसी सहायता की जरूरत नहीं है वे अपने आप में इतनी सबल और सक्षम है कि समाज, जीवन के किसी भी क्षेत्र में अथक परिश्रम और संघर्ष के दम पर शीर्ष स्थान प्राप्त कर सकती है। विभाग सह छात्र प्रमुख ललिता राजपूत ने कहाकि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्राओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ ही उनकी सुरक्षा, स्वाभिमान और सम्मान के लिए अपनी आवाज मुखर करता रहा है।परिषद मिशन साहसी, छात्रा संवाद व ऐसे अनेकों कार्यक्रम कर विद्यार्थियों को राष्ट्राद की ओर प्रेरित करता है। नगर मंत्री संस्कार गुप्ता ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया व विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई को सफल आयोजन हेतु बधाई दी। सम्मेलन का मंच संचालन अध्या गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री सौरभ शर्मा, नगर उपाध्यक्ष हरिकिशन, नगर उपाध्यक्ष नीरजा, पूर्व प्रांत सहमंत्री अभिषेक राठौर, चित्रा परिहार, कृष्णा गुप्ता, पवन, यश, साक्षी, अंशिका, प्रियंका, देवांश, राहुल, राजन, रोहित, आदित्य, जिले के सभी कार्यकर्ता रहे।

## चिंगारी से घर धू धूकर जला

भरथना, इटावा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंअरा में बुधवार की रात रामतीरथ 45 वर्ष पुत्र इतवारी लाल का झोपड़ीनुमा पूरा घर धूं-धूंकर उस समय जल गया, जब गांव में एक बेटी के शादी समारोह में बारातियों ने खुशियां मनाते हुए आतिशबाजी चला दी। जिसकी चिंगारी रामतीरथ के झोपडीनुमा घर पर जा गिरी और घर धूं-धूंकर चल उठा। घटना के दौरान गृहस्वामी रामतीरथ अपनी पत्नी सोनी, दो बेटे, एक बेटी समेत घरेलू मवेशियों के साथ घर के अन्दर सो रहा था।

**सूचना**

**श्री जगदेव सिंह लॉ कालेज**

**पता- अतरौली, भरावन, हरदोई में**

विधि त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु प्रचार्य एवं असिस्टेट प्रोफेसर की आवश्यकता है

योग्यता एवं वेतन यूजीसी तथा बार काउसिंल ऑफ इण्डिया के मानक अनुसार।

आवेदन करे शीघ्र। मो0 8840884463, 9919784444

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106-Sig-Tender-36-2025-26 |
| कार्य का नाम | "रिप्लेसमेंट ऑफ नॉन आर डी एस ओ टाइप फायर अलार्म सिस्टम विथआर डी एस ओ टाइप आटोमेटिक फायर डिटेक्शन एंड अलार्म सिस्टम ऐट आर आर आई/पी आई/ई आई स्टेशन ओवर लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थर्न रेलवेज।" |
| अनुमानित लागत | रु0 2,55,96,199.76 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु0 2,78,000.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 05.12.2025 15.30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/ लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। निविदा सू0सं0-106-सिग-टेन्डर-36/2025-26 दिनांक: 12.11.2025 3530/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## डनलप से टकरायी बाइक, युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नेशनल हाईवे 730 पर ग्राम अहमदनगर के पास सोमवार की रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बाइक और डनलप की जोरदार टक्कर में पीलीभीत जिले के शाहगढ़ निवासी युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, 30 वर्षीय आरिफ पुत्र नाकूब अपने जीजा के साथ गोला में एक रिश्तेदारी में अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था। देर रात लौटते समय अहमदनगर के समीप उनकी बाइक डनलप से टकरा गई। हादसे में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से दोनों को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने आरिफ को मृत घोषित कर दिया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शिक्षक पर शिक्षण शुल्क हड़पने का आरोप, मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अलीगंज क्षेत्र के एक विद्यालय में शिक्षण शुल्क के गबन का मामला सामने आया है। विद्यालय प्रबंधक ने शिक्षक पर छह लाख चौहत्तर हजार तीन सौ पचास रुपये की रकम हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अलीगंज के जनता शिशु विद्यालय (संबद्ध जनता इंटर कॉलेज, अलीगंज) के प्रबंधक तरुण शारदा ने बताया कि सरायरमुआपुर निवासी अनिल कुमार मिश्रा विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। प्रबंध समिति की ओर से उन्हें अध्यापन कार्य के साथ-साथ कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों से शिक्षण शुल्क वसूलकर विद्यालय के खाते में जमा करने की जिम्मेदारी दी गई थी। आरोप है कि वर्ष 2022-23 से लेकर 2024-25 तक नर्सरी से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों से शुल्क वसूलने के बावजूद शिक्षक ने वह राशि विद्यालय खाते में जमा नहीं की। समिति द्वारा कई बार वैधानिक तरीके से धनराशि वापस करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने कोई भुगतान नहीं किया। विद्यालय प्रबंधक का कहना है कि शिक्षक द्वारा कुल छह लाख चैहत्तर हजार तीन सौ पचास रुपये की धनराशि हड़पी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रबंध समिति ने कोतवाली में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कोचिंग पढ़ने गयी छात्रा लापता, केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के एक गांव में कोचिंग पढ़ने गई छात्रा अचानक लापता हो जाने से हड़कंप मच गया परिजनों ने तलाश करते हुए पुलिस को सूचना दी है पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया उसकी पुत्री कक्षा 11 की छात्रा थी। पड़ोस गांव पालचक में कोचिंग पढ़ने गई थी जहां से लापता हो गई शाम तक घर पहुंच वापस न लौटने पर सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन पर नमित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अपहर्ता की तलाश में संदिग्ध ठिकानों पर पूछताछ करने में जुटी है।

# निवेशकों से डीएम ने किया संवाद, हर बाधा का होगा निस्तारण



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। जिले में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने एवं निवेश के अनुकूल वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जीबीसी 4.0 के तहत निवेशकों के साथ बैठक की।

बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह व उपायुक्त (उद्योग) उज्जवल सिंह भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान डीएम ने जीबीसी 4.0 के अंतर्गत जिले में इकाइयों की स्थापना हेतु निवेश करने वाले निवेशकों की समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। निवेशकों को हर संभव प्रशासनिक सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे जिले में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।

डीएम ने निर्देशित किया कि जिन इकाइयों की स्थापना लंबित है, उन्हें शीघ्र फैसिलिटेट करते हुए आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाए। राज्य सरकार की मंशा है कि निवेश को बढ़ावा देकर जिले में रोजगार के नए अवसर सृजित हों और स्थानीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो। सरकार की मंशा है कि हर निवेशक को ऐसा माहौल मिले, जहां उद्योग लगाना मुश्किल नहीं, बल्कि आसान और लाभकारी हो। निवेशकों का हर कदम पर प्रशासन साथ देगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार बढ़ेगा, और जिले की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

## अगले सत्र में नये भवन से गूंजेगी पढ़ाई की घंटी: सीडीओ



लखीमपुर खीरी। जिले की बेटियों के लिए खुशखबरी है ! जल्द ही वे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भवन में शिक्षा ग्रहण करेंगी।

गुरुवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास खंड लखीमपुर खीरी के कोरैय्या जंगल स्थित निमार्णाधीन भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने भवन निर्माण की गुणवत्ता, प्रगति और मानकों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्य को तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का कार्य इस माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद आगामी शैक्षणिक सत्र से बालिकाएं नए भवन में शिक्षा ग्रहण करेंगी। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय सिर्फ पढ़ाई की जगह नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों और आत्मनिर्भरता की नींव है। हमारा प्रयास है कि यहां उन्हें हर वह सुविधा मिले, जो उनके उज्ज्वल भविष्य का रास्ता बनाए।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव भगनापुर में आपसी कलह के चलते विवाहिता मकान के अंदर कमरे में रस्सी के फंदे से छत के कुंडे में लटक गई जिससे उसकी मौत हो गई मायके वालों ने हत्या कर लटका देने का आरोप लगाते पुलिस को सूचना दी मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार गांव भगनापुर निवासी आरती देवी 40 वर्षीय की शादी रोहित से हुई थी जिससे उसने दो पुत्री और एक पुत्र को जन्म दिया था।जिसने मकान के भीतर कमरे में पंखे के कुंडे से रस्सी का फंदा बनाकर लटक गई जिससे उसकी मौत हो गई हैं। ससुरालियों ने अपने को फसता देख उसके शव को छोड़कर भाग निकले पड़ोसियों की सूचना पर मायके वाले ससुराल पहुंच कर जमीन पर पड़े बेटी के शव को देखकर आग बबूला हो गए उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। निरीक्षक उमेश चौरसिया के अनुसार मृतका का पोस्टमार्टम कराया जा रहा जांच में आपसी कलह के चलते आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है।

## मां भगवती इंटर कालेज में एनसीसी शुरू

तिकुनियां-खीरी। स्कूल के छात्रों को बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण और अनुशासन के लिए सशस्त्र बल की युवा शाखा एनसीसी की शुरूआत मां भगवती इंटर कालेज में हुई है, अभी 25 बच्चे इसमें शामिल है। 26 बटालियन से आए ट्रेनर मनमोहन सिंह ने बताया कि बच्चों को परेड, सैल्यूट, विसर्जन के साथ साथ मिलिट्री सिंबल और स्वस्थ भारत मिशन की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि युवाओं में चरित्र, अनुशासन, भाईचारे, साहस, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करना प्रमुख उद्देश्य है। कालेज के प्रधानाचार्य विकास मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रमाणपत्र वाले लोगो को सेना और पुलिस में छूट भी मिलती है। इस दौरान कालेज के प्रिंसिपल विकास मिश्र, ट्रेनर मनमोहन सिंह, सीटीओ धर्मेंद्र सिंह, पारसनाथ पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे।

## गरदहा में दर्जनभर परिवारों के राशन कार्ड रद्द, मचा हड़कंप



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत गरदहा के दर्जनभर गरीब परिवारों ने अपने राशन कार्ड बिना जांच के मनमाने तरीके से काटे जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी को सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच और कार्ड बहाली की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासनिक लापरवाही के चलते कई पात्र परिवारों के राशन कार्ड बिना किसी जांच के समाप्त कर दिए गए हैं। जिन गरीब परिवारों के राशन कार्ड रद्द हुए हैं, उनमें सीमा खातून पत्नी जमील खां, साबिरा खातून पत्नी जान मोहम्मद, शमीम पत्नी मेंसर खां, हलीमा पत्नी असफाक, रायसा खातून पत्नी फिरोज खां, रूद्दन पत्नी नसीब खां, असकरा पत्नी अब्दुल कलाम, हिना खातून पत्नी निसरोज खां, सोना पत्नी सिकंदर, रेशमा पत्नी इरसाद, नाजिरा पत्नी दिलीप और असीमुन पत्नी मुबारक के नाम शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी सत्यापन के इन परिवारों को मृतक दिखाकर राशन कार्ड रद्द कर दिए गए, जबकि सभी पात्र जीवित हैं और गांव में निवास करते हैं। पीड़ितों ने बताया कि वे दिहाड़ी मजदूर हैं और राशन कार्ड ही उनके परिवार की जीविका का आधार था। कार्ड रद्द होने से अब भोजन का संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा पात्रता के आधार पर राशन कार्ड पुनः जारी किए जाएं, ताकि गरीब परिवारों को राहत मिल सके। इस मौके पर अलीमुन, सलाम बाबू, फेरेज खां और दिलीप समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## खेल महोत्सव में जोश, जुनून और जीत का संगम दिखा

### रंजीत-हर्षित बने बैडमिंटन चैम्पियन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वच्छ भारत-नगरीय मिशन के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गोला द्वारा आयोजित युवा शक्ति का उत्सव द गोला खेल महोत्सव का उत्साह अपने चरम पर है। महोत्सव के बारहवें और तेरहवें दिन एथलेटिक्स एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों के दिल जीत लिए।

बुधवार की रात्रि को नवीन बाईपास स्थित अनिल वर्मा के कोर्ट में ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि रोमी साहनी ने किया। समाजसेवी अरविंद गुप्ता रामजी, व्यवसायी विनय गुप्ता, डॉ. सूर्य प्रकाश वर्मा, दीपक राजपूत, संयोजक श्याममूर्ति शुक्ला सहित नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू विशेष रूप से उपस्थित रहे। रोमांचक मुकाबले में रंजीत-हर्षित की जोड़ी ने अनिल वर्मा-अभिषेक को 21-19, 21-19 से हराकर ओपन बैडमिंटन चैम्पियन का खिताब जीता। निर्णायक गोपाल सक्सेना और ऋषिकेश पांडेय रहे। वृहस्पतिवार को राजेन्द्र गिरि स्टेडियम में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सरस्वती विद्या निकेतन के प्रधानाचार्य महेंद्र त्रिपाठी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, जबकि विशिष्ट अतिथि अरुण अवस्थी, पारस मिश्रा, संजय तिवारी, रवि सक्सेना, परविजय सिंह, श्याममूर्ति शुक्ला और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि खेल महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का उत्सव है। उन्होंने कहा कि फिट भारत और युवा सशक्तिकरण का यह आयोजन नगर की पहचान बन गया है।

### एथलेटिक्स में दमदार प्रदर्शन

अंडर-14 से लेकर अंडर-19 वर्ग तक हुई प्रतियोगिताओं में बालक-बालिकाओं ने दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और चक्का फेंक में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 600 मीटर दौड़ में अराध्या सिंह और राजन सिंह यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर वर्ग में भूपेंद्र और श्रुति वर्मा ने स्वर्ण पदक जीते। 200 मीटर में रोमिल कनौजिया व शिवांशी ने जबकि 800 मीटर में श्याम कुमार व शिवांगी ने बाजी मारी। एथलेटिक्स प्रभारी सलामत अली, वीरेन्द्र भारद्वाज, रोली त्रिपाठी और ऋषिकेश पांडेय की देखरेख में प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं।

### स्टेडियम में आज होगा निर्णायक चरण

महोत्सव के अंतिम चरण में शुक्रवार को 100 मीटर दौड़ एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा। सुबह 10 बजे से प्रतियोगिताएं शुरू होंगी और 11 बजे से विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

## व्यापार मंडल की बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली पर हुई चर्चा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर के एक गेस्ट हाऊस में गुरुवार को जिला उद्योग व्यापार मंडल की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने की। बैठक में जिला, नगर और तहसील कमेटियों के अधिकांश अध्यक्षों ने माला और बुके भेंट कर महामंत्री का स्वागत एवं सम्मान किया। समीक्षा बैठक के दौरान जिला और नगर कमेटियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री ने पदाधिकारियों से मासिक बैठकों की रिपोर्ट, व्यापारी हितों में किए गए कार्यों और संघर्षों का विवरण मांगा। उन्होंने पूरे वर्ष की गतिविधियों पर गहन चर्चा करते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करना और उनके हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्षरत रहना है। राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि शहर, जिला और प्रदेश के प्रत्येक व्यापारी को संगठन से जुड़ना चाहिए, ताकि उनकी आवाज को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जा सके। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री अंजनी गुप्ता और जिला महामंत्री उमेश शुक्ला ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज देश की आर्थिक रीढ़ है, इसलिए उनकी सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। समीक्षा बैठक में चांद कुमार जैन, बलराम गुप्ता, संदीप बंसल, यदुवीर सिंह, राजेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, राजू खान, अभिषेक मिश्रा, विवेक गुप्ता, रूपेश गुप्ता, चिरौंजी गुप्ता, गोपाल सिंघल, जफर अहमद, विनोद गुप्ता, विनोद मिश्रा, मुनेंद्र पाल सिंह, शिव सोनी, प्रियांशु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गन्ना उतरवाई में अनियमितता पर भाकियू का प्रदर्शन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारतीय किसान यूनियन अमन संधू के पदाधिकारियों और किसानों ने गुरुवार को नोवा खेड़ा गन्ना सेंटर पर गन्ना उतरवाई में हो रही अनियमितताओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप



लगाया कि चीनी मिल प्रशासन द्वारा कुछ स्थानों पर किसानों का गन्ना गलत तरीके से उतरवाया जा रहा है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। किसानों की शिकायत पर संगठन के पदाधिकारियों ने मौके पर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करते हुए मिल प्रबंधन से तत्काल वार्ता की मांग की। सूचना पर चीनी मिल गोला के उप गन्ना महाप्रबंधक सुनील सिंह एवं गन्ना विकास अधिकारी सतनाम सिंह मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने किसानों से वार्ता कर आश्वासन दिया कि आगे से किसी भी किसान का गन्ना गलत तरीके से नहीं उतरवाया जाएगा और सभी क्रय प्रक्रियाएं पारदर्शिता के साथ संचालित होंगी। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसानों के साथ किसी प्रकार की धोखाधड़ी या अवैध गन्ना उतरवाई की घटना दोबारा हुई तो संगठन पुनः आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र पटेल, तहसील अध्यक्ष रामकुमार वर्मा, युवा जिला उपाध्यक्ष उत्तम यादव, राकेश यादव, तोखनलाल, चन्द्रिका प्रसाद वर्मा, रंजीत कुमार, विशेष वर्मा, बृजलाल वर्मा, सचिन वर्मा, सुभोध कुमार सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## पुलिस पर गवाहों को धमकाने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुसहारा निवासी बेबी देवी पत्नी पप्पू सिंह ने पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को प्रार्थना पत्र भेजकर अपने पुत्र आलोक की मृत्यु के मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मृतक की मां ने बताया कि 27 अक्टूबर को विवाद के दौरान कुछ लोगों ने उनके पुत्र आलोक की बेरहमी से पिटाई की थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के लिए पहले गोला, फिर जिला अस्पताल और उसके बाद लखनऊ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण अब तक उचित कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस गवाहों को धमका रही है और उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसाने का डर दिखाया जा रहा है। पीड़िता ने पुलिस महानिदेशक से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जेल भेजा जाए ताकि मृतक को न्याय मिल सके।

## रामलीला मेले में बच्चों ने पेश किए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम

सिंगाही खीरी। रामलीला मेले में बुधवार रात बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। देर रात तक कार्यक्रम चला। प्रोग्राम को लेकर बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पूर्व प्रधान श्रीराम सिंह और डॉक्टर एन यू खान बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का दीप जलाकर उद्घाटन किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्कूली बच्चों की प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच बताते हुए कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की। इस दौरान कस्बे के रामचरन शाह बाल विद्या मंदिर और सिटी पब्लिक स्कूल और एम के एम पब्लिक स्कूल, राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कॉलेज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। राम चरन शाह बाल विद्या मंदिर के बच्चों के गणेश वंदना गीत को दर्शकों ने खूब सराहा। सिटी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कॉमेडी गीत सुनाया तो दर्शक भी थिरकने लगे। एमके मेमोरियल पब्लिक स्कूल के हनुमान चालीसा कर के वाहवाही बटोरी, वहीं राजपुरा विक्रम शाह इंटर कॉलेज के बच्चों ने नेपाली कार्यक्रम कर खूब वहावाही बटोरी। विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन सुनील श्रीवास्तव व रवी गुप्ता ने किया। इस मौके पर थानाध्यक्ष अजित कुमार, सचिंद्र शाह, प्रवीण शाह, नृपराज शाह, सुशांत पांडे जगदीश यादव, अनूप मिश्रा आदि के साथ नगरवाद क्षेत्र के अभिभावक मौजूद थे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

मैगलगंज खीरी। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बीती दोपहर आमने-सामने दो बाईकों की भिड़ंत हो गयी। बाईक सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां रास्ते में एक मौत हो गयी। जबकि दो अन्य की हालत चिंताजनक बनी हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर दोपहर शाहजहांपुर की तरफ से जा रहे बाईक सवार की लिधियाई मोड की तरफ से आ रहे बाइक सवार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें दो बाइकों पर सवार तीनों गंभीर अवस्था में घायल हो गए। सूचना के बाद पहुंचे हाईवे पेट्रोलिंग 1033 की गाड़ियों व हाईवे एंबुलेंस पर स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा तीनों घायलों को सीएचसी पसगवां भेज दिया गया। जहां एक की मौत हो गई जबकि दो अन्य की हालत चिंताजनक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। अचानक दुर्घटना में दोनों के सिर में चोटे आई हैं। मृतक की पहचान छविनाथ गुप्ता उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी धमार्खेड़ा, जबकि दो अन्य घायल अभिषेक व हिमांशु शर्मा निवासी मुबारकपुर थाना मैगलगंज के रूप में हुई है। बताते चलें कि मृतक छविनाथ गुप्ता लिधियाई गांव की तरफ से हाईवे पर आ रहे थे। जबकि दो अन्य बाइक सवार शाहजहांपुर की तरफ से लिधियाई मोड की तरफ जा रहे थे।

## अध्ययन के लिए 250 छात्राओं का दल रवाना

धौरहरा खीरी। गुरुवार सुबह लगभग आठ बजे राजकीय बालिका इंटर कालेज धौरहरा की 250 छात्राओं का एक दल चार बसों के सहारे शैक्षिक भ्रमण हेतु राजधानी लखनऊ में केन्द्रीय औषधि संस्थान (सी एस आई आर) व साइन सिटी परिसर के भ्रमण हेतु विद्यालय की रवाना हुआ। प्राप्त विवरण के अनुसार शासन व सरकार की मंशानुरूप गुरुवार सुबह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज धौरहरा से कक्षा 9,10,11,12 में पढ़ने वाली छात्राओं का एक दल शैक्षिक भ्रमण हेतु (सी एस आई आर) केन्द्रीय औषधि संस्थान व साइन सिटी लखनऊ के लिए सुबह आठ बजे रवाना हुआ।

# खीरी को मिली 70 लाख की हाईटेक जिम



लखीमपुर खीरी। कभी मिट्टी के ट्रैक पर दौड़ लगाकर ख्वाब बुनने वाले खिलाड़ियों के चेहरे अब चमक से भर उठे हैं। सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल ने लखीमपुर खीरी के खेल प्रेमियों के दिलों में नई उम्मीद जगा दी है। अब जिले को मिलने जा रही है 70 लाख रुपये की लागत से बनी अत्याधुनिक मशीनरी युक्त जिम, जो जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम लालपुर में तैयार होगी। यह सिर्फ एक जिम नहीं, बल्कि खीरी के युवाओं के सपनों को आकार देने वाली पहल है। सीडीओ के प्रस्ताव पर शासन ने स्वीकृति दे दी है, जबकि 8 लेन की 400 मीटर सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का प्रस्ताव भी जल्द मंजूरी की ओर है। इस ट्रैक पर कल के खिलाड़ी अपने सुनहरे भविष्य की ओर दौड़ेंगे।

## सीडीओ ने किया स्टेडियम के निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण, दिए निर्देश

जिले के खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी है। जल्द ही लालपुर स्थित जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर नई पहचान बनने जा रहा है। गुरुवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्टेडियम पहुंचकर निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बैडमिंटन कोर्ट लगभग तैयार मिला, जबकि स्विमिंग पूल में 80 फीसदी काम पूरा पाया गया। बास्केटबॉल और वॉलीबॉल कोर्ट में तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं डॉरमेट्री व शौचालय का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। खेल गतिविधियों को डे-नाइट कराने के उद्देश्य से स्टेडियम परिसर में 6 हाई मास्ट लाइटें भी स्थापित की जा चुकी हैं। अब खिलाड़ी रोशनी में देर रात तक अभ्यास कर सकेंगे। सीडीओ ने कहा कि स्टेडियम सिर्फ एक ढांचा नहीं, बल्कि खीरी के युवाओं के सपनों का केंद्र है। यहां हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि जिले के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बना सकें। स्टेडियम का निर्माण कार्य मार्च 2027 तक पूर्ण करने की सीमा तय है, लेकिन लक्ष्य है कि एक वर्ष पहले ही इसे पूरा किया जाए।

# आशा बहू की सड़क हादसे में मौत

धौरहरा खीरी। गुरुवार की सुबह विधानसभा धौरहरा क्षेत्र के रेहुआ में लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में भीड़ जुटाने के लिए सीएचसी अधीक्षक खमरिया द्वारा आशा बहुओं को आदेश देकर बुलाया गया था। पदयात्रा के बाद घर वापस जा रही आशा बहू नेशनल हाईवे पर थाना ईसानगर क्षेत्र के अदलिसपुर के निकट सड़क दुर्घटना का शिकार हो गईं। हादसे में एक आशा बहू की मौत हो गई। वहीं 4 अन्य आशा बहू गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सी एच सी अधीक्षक खमरिया के निर्देश पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर ब्लॉक ईसानगर क्षेत्र से पदयात्रा में शामिल होने सामान्य परिधान में आई आशा बहू पदयात्रा से ऑटो पर सवार होकर वापस अपने घर जा रही थी। थाना ईसानगर क्षेत्र के अदलिसपुर चौराहे के निकट ऑटो को अज्ञात ऑटो ने टक्कर मार दी जिससे आशा बहू आशादेवी (50) पत्नी राधेश्याम निवासी नारीबेहड़, नीलम (28) पत्नी अनिल प्रेमनगर मजरा, मिजार्पुर, शांति (28) पत्नी जमुनाप्रसाद निवासी मिजार्पुर, मंजू (45) पत्नी जसवंत कुमार निवासी नारीबेहेड, मीना देवी (40) पत्नी उत्तम कुमार निवासी नारीबेहड़ गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस ने घायलों को सी एच सी खमरिया भेजा जहां आशादेवी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल शांति देवी व नीलम को प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय रेफर कर दिया।

## अस्पताल में शव रखकर परिजनों ने किया हंगामा

धौरहरा। पदयात्रा में शामिल होने आई आशा बहू की मौत के बाद अस्पताल पहुंचे परिजनों ने सी एच सी अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हंगामा शुरू कर दिया और पीएम परिजनों का आरोप है कि सी एचसी अधीक्षक खमरिया अमित सिंह द्वारा समस्त आशा बहुओं और संगिनी को मैसेज के माध्यम से निर्देशित कर साधारण परिधान में पदयात्रा में अनिवार्य रूप से बुलाया गया था। जिस कारण एक आशा बहू की मौत हो गई और चार आशा बहू घायल हो गई। दो घंटे के हंगामे के बाद परिजन पीएम कराने को राजी हो गए। और पुलिस ने शव को पी एम के लिए भेज दिया।

पदयात्रा में शामिल होने के लिए सीएचसी अधीक्षक का फरमान, आदेश की चैट वायरल मृतका आशा बहू के परिजनों का आरोप है किसी सीएचसी अधीक्षक द्वारा पदयात्रा में भीड़ बढ़ाने के लिए समस्त आशा बहू व संगिनी को बुलाया गया था जिनके द्वारा दिए गए निर्देश का व्हाट्सएप चैट भी वायरल हो रहा है। आरोप है कि सीएचसी में तैनात बीसीपी एम द्वारा सीएचसी अधीक्षक के आदेश को आशा बहू व संगिनी के व्हाट्सएप पर भेजा गया था और अनिवार्य रूप से सामान्य परिधान में पहुंचने के लिए आदेशित किया गया था। छावनी में तब्दील रही सी एच सी, दो थानों की पुलिस रही मौजूद। आशा बहू की मौत के बाद सीएचसी खमरिया में परिजनों द्वारा शुरू किए गए हंगामा की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया ओपी राय व थानाध्यक्ष ईसानगर निर्मल तिवारी तत्काल अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए और परिजनों को शांत करने का प्रयास शुरू कर दिया काफी मान मनौवल के बाद परिजन शवको पीएम के लिए भेजने को राजी हो गए। और मृतका का शव पी एम के लिए भेज दिया गया।

**कार्यालय राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र**
(उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ.प्र.)
आदर्शनगर, आलमबाग, लखनऊ

-: प्रेस विज्ञप्तिः -

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ.प्र. लखनऊ के तत्वाधन में राजकीय सामुदायिक फल सरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, आदर्शनगर, लखनऊ द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजनान्तर्गत एक मासीय कुकरी (पाककला) प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालित किया जाना प्रसतावित है, जिसमें सूप व जूस आधारित, स्नैक्स आधारित, चायनीज आधारित, कान्टिनेन्टल आधरित एवं पुडिंग/डेजर्ट आधरित सैद्धांतिक एवं प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है, वर्तमान समय में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खान-पान व्यवस्था से सम्बन्धित स्वच्छ एवं सुरक्षित आहार की मांग दिनों दिन बढ़ती जा रही है। जन सामान्य की मांग को दृष्टिगत रखते हुए लोगों को साफ-सुथरा, पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक मासीय कुकरी (पाककला) प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है। इस हेतु इच्छुक बेरोजगार नवयुवक/नवयुतियाँ इस प्रशिक्षण को प्रदान कर अपनी जीविका चला सकें। साथ ही जन सामान्य को पौष्टिकतायुक्त खाद्य पदार्थ सुलभ हो सके। यह प्रशिक्षण दिसम्बर, 2025 के द्वितीय सप्ताह से प्रारम्भ किया जायेगा, इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने हेतु इच्छुक नवयुवक/नवयुतियाँ प्रवेश फार्म प्राप्त करने हेतु राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, निकट-रेलवे बरहा कालोनी गेट, आदर्शनगर, आलमबाग, लखनऊ से सम्पर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण की अवधि एक माह (3 घण्टे प्रतिदिन), प्रशिक्षार्थियों की संख्या-30, यह प्रशिक्षण निःशुल्क है। उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

(राजेश कुमार पिप्पल)
प्रभारी
राजकीय फल संरक्षण केन्द्र,
आदर्शनगर, आलमबाग, लखनऊ
मो.नं.-9838863371

UPID-240342 Date: 13.11.25
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की कैद

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश रूपाली सक्सेना की अदालत ने मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र की कक्षा दस की 16 वर्षीय छात्रा को भगाने और उसके साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी बृजेश को 10 साल की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर पांच हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। अभियोजन के अनुसार, पीड़िता के पिता ने सितंबर 2017 में मुंगराबादशाहपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में बताया था कि उनकी बेटी एक स्कूल में कक्षा 10 में पढ़ती थी। 13 सितंबर 2017 को पढ़ने गई थी। शाम तक वापस नहीं आई। इसी बीच बृजेश की पत्नी सामने आई और उसने पुलिस को बताया कि उसका पति नाबालिग को बहला फुसलाकर कहीं भाग ले गया। कुछ दिन बाद पीड़िता के मिलने पर पुलिस ने उसका मेडिकल कराया और इसके बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया। पीड़िता ने अदालत के समक्ष दुष्कर्म का बयान दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की विवेचना की और आरोपपत्र अदालत में दाखिल किया। अदालत ने मामले की सुनवाई की और साक्ष्यों के आधार पर सजा सुनाई।

## रजिस्ट्री कार्यालय में मारपीट से हड़कंप

जौनपुर । रजिस्ट्री कार्यालय में करोड़ों रुपये की जमीन को लेकर दो परिवारों में हंगामा और मारपीट हो गई। गुरुवार को कलेक्ट्री के रजिस्ट्री विभाग में यह घटना हुई, जिससे हड़कंप मच गया। मामला सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जमीन पकड़ी निवासी रेनूका यादव से जुड़ा है। रेनूका अपने पिता की इकलौती पुत्री हैं और उनका कोई भाई-बहन नहीं हैं। जानकारी के अनुसार, रेनूका के चचेरे भाई रामफेर यादव (पुत्र चनीका यादव) अपने चाचा (रेनूका के पिता) को दवाई दिलाने के बहाने रजिस्ट्री विभाग ले आए थे। उनका मकसद जमीन अपने नाम कराना था। किसी तरह रेनूका को इस बात की जानकारी मिल गई। वह अपने पति के साथ तत्काल कार्यालय पहुंचीं और जमीन के रजिस्ट्रीकरण का विरोध करने लगीं। विवाद बढ़ने पर कुछ लोगों ने रामफेर को बुरी तरह पीट दिया।इस पूरे घटनाक्रम से कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। रेनूका का कहना है कि वह इकलौती पुत्री हैं और उनके चचेरे भाई उनके पिता को बहला-फुसलाकर जमीन अपने नाम कराना चाहते हैं।

## दस लाख के गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

मीरजापुर। जिगना थाना पुलिस व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 50 ग्राम अवैध हेरोईन जिसकी अंतराष्ट्रीय कीमत 10 लाख रूपया आंकी गई है के साथ एक को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि 13 नवंबर 2025 को थाना जिगना व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना जिगना व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना जिगना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पाली रेलवे ओवर ब्रिज के पास से विवेक सिंह उर्फ प्रिंस सिंह पुत्र शिवाकान्त सिंह निवासी नरैना थाना जिगना को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 50 ग्राम अवैध हेरोईन अनुमानित अंतराष्ट्रीय कीमत 10 लाख रुपए बरामद किया गया।

## वृहद रोजगार मेले का आयोजन 21 को

आजमगढ़। सहायक निदेशक (सेवा0) क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी राममूर्ति ने बतायौ कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आजमगढ़ एवं कौशल विकास मिशन आजमगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 21 नवम्बर 2025 को राजकीय आईटीआई० हर्रा की चुंगी आजमगढ़ में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सिसका इलेक्ट्रानिक एण्ड मैनेजमेंट इन्टरप्राइजेज, भाद्वाज ग्रुप ऑफ कम्पनी, जे०बी० इन्डस्ट्रीज, डिक्सन टेक्नालाजी इण्डिया लि०, स्टार ग्रुप ऑफ मैनेजमेंट सर्विस, ओरबिल इलेक्ट्रानिक इण्डिया प्रा०लि०, कैरम मोबाइल सल्यूशन प्रा०लि०, डस्की स्टालियन एजुकेशन एण्ड ट्रेनिंग सर्विस, बाम्बे इन्टेलिजेन्ट सिक्योरिटी इण्डिया लि0, महादेव हनुमंत विजय प्लेसमेंट सर्विस, आर्किटेक इन्डस्ट्रीज, ब्राइट फ्यूचर सहित अन्य निजी क्षेत्र की लगभग 20 कम्पनियां प्रतिभाग कर रही है। ऐसी स्थिति में सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़ में पंजीकृत जॉब सीकर (बेरोजगार अभ्यर्थी) रोजगार हेतु पोर्टल पर क्लिक कर उपरोक्त कम्पनियों के विज्ञापित रिक्तियों के विवरण देखकर अपने पंजीयन यूजर आई०डी० का प्रयोग कर आन-लाईन आवेदन करते हुये रोजगार मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करे।

# सभासदों के आरोप निराधार : नपं अध्यक्ष



डाला/सोनभद्र। सभासदों द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में लगाया गया आरोप निराधार है नपं क्षेत्र में हो रहे कार्य सभासदों के प्रस्ताव पर ही होते हैं कार्यों की शिथिलता के जिम्मेदार अधिशासी अधिकारी हैं। उक्त बातें प्रेस कांफ्रेंस में वृहस्पतिवार को नपं अध्यक्ष फुलवंती गोड़ ने कही।

नपं कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान नपं अध्यक्ष ने कहा कि मेरे द्वारा अनर्गल रुप धनार्जन की मंशा को पूरा नहीं करने की सहमति पर अधिशासी अधिकारी की बातों में आकर सभासद लामबंद हो गए और उन्होंने जो भी आरोप लगाया है वह बेबुनियाद व निराधार है। सभासदों को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए मुझ पर दबाव भी बनाया गया जिसे हमने स्वीकार नहीं किया।नपं क्षेत्र के सभी वार्डों में जो विकास कार्य हो रहा है वह सभासदों के प्रस्ताव पर ही पास होकर हो रहा है। बोर्ड बैठक में प्रस्ताव आने के बाद विकास कार्यों का खागा तैयार कर पास होने के बाद निष्पक्ष टेंडर प्रक्रिया निकाली जाती है। पूर्व में बोर्ड बैठक के दौरान जब सभासदों को बुलाया जाता था तो विरोध करने वाले सभासद बैठक में शामिल होने नहीं आते थे जिसके कारण कई बार बैठक टल गई।

बीते सितंबर माह में बोर्ड बैठक 22 सितंबर को रखी गई थी लेकिन सभासदों के कहने पर व लिखित पत्र देने के बाद उक्त बैठक टालकर 23 सितंबर को नपं कार्यालय के सभागार में सभी सभासदों की उपस्थिति में संपन्न हुई थी उस बैठक में जो प्रस्ताव दिए गए थे उसकी कार्य-योजना कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा अनुमोदन के लिए मेरे पास अभी तक नहीं पहुंची। कार्यों में जो भी शिथिलता है उसके जिम्मेदार इओ हैं नपं क्षेत्र में सड़क व नाली के 22 कार्यों का टेंडर हुए कई महिनें बीत गए हैं लेकिन इन 22 कार्यों में केवल एक ही कार्य अभी तक पूरा हो सका है बार बार कहने के बाद भी कुछ कार्य अभी तक नहीं शुरू किए गए हैं जबकि समय से कार्य शुरू कराने व समय से कार्यों को पुरा कराने की जिम्मेदारी इओ की है। इओ द्वारा अपने चहेते ठेकेदारों से लाभ लेने के चक्कर में भी विकास कार्यों को गति नहीं मिल पाती है। मेरे द्वारा कोई भी नपं क्षेत्र में कार्य मनमानी तरिके से नहीं कराया जाता सभी कार्य नियमानुसार सभासदों के प्रस्ताव पर ही होते हैं। पूर्व के अधिशासी अधिकारियों के साथ नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहा था कभी भी किसी प्रकार की समस्या नहीं उत्पन्न होती थी लेकिन जब से वर्तमान इओ आए हैं तबसे इनके द्वारा नेतागिरी की जा रही है जबकि एक अधिकारी का कर्तव्य विकास कार्यों की योजना तैयार कर विकास को गति प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि वाराणसी शक्तिनगर मार्ग से चुड़ी गली में बनाई जा रही नाली को सही स्थान पर नहीं बनाकर सड़क पर बनाया जा रहा था जिसकी शिकायत मिलते ही मेरे द्वारा निरीक्षण कर सड़क की नापी कराने के बाद ही नाली निर्माण कराए जाने का निर्देश दिया गया था इसके वावजूद अधिशासी अधिकारी द्वारा मेरे जाने के बाद उस काम को अपने चहेते ठेकेदार से शुरू करा दिया गया जो नियमानुसार गलत है। उन्होंने यह भी बताया कि अष्टकोणीय लाईट लगाने के लिए बजट पास हो गया है टेंडर भी हो गया है मेरे द्वारा स्वीकृति भी दे दी गई है ।

## कंपोजिट विद्यालय नेमना में बाल मेला आयोजित



बीजपुर/सोनभद्र। बालदिवस के उपलक्ष्य में म्योरपुर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय नेमना में गुरुवार को बाल मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन धूम धाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड ने बाल मेला का फीता काटने के बाद मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया।

अपने संबोधन में चाचा नेहरू को याद करते हुए मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ने कहा पिछले एक दशक में परिषदीय स्कूलों में अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं। पठन पाठन से लेकर, खेलकूद, और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। नेमना कंपोजिट विद्यालय के बाल संसद, इको क्लब, मीना मंच के बच्चों की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा ऐसे आयोजनों से ब्लॉक अपने उत्कृष्टता को प्राप्त कर रहा है। उक्त अवसर पर बच्चों द्वारा लगाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों, भेल पूरी, पानी पूरी, मिठाइयों, फल, सब्जी, खेल कूद सामग्री, टी एल एम प्रदर्शनी आदि का अवलोकन कर सराहना किया गया। उक्त अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय की प्रधानाध्यापक सुमन वर्मा, वरिष्ठ शिक्षिका कुसुम सिंह, उर्मिला, ज्वाला प्रसाद द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार दुबे ने कियज्ञ। उक्त अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष लाले राम, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राधेश्याम, पूर्व ग्राम प्रधान श्रीराम, संतोष कुमार, जवाहिर प्रसाद सहित काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## रंजिश में पुत्रों और बहू को लाठी से पीटकर बेहोश किया



जौनपुर। चन्दवक थाना क्षेत्र के बलरामपुर गांव निवासी सुदर्शन यादव पुत्र स्व० देवनाथ यादव ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर अजय सिंह उसके जमीन में जबरन रास्ता बनाने और विरोध करने पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया।

गुरूवार को पुलिस अधीक्षक को दिये गये आवेदन में बताया गया कि गुरूवार को सवेरे आठ बजे वह अपने खेत में काम कर रहा था कि अजय सिंह पुरानी रंजीश को लेकर गाली देने लगे प्रार्थी के मना करने पर अजय सिंह पुत्र शम्भू नाथ फोन करके अपने घर के बच्चों को बुलाया और कहा कि लाठी डण्डा एवं तमन्चा के साथ और अहिरों को जान से मारकर खत्म कर दो।इसके बाद अजय सिंह के पुत्र विकास सिंह उर्फ बिट्टू व अंकित सिंह पुत्रगण अजय सिंह लाठी डण्डा व फावड़ा लेकर आ गये तब अजय सिंह अपने दोनों पुत्रों को ललकारा की जो होगा देख लेंगे।इन लोगों को जान से मारकर खत्म कर दो। अजय सिंह प्रार्थी के बेटे गोविंद यादव व सरवन यादव बहू निशा देवी को लाठी डण्डा से बुरी तरह मार कर बेहोश कर दिए। प्रार्थी के बहू के साथ बुरी नियत से प्राइवेट पार्ट को दबाया और अर्धनग्न कर दिए और प्रार्थी के नाती को फावड़े से सर में मार कर बेहोश कर दिए और प्रार्थी को भी फावड़े से मारे जिससे काफी चोटे आई हल्ला सुनकर गांव के लोगों को आते देखकर जाते समय धमकी दिए कि अगर थाने गए मेरे खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने तो अबकी बार तो छोड़ दिए लेकिन दुबारा तुमको वह तुम्हारे परिवार वालों को जान से मार कर खत्म कर दूंगा। प्रार्थी के परिवार वाले डरे एवं सहमे हुए हैं परिवार वालों के ऊपर जान माल का खतरा बना हुआ है और जब प्रार्थी थाने पर गया तो थाने पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी उल्टा थाने से गाली देकर भगा दिया गया। अजय सिंह व अन्य के खिलाफ मुकदमा लिखकर उचित कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

## आमने-सामने टक्कर में दोनों बाइक चालक घायल

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के रतेह गांव में गुरुवार दोपहर दो बाइकों की आमने सामने टक्कर में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के नेवढ़िया गांव निवासी 30 वर्षीय रविंद्र सिंह बाइक से रतेह चौराहा की ओर जा रहे थे जैसे ही रतेह गांव स्थित पेट्रोल पंप के आगे पहुंचे तो सामने से आ रहे मड़वा धनावल गांव निवासी 20 वर्षीय रवि वर्मा की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को देते हुए दोनों घायलों को उपचार हेतु एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेजवाया।

## आवेदन से पूर्व रिन्यूअल करायें कार्ड : मंगल तिवारी



मीरजापुर। मजदूर नेता मंगल तिवारी ने निर्माण श्रमिकों को पुनः अवगत कराया है कि वे समय-समय पर अपने लेबर कार्ड का नवीनीकरण सहित अपडेट कराते रहें, जिससे आवेदन निरस्त नही होंगे। उन्होंने बताया कि जिन निर्माण श्रमिकों का अंशदान (नवीनीकरण) ग्रेस पिरियड की अवधि (365 दिन) पार कर चुका है, ऐसे आवेदन श्रम कार्यालय द्वारा जांच के दौरान निरस्त किए जा रहे हैं जिसकी जानकारी मिल रही हैं। उन्होंने आगे की जानकारी देते हुए बताया कि श्रम विभाग के अनुसार जिन श्रमिकों ने योजना का आवेदन किया है और उनके लेबर कार्ड का नवीनीकरण एक वर्ष से नही हुआ हैं, ऐसे आवेदन चाहे वह मातृत्व एवं शिशु हित लाभ योजना, कामगार कन्या विवाह योजना, या फिर कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना का हो नियमानुसार अपात्र माने जाएंगे और वह निरस्त हो जाएगा।

अंत में माकू महामंत्री ने कहा कि मिजार्पुर असंगठित कामगार यूनियन (माकू) आपसे अनुरोध करता है कि यदि आप किसी योजना का लाभ लेना चाहते हैं तो उसके नियमों की जानकारी अवश्य रखें साथ ही अपने लेबर कार्ड का रिनुअल व जरुरी अपडेट अवश्य करा ले, जिससे योजना का लाभ लेने से आप वंचित न रहें। अधिक जानकारी के लिए निर्माण श्रमिक, यूनियन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## यातायात माह में 901 वाहनों का चालान



जौनपुर। यातायात विभाग के द्वारा यातायात माह नवम्बर के दौरान तिलकधारी सिंह इण्टर कालेज मे 500 बच्चों के माध्यम से यातायात जागरूकता कार्यक्रम, क्विज, संभाषण, रंगोली, चित्रकला, पोस्टरकला एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित किया गया। शहर में अभियान चलाकर लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया।हेलमेट व सिटबेल्ट लगा करके वाहन चलाने, मोटर साइकिल में तीन सवारी ना बैठाना, हाई स्पीड वाहन न चलाना व वाहनों के शिशों में काली फिल्म न लगानें तथा उससे हो रही दुर्घटनाओं को कम करनें के बारे में जागरूक किया गया और साथ ही काली फिल्म लगाये वाहनों से काली फिल्म उतरवाया भी गया साथ ही पुरे जनपद में यातायात नियमों के उलंघन मे प्रवर्तन की कार्यवाही में 901 वाहनों का चालान किया गया।

## जनजातीय क्रांतिकारियों की आजादी का सपना हो रहा पूर्ण : लक्ष्मण

सोनभद्र। सदर विधानसभा क्षेत्र के पटना शिव मंदिर पर आयोजित नीलांबर पीतांबर स्मृति सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने बिरसा मुंडा अमर रहे नीलांबर पीतांबर अमर रहे के जयघोष के साथ समारोह का शुभारंभ किया।

इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज आदिवासियों गिरवासियों वनवासियों का सम्मान वर्तमान शासन में वापस लौटा है जिस तरह से देश की आजादी का सपना बिरसा मुंडा नीलांबर पीतांबर समेत तमाम जनजातीय क्रांतिकारियों ने देखा था वह सपना आज पूर्ण हो रहा है यह दिन हमारे लिए गौरव का दिन है आज नीलांबर पीतांबर स्मृति सम्मान समारोह के जरिए इस आदिवासियों की धरती पर जो कार्यक्रम आयोजित हो रहा है वह अपने आप में अद्भुत है। राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि देश की एकता अखंडता व संप्रभुता के लिए जरूरी है कि हम एक हो कर रहे, हमें तमाम ऐसी तकते हैं जो कमजोर करने की साजिश रचती हैं हमें उनसे सावधान रहना है उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को जागरूक करते हुए कहा कि हमारी आपकी एकता राष्ट्र की एकता है। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे शारदा खरवार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।समारोहमें एक दर्जन से अधिक ऐसे आदिवासी समूह के लोगों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने क्षेत्र में विशिष्ट कार्य किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक घमडी खरवार की पत्नी कमलावती खरवार ने किया, कार्यक्रम का संयोजन मुन्ना धनगर द्वारा किया गया था, कार्यक्रम में जीत सिंह खरवार उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति आयोग ने अभिनंदन पत्र पढ़ा, कार्यक्रम के संरक्षक भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के पूर्व उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा थे, इस मौके पर तमाम लोगों द्वारा राज्यपाल का सम्मान व स्वागत किया गया। इसके पूर्व राज्यपाल द्वारा सिलथम गांव में स्थित आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों हरिवंश धांगर व विशुन धांगर स्मृति द्वार का लोकार्पण किया गया। स्मृति द्वार का निर्माण विधायजी निधि से कराया गया है। इसी तरह रामगढ़ बाजार में स्थित कालिदास शिक्षण संस्थान परिसर तक ग्राम पंचायत से बनवाए गए इंटरलॉकिंग संपर्क मार्ग का लोकार्पण भी राज्यपाल द्वारा किया गया, सर्किट हाउस से चलने के बाद जिला मुख्यालय से लेकर पटना तक जगह-जगह नागरिकों व विद्यालय के बच्चों द्वारा माल्यार्पण कर व वंदे मातरम के जय घोष के साथ स्वागत किया गया।

## हक की बात डीएम के साथ कार्यक्रम का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मे मिशन शक्ति 5.0 के तहत हक की बात डीएम के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूणहत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज हिंसा आदि के संबंध में संरक्षण, सुरक्षा तंत्र, सुझाव, सहायता व कानूनी सहायता आदि विषयों को लेकर पारस्परिक संवाद किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं की यौन हिंसा, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न व दहेज हिंसा आदि के संबंध में संरक्षण सुरक्षा तंत्र सुझाव एवं सहायता हेतु जानकारी प्रदान करना व उन्हें जागरूक करना है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने बारी-बारी से छात्राओं एवं महिलाओं के द्वारा पूछ गए सवालों का जवाब दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित बालिकाओं के प्रश्नों को सुनते हुए बड़े ही शालीनता से जबाब देते हुए कहा कि अत्याचार सहेंगे तो बढ़ता चला जाएगा। अपने अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाना पड़ेगा। सभी अभिभावकों से कहा कि आवाज उठाने के लिए बच्चियों को प्रोत्साहित करें, उनका आत्मबल मजबूत करने की आवश्यकता है। घर, स्कूल, मोहल्ला, कार्यालय कहीं पर भी कोई उत्पीड़न न हो।कार्यक्रम में छात्राओं ने पूछा कि यदि हमारे पास मोबाइल उपलब्ध न हो या

- जिलाधिकारी ने छात्राओं द्वारा पूछेगए प्रश्नों का बड़ी ही मधुरता के साथ दिया उत्तर

मोबाइल में नेटवर्क न हो तो हम अपनी सुरक्षा कैसे करें, इस पर जिलाधिकारी ने बताया की बालिकाओं को स्वयं सेल्फ डिफेंस होना चाहिए। छात्राओं ने अपनी विभिन्न समस्याएं जिलाधिकारी के सम्मुख रखीं, साथ ही समाज में चल रही वर्तमान समस्याओं पर भी जिलाधिकारी के सम्मुख खुलकर चर्चा की। छात्राओं द्वारा घरेलू हिंसा, सड़क अव्यवस्था, छेड़छाड़ और विद्यालय में मेडिकल कैंप आदि के आयोजन से संबंधित अपनी बात जिलाधिकारी के सम्मुख रखीं। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा एवं दहेज से पीड़ित महिलाओं ने भी अपनी समस्याएं रखी। प्राप्त प्रार्थना पत्र एवं अवगत कराई गई समस्याओं पर केवल जिलाधिकारी ही नहीं बल्कि मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे विजेता एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी द्वारा बहुत ही धैर्यता और सहजता से सभी छात्राओं एवं हिंसा से पीड़ित महिलाओं के साथ मधुर संवाद किया एवं उनकी समस्याओं के तत्काल निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों से फोन के माध्यम से वार्ता की गई। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्राओं को अच्छी शिक्षा कैरियर काउंसलिंग की सही जानकारी देकर छात्राओं को जीवन में सही दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अनीता यादव प्राचार्य स्वर्गीय कांशीराम राजकीय बालिका विद्यालय, आत्रेयी चट्टोपाध्याय प्रवक्ता जीडी बिनानी पीजी कालेज, सहायक अध्यापक हिंदू बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डॉ मंजू यादव महिला कल्याण, महिला सशक्तिकरण हब से शालिनी देवी दिव्या जायसवाल वर्षा गुप्ता तथा वन स्टाफ सेंटर से प्रियंका सिंह निधि जायसवाल सहित छात्र-छात्राएं व अभिभावकगण उपस्थित रहें।

## पहले दुधमुंहे बच्चे को डाला चूल्हे में, फिर मां ने दी जान

जिला संवाददाता(vol)

बभनी/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के आसनडीह ग्राम पंचायत के जोबेदह गांव में एक मां ने अपने 10 माह के दुधमुंहे बच्चे को बुधवार की रात जलते चूल्हे में डालकर जला दिया। फिर स्वयं साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय राजपति पत्नी पतिराज निवासी ढेंगरपानी थाना बसंतपुर छत्तीसगढ़ बुधवार की रात फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों के मुताबिक राजपति बुधवार को ही अपने ससुराल ढेंगरपानी से अपने मायके जोबेदह आई थी। रात में खाना खाने के बाद सभी लोग सोने चले गए।राजपति अपने छोटे बेटे जो 10 माह का था उसे लेकर एक कमरे में सोने चली गई। बड़ा बेटा अपने मामा के साथ सोने चला गया। जब सब लोग सो गए इसी बीच वह अपने छोटे बेटे को चलते चूल्हे में डालकर जला दी और खुद घर के अंदर बडेर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सुबह जब लोग सोकर उठे तो जब अंदर जाकर देखा दो दंग रह गए। यह नजारा देखकर सभी के

- बभनी थाना क्षेत्र के जोबेदह आसनडीह गांव की घटना

होश उड़ गए। सब चिखना चिल्लाना शुरू कर दिए।

चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने यह शक जाहिर किया कि अगर बड़ा बेटा अपने मामा के साथ नही सोया होता अगर वह मां के साथ होता तो हो सकता था वह उसे भी मार देती।घटना की सूचना लोगों ने बभनी पुलिस को दिया सब इंस्पेक्टर मखखन लाल मयफोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि मामले की जांच हर पहलु पर की जा रही है। लोगों से घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## सड़क हादसों में दो की मौत, एक घायल

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र में हुए तीन सड़क हादसों में दो व्यक्तियों की मौत हो गई और एक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पहला हादसा डीह असरफाबाद गांव के समीप गलगला शहीद बाजार के पास हुआ, जहां 51 वर्षीय जुनेदपुर गांव निवासी राजनाथ विश्वकर्मा पुत्र रामजतन बाइक से घर लौटते समय सड़क पर गिर पड़े। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।दूसरा हादसा सदरूद्दीनपुर गांव के पास हुआ। यहां साइकिल सवार सारी जहांगीर पट्टी गांव निवासी 49 वर्षीय राम विसुन पुत्र सुखई को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया।तीसरा हादसा जहीरूद्दीनपुर गांव के पास रात करीब साढ़े आठ बजे हुआ, जहां पटैला (खुटहन) निवासी पैतालीस वर्षीय शिवपूजन गुप्ता पुत्र झगडू बाइक से मुड़ते समय फिसलकर घायल हो गए। एंबुलेंस से शाहगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।दो मौतों की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा सभी मामलों में आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली गई है और शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिए गया है।

## युवक को मारपीट कर 35 सौ छीनने का आरोप

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के एकडला गांव के पास बुधवार शाम क्षेत्र के खानपुर निवासी युवक ने कुछ मनबढ़ युवकों पर मारपीट और 3500 रुपए छीन लेने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है।मिली जानकारी के अनुसार खानपुर निवासी पंकज कुमार पुत्र सुबास अपने मित्रों विवेक कुमार और सुजीत कुमार के साथ बाइक से डीजल लेने जा रहा था। आरोप है कि लखनऊदबलिया राजमार्ग के उक्त गांव स्थित पेट्रोल पंप से पहले बगल के गांव के तीन मनबढ़ युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोपी युवकों ने पहले बाइक की चाभी निकाल ली और गाली-गलौज करते हुए पिटाई की। जाते-जाते उन्होंने युवक के पास से 3500 रुपए नकद छीन लिए और सूरापुर की ओर भाग निकले।घटना के बाद पीड़ित युवक ने थाने पहुंचकर तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह ने बताया कि मामला मारपीट का था, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## भाकपा माले ने 8 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा

लालगंज, मीरजापुर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिन वादी के जिला सचिव जीरा भारती के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं द्वारा लालगंज तहसील पहुंच कर विभिन्न गांव की समस्याओं को लेकर 8 सूत्रीय ज्ञापन तहसील कर्मचारियों को सौंपा गया। पत्रक लेते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम सभा मतवार हलिया में घर बनाने के लिए जमीन नहीं है बसंत लाल पुत्र जगधारी राजकुमार पुत्र राजमन नरेश पुत्र बब्बू समेत कई गरीबों को आवासीय कृषि पट्टा दिया जाए। बॉर्डर लालगंज तहसील क्षेत्र के गांव हैं इन गांवों के गरीबों को आवासीय व कृषि पट्टा दिया जाए। ग्राम सभा बढ़ौना में रीता जायसवाल के घर आने जाने का रास्ता दिया जाए। ग्राम सभा तुलसी में मुख्य रोड रामदेव के घर तक आने-जाने का रास्ता दिया जाए। ग्राम सभा नंदिनी लालगंज में श्याम कुमार पुत्र सधई के पास रहने के लिए जगह नहीं है आवास दिया जाए। कैश फॉर इंडिया द्वारा गरीबों को कर्ज के जाल में बुरी तरह फंसाया गया है गरीबों को छुटकारा दिलाया जाए। पत्रक लेते हुए तहसील कर्मचारियों ने समाधान करने का आश्वासन दिए।

## युवक की संदिग्धावस्था में मौत

आजमगढ़। पवई थाना क्षेत्र के ओरिल गांव में ननिहाल आए युवक की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। जौनपुर जनपद के सरपतहा गांव निवासी 25 वर्षीय नरेंद्र केवट का ओरिल गांव में ननिहाल है, पास के दूसरे गांव में उसके भाई की ससुराल है। दोनों गांव के सिवान में वह गुरुवार की सुबह अचेत मिला था। ननिहाल के लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## साहब ! मैं जिन्दा हूँ, पर मृत दिखा राशन कार्ड से हटा दिया नाम



शाहगंज/सोनभद्र। जिन्दा व्यक्ति को मृत दिखाकर राशन कार्ड से नाम हटाये जाने के गरीब व्यक्ति काफी परेशान है। वह अपने को जिन्दा होने की गुहार आलाधिकारियों से लगा रहा है। घोरावल ब्लाक क्षेत्रान्तर्गत ढुटेर गांव के नवाटोला निवासी राधेश्याम पुत्र टाघन ने बृहस्पतिवार को बताया कि हमें मृतक दिखाकर पात्र गहस्थी राशन कार्ड से मेरा नाम हटा दिया गयाहै। इसके पूर्व में राशन मिलता था। जबकि राशन कार्ड की मुखिया मेरी पत्नी कमली देवी की मृत्यु हो गयी है। इस कृत्य से वह अत्यधिक परेशान है। इस व्यथा को बयां करते समय उक्त व्यक्ति की ऑख और जुबां में आर्थिक कमजोरी दिखा रही थी। उक्त पीड़ित व्यक्ति ने जिलाधिकारी को प्रेषित शिकयती पत्र में बताया है कि साहब ! में जिन्दा हूँ, परन्तु हमें मृत दिखाकर राशन कार्ड से मेरा नाम हटा दिया गया हैं। उन्होने डीम से इस प्रकरण की तत्काल जॉच कराकर अपना नाम राशन कार्ड में पुनः शामिल कराने तथा जिन्दा व्यक्ति को मृत दिखाने वाले दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की ।

चार दिवसीय युवा खेल व सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ आगाज

सोनभद्र। अजीरेश्वर धाम जरहाँ के प्रांगण में गुरुवार को चार दिवसीय युवा खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ खेलकूद प्रतियोगिताओं से हुआ।महोत्सव का समापन रविवार को 22 राज्यों के लोकनृत्य समेत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मानसिंह गोंड़ ब्लाक प्रमुख म्योरपुर व विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद योग शिक्षिका प्रभा पांडेय, पूर्व एआरपी अखिलेश देव पांडेय व समाजसेवी अमरेश तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में स्काउट गाइड ध्वज फहराकर सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। तत्पश्चात अथितियों द्वारा कबड्डी कोर्ट का फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विलंब से शिरकत किये पूर्व विधायक दुद्धी हरिराम चेरो ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन किया। कबड्डी का उद्घाटन मैच आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन एकेडमी बीजपुर बनाम दक्षिणांचल पब्लिक स्कूल बभनी के बीच खेला गया जिसमें आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन की टीम में दक्षिणांचल विद्यालय की टीम को 15-14 के मुकाबले 1 पॉइंट से हराकर मुकाबला जीत लिया। समारोह में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समूह की महिलाओं द्वारा ममता देवी व अनवरी बेगम के नेतृत्व में हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई जो आकर्षण का केंद्र रही।युवा खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव समिति द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम में कुल 1170 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं और यह महोत्सव चार दिनों तक चलेगा जिसमे पहले दिन गुरुवार को विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, दूसरे दिन शुक्रवार व शनिवार को ग्रामीण स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता तथा रविवार को 22 राज्यो के लोकनृत्य समेत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महोत्सव का समापन होगा।समाचार लिखे जाने तक पहले दिन तमाम खेलकूद प्रतियोगिताएं चल रही थी। कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार यादव व संतोष जायसवाल ने किया। कमेंटेटर भागवत प्रसाद व रामचरन पनिका ने तथा निर्णायक की भूमिका राजू यादव, राकेश दुबे, दीपक बंशल, रामप्रताप पनिका, संजीव कुमार, अशोक सिंह आदि ने निभाई।

## उत्तर प्रदेश किसान सभा की बैठक हुई सम्पन्न

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश किसान सभा की विस्तारित बैठक गुरूवार को नगर के अम्बेडकर पार्क में वसीर अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग ने आगामी 26 नवंबर को होने वाले राष्ट्रव्यापी आंदोलन पर प्रकाश डाला ताकि बड़े पैमाने पर किसानों की समस्याओं पर गांव गांव जनता को जागरूक करने की अपील किया। किसान सभा जिला मंत्री गुलाब मौर्या ने कहाकि विस्तार संगठन की रिपोर्ट तथा 26 के धरना प्रदर्शन में आने की अपील की। साथ ही साथ सरकार से किसानों को सस्ते रेट पर खाद बीज तथा नहर में पानी देने की बात कहीं। सहसचिव जीयालाल ने सरकार से किसानों के सभी कर्ज माफी करने तथा किसानों के 10 हजार बुढ़ापे की पेंशन देने की मांग की। वहीं रामनेत यादव ने बिजली बिल, बिजली का निजीकरण व धान की पर्ची खरीद बंद करने तथा घटतौली पर रोक लगाने की मांग किया। बैठक में सुभाष यादव, रामअवध यादव, रामाज्ञा यादव, जावेद व भाकपा के जिलामंत्री जितेंद्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## झपटमारी मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लार पुलिस ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 393/2025 धारा 304(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त सद्दाम अंसारी पुत्र मुन्ना अंसारी ग्राम जमसडा थाना लार को मुखबिर की सूचना पर जमसड़ा गांव के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से झपटमारी की 9 अदद सोने की जीउतिया व 3300 रुपये नगद बरामद करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। मालूम हो कि 12 नवंबर को थाना लार पर तहरीरी सूचना देकर अवगत कराया गया कि 9 नम्बर की शाम में वादिनी के ही गांव के अभियुक्त सद्दाम अंसारी उपरोक्त द्वारा वादिनी का 9 जीउतीया व 3300 रुपए झपट कर भाग गया। जिसके संबंध में थाना लार पर मु0अ0संधारा 304(2) बीएनएस0 का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विवेचना की जा रही है।

# भूमि विवाद में चचेरे भाई ने चाकू घोंप कर युवक को उतारा मौत के घाट

जिला संवाददाता

कुशीनगर। भूमि विवाद में चचेरे भाई ने ही चाकू घोंप कर युवक की हत्या कर दी। बचाने आई मां व दादी पर भी हमला बोल दिया। दोनो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल कायम हो गया है। अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ के साथ तीन थानों

- बचाने आई मां रीता देवी, दादी सुनपति पर भी हमला बोल दिए
- कई बार हो चुकी है पंचायत

की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस एक महिला समेत तीन को हिरासत में लेकर पूछताछ मे जुटी है। घटना गुरुवार की सुबह लगभग दस बजे तमकुहीराज थाना के बहिरा बारी गांव की है।बतादे कि ग्रामवासी राजकोकिल आर्य व उनके चचेरे भाई छोटे लाल व सुभाष से दो माह पूर्व भूमि बंटवारे को लेकर विवाद शुरू हो गया। पंचायत के बाद दीवार चलाकर मामले का समाधान गांव के लोगों द्वारा करा दिया गया था, लेकिन अंदर ही अंदर दूसरा पक्ष नाराज चल रहा था।

गुरुवार को घटना के दिन विवादित भूमि के बगल में ग्राम पंचायत की भूमि, जिस पर पर राजकोकिल का कब्जा था, इसे जोतने-बोने को लेकर छोटे लाल अपने दोनों पुत्रों रंजीत व राजन तथा सुभाष अपने पुत्र डबलू के साथ पहुंचे।

राजकोकिल कोटे की दुकान पर राशन लेने गए थे। घर पर मौजूद राकेश के एतराज करने पर सभी लामबंद होकर हमला बोल दिए। बचाने आई मां रीता देवी, दादी सुनपति पर भी हमला बोल दिए। इस बीच राजन ने चाकू घोंप दिया, जिससे राकेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने राजन, एक महिला सहित तीन को हिरासत में लिया है। एएसपी निवेश कटियार, सीओ राकेश प्रताप सिंह व तमकुहीराज, तरयासुजान व पटहेरवा थाने की पुलिस पहुंची। एएसपी ने बताया कि, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वापस जाने के लिए राकेश को आज पकड़नी थी ट्रेन

काम पर वापस ओडिसा जाने के लिए राकेश आर्य को शुक्रवार को ट्रेन पकड़नी थी।

इसको लेकर उन्होंने तैयारी भी पूरी कर ली थी। घटना के बाद उनके छोटे भाई रितेश आर्य, नितेश आर्य व बहन नीतू कुमारी को रो-रो कर बुरा हाल है।

## ओएसआर ग्राम पंचायतों की आत्म निर्भरता का माध्यम है : विंध्याचल सिंह

देवरिया। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान की अंतर्गत देवरिया सदर विकासखंड में स्वयं के आय के स्रोत विषय पर सर्वाधिक आबादी वाले ग्राम पंचायतों के सचिवों तथा प्रधानों के एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक विकास अधिकारी पंचायत विंध्याचल सिंह, सह प्रबंधक फैकल्टी डीपीआरसी कुशीनगर बृजेश नाथ त्रिपाठी, राज्य प्रशिक्षक अजीत तिवारी एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक आशुतोष दुबे ने दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत विंध्याचल सिंह ने कहा कि ओएसआर ग्राम पंचायतो के आत्म निर्भरता का माध्यम है तथा उत्तरदायित्व पूर्ण शासन को बढ़ावा देता है।सह प्रबंधक डीपीआरसी कुशीनगर बृजेश नाथ त्रिपाठी ने कहा कि ओएसआर का लाभ योजनाओं की क्रियान्वयन तथा त्वरित निर्णय और नागरिकों की सहभागिता एवं विश्वास को बढ़ाता है। प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने कहा कि स्थानीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता तथा जवाब देही के साथ-साथ नवाचार और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ाने के लिए ओ एस आर सशक्त माध्यम है, जिस प्रकार राज्य सरकार है विभिन्न तरीके के करो को लगा करके अपनी आय सृजित करती है उसी प्रकार स्थानीय स्वशासन यानी हमारी ग्राम पंचायतें भी विभिन्न तरीके के कर ले करके जैसे जल, कर भूमि कर व्यापार कर आदि के माध्यम से भी अपनी आय सृजित कर सकती हैं। प्रशिक्षक आशुतोष दुबे ने कहा कि ग्राम पंचायत को 73 वें संविधान संशोधन के अंतर्गत कर लगाने का अधिकार है धारा 37 के अंतर्गत ग्राम पंचायत को कर लगाने का अधिकार है धारा 37 के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्वच्छता सेवा कर सड़कों की रोशनी के लिए भी कर लगा सकती है, बाजारों पर कर तथा बधशालाओं आदि पर भी कर लगा सकती है प्रशिक्षिका प्रतिभा पांडे ने आरसी सेंटर के माध्यम से ग्राम पंचायत के आय वाले वर्मी खाद गड्ढों से भी ग्राम पंमाध्यदीनदयाल चौहान, चंदू पासवान, शुभम गुप्ता, विनय पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे

## विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय अधिवेशन में बलिया के लिए बस रवाना

देवरिया। जनपद बलिया में 13 नवंबर से 16 नवंबर तक आयोजित होने वाले विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए देवरिया के टाउनहॉल परिसर स्थित विद्यार्थी परिषद कार्यालय से कार्यकताओं का एक दल, बस से बलिया के लिए रवाना हुआ जिसे भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एबीवीपी एक ऐसा छात्र संगठन है जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना पैदा करना है। यह संगठन शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने और छात्रों की समस्याओं को हल करने के लिए काम करता है, साथ ही छात्रों के व्यक्तित्व विकास और छिपी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करता है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, गंगा शरण पांडे और विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री प्रशांत त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## स्थानांतरित शिक्षक की विदाई

देवरिया। आज सेवा समिति बनवारी लाल इंटर कॉलेज के कला अध्यापक डॉक्टर ओमप्रकाश गुप्ता के स्थानांतरण पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर डॉ ओम प्रकाश गुप्ता को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक ना तो स्थानांतरित होता है ना तो विस्थापित होता है वह विश्वजनीन व्यक्तित्व का स्वामी होता है। ज्ञान का प्रकाश धरा के हर अंचल में पहुंचाना उसका ध्येय।इस अवसर पर अध्यापको ने अपने सम्बोधन में डॉक्टर ओमप्रकाश को राष्ट्रीय स्तर का चित्रकार बताते हुए उन्हे उच्च कोटि का शिक्षक बताया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी। डॉक्टर ओम प्रकाश गुप्ता का प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों ने शाल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राजेश मिश्रा ने किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्री अशोक कुमार चौहान डॉ अरविंद कुमार शुक्ल डॉ राजेश मिश्र डॉ शिवधारी प्रसाद अनिल मिश्र अखिलेश पाण्डेय संजयानन्द पाण्डेय ए अजय कुमार पांडेय रमाशंकर चौरसिया संजीव कुमार पाठक श्रीमती सुमन सिंह अविनाश कुमार बरनवाल संतोष कुमार राय देवव्रत श्रीवास्तव गुलाबचंद चौरसिया कमलेश राव शशि भूषण शुक्ला प्रियंका इत्यादि सभी अध्यापक कर्मचारी उपस्थित थे।

## तथागत शाखा की बैठक में विजेताओं को मिलीं बधाइयां

कुशीनगर। जनपद के पड़रौना नगर के हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज में गुरुवार को तथागत शाखा की एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में प्रांत स्तर पर आयोजित ‟भारत को जानो‟ प्रतियोगिता तथा समूह गान में शाखा के प्रतिभागियों द्वारा प्राप्त विजय पर सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।बतादे कि भारत विकास परिषद की ओर से प्रमुख रूप से दो प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं पहला भारत को जानो और दुसरा समूह गान, इन दोनों प्रतियोगिताओं में प्रांत स्तर पर भारत को जानो में जूनियर संवर्ग में रियल पैराडाइज एकेडमी पडरौना तथा सीनियर संवर्ग में जेपी इंटर कालेज कप्तानगंज विजयी रहे, जबकि राष्ट्रीय समूह गान में प्रांत स्तर पर जेपी इंटर कॉलेज कप्तानगंज के बच्चे विजयी हुए।बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष डॉ. अभिषेक शुक्ला ने की। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजीव मिश्रा, शाखा सचिव राधा रमन गाड़ियां, कोषाध्यक्ष विपिन माल, प्रांतीय उपाध्यक्ष (संस्कार गतिविधि) शैलेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष (सेवा गतिविधि) मनोज शर्मा सारस्वत, संगठन सचिव डॉ. निरेन पांडे, भारत को जानो प्रकल्प प्रमुख दुर्गा दयाल त्रिपाठी, गुरु बंदन छात्र अभिनंदन प्रकल्प प्रमुख मार्कंडेय कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय समूह गान प्रमुख श्रीराम जी, उपाध्यक्ष प्रदीप चहाड़िया, संजय बका, संजय मारोदिया, महिला संयोजिका दीपाली श्रीवास्तव, तथा विशेष आमंत्रित सदस्य रश्मि श्रीवास्तव उपस्थित रहे।सभी वक्ताओं ने विजयी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह उपलब्धि न केवल शाखा बल्कि पूरे जनपद के लिए गौरव की बात है।

## आपकी पूंजी आपका अधिकार‟ पहल के तहत एसबीआई का जागरूकता अभियान

देवरिया। वित्त मंत्रालय, भारत सरकार की पहल *‟आपकी पूंजी आपका अधिकार‟* के अंतर्गत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने जिले में ग्राहकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की है।आंचलिक कार्यालय, देवरिया से क्षेत्रीय प्रबंधक श्री विशाल सिद्धार्थ ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर ग्राहकों को उनके अधिकारों एवं निष्क्रिय खातों से संबंधित जानकारी देगा।अभियान के तहत ऐसे खातों की पहचान की गई है, जिनमें 10 वर्ष या उससे अधिक समय से कोई लेन-देन नहीं हुआ है। ऐसे खातों की शेष राशि भारतीय रिजर्व बैंक (फ्इक) के डिपॉज़िटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड (ऊएअऋ) में स्थानांतरित कर दी जाती है।ग्राहक अपनी होम शाखा मेग्राहक के निधन की स्थिति में उनके उत्तराधिकारी भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत यह राशि प्राप्त कर सकते हैं।देवरिया क्षेत्र की सभी एसबीआई शाखाएँ इस पहल में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। शाखा कर्मी उपलब्ध फोन नंबरों एवं व्यक्तिगत संपर्कों के माध्यम से ग्राहकों से जुड़कर उन्हें निष्क्रिय खातों के पुनः सक्रियण और अधिकारों के संबंध में जागरूक कर रहे है।

## कांग्रेसियों ने दिल्ली बम विस्फोट में मारे गये लोगों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी



देवरिया। राजधानी दिल्ली में हुए कार बम धमाके में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। गुरुवार को टाउन हॉल पार्टी कार्यालय पर कांग्रेसी एकत्रित होकर रामलीला मैदान शहीद स्मारक पर दीप प्रज्वलित कर दो मिनट मौन रखकर मृतकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। जिले के कांग्रेसीयों ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की एवं घायलों को जल्द स्वस्थ होने की मंगल कामनाएं ईश्वर से की। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि दिल्ली में हुए कार बम ब्लास्ट की घटना ने सभी भारतवासियों के दिलों को झकझोर कर रख दिया है। ऐसी घटनाओं की जितनी भी निंदा की जाये वह कम है। कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मानना है कि इस प्रकार के कृत्य को अंजाम देने वाले असमाजिक तत्वों को कठोर से कठोर सजा दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, नागेन्द्र शुक्ल, सुभाष राय, ऋषिकेश मिश्र, मिर्जा खुर्शीद, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, भरत मणि त्रिपाठी, चन्दन वर्मा, आलोक त्रिपाठी, ब्रजेश राजा, सुनील यादव, शिव शंकर सिंह, राजकुमार यादव, महेंद्र आंबेडकर, शेषनाथ गोड, रविंद्र मल्ल, अमानत अंसारी आदि कांग्रेस मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण लीलाएं जगरंजन के साथ ही सत्कर्म जैसे मानवीय मूल्यों को स्थापित करती हैं

देवरिया। श्री कृष्णा लीलाएं न केवल जगरजन करती हैं बल्कि मानवीय मूल्यों के स्थापित कर समाज को सही दिशा देती हैं।कथा श्रवण का रसपान कर हमारी मातृ शक्तियां, बहने, अग्रज अभिभूत थे। सिद्धस भागवताचार्य पं. मुकेश मोहन शास्त्री के श्रीमुख से कृष्ण लीला का प्रसंग, कंश और उसकी नगरी मथुरा एवं वृन्दावन का चित्रण, गजराज सरोवर प्रसंग, वर्ण, सत्कर्म आदि अनेकों मानवीय मूल्यों के उत्कृष्ट व्याख्या से भक्त आनंदित हुये। भक्तगणों के साथ तन्मयता से सपरिवार बैठकर श्री रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने कथा सुना। भागवत कथा के पंचम दिवस (आज) भागवताचार्य पं. मुकेश मोहन शास्त्री द्वारा नन्दोत्सव, माखन चोरी लीला, गिरिराज पूजन (अन्नकूट) आदि प्रसंग का श्रवण कराया जायेगा। इस अवसर पर गिरीशचन्द्र त्रिपाठी, सतीशचन्द्र त्रिपाठी, सुमेशचंद्र त्रिपाठी, रामजियावन मणि, विश्वनाथ मणि, ए ण पांडेय, रेवती मणि, अशोक अग्रवाल पूर्व विधायक रविन्द्र प्रताप मल्ल आदि उपस्थित रहे।

# आस्था का महासागर: बागेश्वर सरकार के स्वागत में झूमी ब्रजभूमि



मथुरा। गुरुवार को बृजभूमि का वातावरण भक्ति, आस्था और उल्लास के रंग में रंग उठा। बागेश्वर सरकार की पदयात्रा के कोटवन बॉर्डर पहुँचते ही हजारों श्रद्धालु जयघोष करते हुए उमड़ पड़े। पूरा क्षेत्र जय बागेश्वर सरकार हर-हर महादेव और जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। स्वागत

**संतों, समाजसेवियों और हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हुआ अलौकिक दृश्य**

समारोह का आयोजन अखिल भारत हिंदू महासभा, श्री भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति पार्टी और श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। वहीं मान मंदिर के सुनील शर्मा ने कहा कि कोटवन की सीमा पर आज जो दृश्य देखने को मिला, वह ब्रज के इतिहास में अविस्मरणीय रहेगा। आस्था का यह ज्वार बताता है कि ब्रजवासी अपने धर्म और संस्कृति के प्रति कितने गहराई से जुड़े हैं। अखिल भारत हिंदू महासभा के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित संजय हरियाणा ने कहा कि बागेश्वर सरकार का ब्रजभूमि में आगमन आस्था का पर्व है। यह यात्रा धर्म, संस्कृति और राष्ट्र चेतना के पुनर्जागरण की दिशा में अद्वितीय उदाहरण है। ब्रज की रज अब और अधिक पवित्र हो गई है।उन्होंने कहा कि बागेश्वर सरकार ने करोड़ों लोगों के मन में धर्म और सत्य के प्रति विश्वास जगाया है. वहीं भारतीय जनता पार्टी नमामि ब्रज क्षेत्र के संयोजक पंकज चतुर्वेदी ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कहा कि बागेश्वर सरकार ने भक्ति को जनांदोलन का रूप दिया है। उनकी यह यात्रा सनातन चेतना का प्रतीक है, जो युवाओं में धर्म और देश के प्रति समर्पण की भावना जगाती है। उन्होंने आगे कहा कि यह दृश्य ब्रजभूमि के लिए गौरव का क्षण है। सरकार जी का सानिध्य ब्रजवासियों के लिए सौभाग्य और प्रेरणा दोनों है। वहीं श्री भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा ने अपने जोशीले संबोधन में कहा कि बागेश्वर सरकार सनातन धर्म के सच्चे ध्वजवाहक हैं। उन्होंने जिस प्रकार अध्यात्म और राष्ट्र को जोड़ा है, वह भारत की आत्मा का परिचायक है।उन्होंने कहा कि आज ब्रजभूमि में श्रद्धा का जो ज्वार उमड़ा है, वह आने वाली पीढ़ियों को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देगा। ब्रज की यह पावन भूमि सदैव संतों और ऋषियों की कर्मभूमि रही है और आज उसी परंपरा को बागेश्वर सरकार ने पुनर्जीवित किया है।अंत में उन्होंने कहा कि जहाँ-जहाँ धर्म का ध्वज ऊँचा रहेगा, वहाँ भारत की आत्मा सशक्त रहेगी। यह यात्रा राष्ट्र जागरण की यात्रा है, जिसे युगों तक याद रखा जाएगा।श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संस्थापक श्याम शर्मा ने भावनात्मक शब्दों में कहा कि आज बागेश्वर सरकार के चरणों से ब्रजभूमि पावन हो गई है। जब सरकार जी की पदयात्रा कोटवन सीमा पर पहुँची, तब लगा मानो स्वयं देवत्व अवतरित हुआ हो। यह क्षण हर ब्रजवासी के लिए गर्व और श्रद्धा का संगम है।उन्होंने कहा कि ब्रजवासी अपने संतों का आदर करते हैं, और आज उन्होंने उस परंपरा को नई ऊँचाई दी है।

## फैक्टरी में घुसे चोर, गार्डों को किया लहूलुहान

आगरा। चोर दीवार फांदकर फैक्टरी में घुस आए। इसके बाद सरियों से हमला कर सुरक्षा गार्डों को लहूलुहान कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आगरा के थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के नारायच स्थित फैक्टरी नंबर-46 में मंगलवार देर रात चोरों ने धावा बोल दिया। ढलाई कारखाने में तैनात दो सिक्योरिटी गार्डों पर चोरों ने सरियों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों को अस्पताल भिजवाया है। फैक्टरी नंबर-46 में रात्रि सुरक्षा का जिम्मा पुष्पेंद्र और गिरीश के पास था। पुष्पेंद्र के बेटे नितिन ने बताया कि रात करीब 1 बजे दो अज्ञात चोर दीवार फांदकर फैक्टरी में घुस आए। उन्होंने उसके पिता पुष्पेंद्र और उनके साथी गिरीश पर सरियों से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल भिजवाया। पुष्पेंद्र का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के समय पुष्पेंद्र का बेटा नितिन आगरा में ही था।

# पारंपरिक एकादशी मेले का आयोजन



कुशीनगर। जनपद के पडरौना विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सभा पिपरा में गुरुवार को पारंपरिक एकादशी मेले का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस भव्य आयोजन का संयोजन ग्राम प्रधान दिनेश जायसवाल के नेतृत्व में हुआ, जिसमें ग्रामवासियों की भारी सहभागिता देखने को मिली। मेले में पारंपरिक खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष प्रतिनिधि श मनीष बुलबुल जायसवाल उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर कुश्ती प्रतियोगिता की शुरूआत करते हुए किया। श्री जायसवाल ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ‟हमारे गांवों की यह परंपराएं हमारी असली पहचान हैं। इस प्रकार के आयोजन सामाजिक एकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। नई पीढ़ी को इन पारंपरिक आयोजनों से जोड़ना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि हमारी सांस्कृतिक विरासत जीवंत बनी रहे।‟उन्होंने ग्राम प्रधान दिनेश जायसवाल एवं आयोजन समिति के सदस्यों को ऐसे सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद सदैव ग्रामीण विकास और जनकल्याणकारी कार्यों में सहयोग के लिए तत्पर रहेगी।मेला परिसर में विभिन्न स्टॉल, झूले, लोकनृत्य और भजन-कीर्तन के माध्यम से धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सहित श्री चंडी प्रसाद मेला संरक्षक शैलेश मद्धेशिया मेला व्यवस्थापक सनी मद्धेशिया दिवाकर मिश्रा, अतुल जायसवाल, हनुमान जयसवाल, भोला जयसवाल, बीडीसी भरदुल यादव, राजू मद्धेशिया, संजय जयसवाल उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

जिला संवाददाता

देवरिया। तीन दिवसीय मण्डलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य समापन स्व रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया विशिष्ट अतिथि राममनोहर शर्मा प्रतिनिधि राज्यमंत्री एवं अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चन्द तिवारी ने शिरकत किया। कार्यक्रम का समापन समारोह अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मण्डलीय प्रतियोगिता का आलओवर चैंपियन देवरिया जनपद ने गोरखपुर को 738 के मुकाबले 609 के अंतर से गोरखपुर को पीछे छोड़ते हुए बना। मण्डलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में व्यक्तिगत चैंपियन प्राथमिक बालक एवं बालिका वर्ग में कुशीनगर के नित्यानंद यादव एवं शबरून खातून रही। जूनियर बालक एवं बालिका संवर्ग में देवरिया के किताबुद्दीन एवं आतिया रही। इस मण्डलीय प्रतियोगिता में चारों जनपद से लगभग 2000 बच्चों ने प्रतिभाग किया। लगभग 500 शिक्षकों ने अपने सहयोग से पूरे मण्डलीय प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में अपना सहयोग प्रदान किया। नये शामिल हुए खेल मलखम बालक बालिका वर्ग में देवरिया ने जीत दर्ज की। शेपक टाकरा बालक एवं बालिका संवर्ग में देवरिया की टीम विजेता रही।

खो खो जूनियर बालक वर्ग में देवरिया ने गोरखपुर को नजदीकी मुकाबले में 4-3 से शिकस्त देकर विजेता बनी। पीटी में देवरिया के बच्चों ने अपने विशेष कौशल के दम पर गोरखपुर को पीछे छोड़ते हुए विजेता बनी।जूनियर बालक वर्ग फुटबाल में कुशीनगर विजेता रही। मण्डलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन दिवस में सम्पन्न हुए खेलों जूनियर बालक वर्ग के कुश्ती के विभिन्न भार वर्ग में 35 केजी से कम में गोरखपुर के पवन, 35-38 केजी में कुशीनगर के पुजारी, 38-41 केजी में कुशीनगर के बादल, 41-44 केजी में गोरखपुर के विकास गुप्ता एवं 48-52 केजी में कुशीनगर के शिवम ने प्रथम स्थान पर रहे। बैडमिंटन सिंगल में देवरिया के अनुज वर्मा, डबल में कुशीनगर के लक्की एवं धीरज विजेता रहे। शूटिंग में भी कुशीनगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता रही। जबकि क्रिकेट एवं हॉकी में देवरिया ने बेहतरीन खेल के दम पर विजेता बनी। वही कराटे के विभिन्न भाग वर्ग के क्रम में 15-20 केजी में गोरखपुर के विवेक, 20-25 केजी में देवरिया के अंश शर्मा, 25-30" में गोरखपुर के अंश कुमार, 30-35 केजी में देवरिया के अनिकेत एवं 40-45 केजी में गोरखपुर के शुभम विजेता बने। हैंडबाल में देवरिया ने कुशीनगर को नजदीकी मुकाबले में शिकस्त देकर विजेता बनी। पीटी के प्रदर्शन में देवरिया ने गोरखपुर को कड़ी टक्कर देते हुए विजई बनी। जूनियर बालिका वर्ग में शूटिंग में कुशीनगर, लोकगीत में गोरखपुर कि टीम मंडल विजेता बनी। क्रिकेट में गोरखपुर ने देवरिया को हराकर विजेता रही। वही हॉकी में कुशीनगर ने देवरिया को नजदीकी मुकाबले में शिकस्त देकर मण्डल विजेता बनी। हैंडबाल में कुशीनगर ने एकतरफा मुकाबले में गोरखपुर को शिकस्त देकर विजेता बनी। वॉलीबाल में देवरिया ने गोरखपुर को हराकर विजेता बनी। जिम्नास्टिक बालक एवं बालिका में गोरखपुर प्रथम एवं कुशीनगर द्वितीय स्थान पर रही।

इसके पूर्व सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक संगीता सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने सभी आगत अतिथियों को बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।राममनोहर शर्मा प्रतिनिधि राज्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों ने अपने मेहनत से जो बच्चों को तैयार किया है। वो काबिले तारीफ है। ये नन्हे नन्हे बच्चों ने जो प्रदर्शन यहाँ दिखाया है निश्चित ही उसके दम पर ये आगे राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे। अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनायें दी। आभार व्यक्त करते हुए सहायक शिक्षा निदेशक संगीता सिंह ने कहा कि ये प्रतियोगिता आप सब के मेहनत एवं सहयोग के कारण ही अपनी सफलता को छू रहा है। बेसिक खेलों में कुछ नये खेल भी जोड़े गए है। जिसमें मलखम का प्रदर्शन आप सब के सामने हुआ है जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## देवरिया सदर की खो-खो टीम मंडल चैंपियन बनी



देवरिया,। रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित मण्डलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में आज सदर विकास खण्ड की खो-खो टीम मण्डल चैम्पियन बनी।इस ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया के छात्रों का जूनियर बालक वर्ग के खो खो टीम का चयन आगामी राज्यस्तरीय रैली में प्रतिभाग करने के लिए हुआ।ये छात्र राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगें।इनके चयन पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शालिनी श्रीवास्तव खण्ड शिक्षा अधिकारी देव मुनी वर्मा, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक संजय तिवारी, खेल अनुदेशक गणेश यादव, पवन यादव एस0एम0सी0 अध्यक्ष सदरून निशा, प्रभारी प्रधानाध्यापिका इंद्रावती देवी, सहायक अध्यापक अनिल कुमार राय, राहुल सिंह, संध्या यादव, स्वाति सिंह, रजनीकांत त्रिपाठी, विनीता कुमारी, शाहजहां बेगम, सुमन चौहान, जाकिर हुसैन सहित अभिभावकों और ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

## सभासदों ने नगर विकास मंत्री से की मुलाकात



कुशीनगर। नगर पंचायत फाजिलनगर के सभासदों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को लखनऊ पहुंचा। जहां उन्होंने नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही सभासदों ने मांग की कि नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर शीघ्र चुनाव कराया जाए। ताकि विकास कार्यों की गति और तेज हो सके।

नगर पंचायत फाजिलनगर के अध्यक्ष स्वर्गीय शत्रुमर्दन शाही का हाल ही में लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया था।जिससे अध्यक्ष पद रिक्त चल रहा है। इस कारण कई विकास योजनाओं की प्रगति प्रभावित हो रही है। इस समस्या से त्वरित निदान के लिए नगर पंचायत के सभासदों ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मुलाकात किया तथा नगर पंचायत में विकास कार्यों में धीमी गति पर चिन्ता व्यक्त करते हुए अतिशीघ्र चुनाव कराने की मांग किया जिससे विकास कार्यों को गति मिल सके। मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। सरकार सभी नगर पंचायतों के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। रिक्त हुए नगर पंचायत अध्यक्ष पदों पर जल्द ही चुनाव कराने का प्रयास किया जाएगा। इसी दौरान निवर्तमान नगरपंचायत अध्यक्ष स्व.शत्रुमर्दन शाही की पत्नी श्रीमती सुनीता शाही भी अपने बच्चों और परिजनों समेत नगर विकास मंत्री से मिलीं जिन्हें उन्होंने ढांढ़स बंधाया।नगर विकास मंत्री से मिलने वालों में नगरपालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल तथा उनके पति व प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, सभासदगण जेपी सिंह, कमलेश वर्मा, रामसेवक सिंह, राहुल सिंह, श्यामू प्रसाद, नसीम आलम, विवेक प्रताप सिंह, बैरिस्टर गुप्ता, शमशाद आलम, राजेश गुप्ता, कुंवर शाही आदि शामिल रहे।

## मिशन शक्ति: लैंगिक आधारित हिंसा विषय पर आयोजित हुई जागरूकता



कुशीनगर। जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी ने बताया कि मिशन शक्ति के उप योजना ₹सामर्थ्य₹ के अन्तर्गत संचालित संकल्प हब फार इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन योजना के अन्तर्गत जनपद स्तर पर नवम्बर माह में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश प्राप्त है जिसके अनुपालन में गुरुवार को जनपद में स्थापित वन स्टाप सेन्टर में ₹लैंगिक आधारित हिंसा₹ विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि जागरूकता सत्र में हब फार इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन टीम के डिस्ट्रिट मिशन कोआर्डिनेटर नलिन सिंह द्वारा वन स्टाप सेन्टर में आवासित पीड़िताओं को लैंगिक आधारित हिंसा / घरेलू हिंसा पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसके दुष्प्रभाव के बारे में बताकर पीड़िताओं को जागरूक किया गया। श्रीमती प्रीती सिंह जेण्डर स्पेशलिस्ट द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इसके लाभ लेने एवं दिलाने का अनुरोध किया गया। श्रीमती बन्दना कुशवाहा जेण्डर स्पेशलिस्ट द्वारा प्रदेश में संचालित सभी हेल्पलाईन नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस अवसर पर जागरूकता सत्र में आवासित पीड़िताओं के अलावा महिला पुलिस कर्मी तथा वन स्टाप सेन्टर की समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच

फतेहपुर। ज्वालागंज बस स्टॉप में मिशिका सुपर स्पेशिलिटी, 301 डिफेंस कालोनी के डा० सुरेन्द्र पटेल निश्चेतना एवं क्रिटिकल आई.सी.यू. विशेषज्ञ तथा डा० प्रवीना पटेल चर्मरोग विशेषज्ञ के एक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर मे आए सभी सदस्यों / मरीजों की जांच की गयी तथा जांच के उपरान्त पाई जाने वाली बीमारियों के सम्बन्ध में बीमारी एवं उपचार यथा, अस्थमा, पेट की बीमारी, दमा, सुगर व दिमागी बुखार आदि के बारे में विधिवत रूप से अवगत कराया गया। मिशिका सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल में आई.सी.यू.. एन.आई.सी.यू., डेन्टल न्यूरो सर्जरी, आर्थो (हड्डी) सर्जरी, डायलिसिस, कैंसर ई.एन.टी. लैप्रोस्कोपी तथा जनरल सर्जरी जैसे एपन्डिस, गैस्ट्रो लैप्रोस्कोपिक आदि की सर्जरी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की जाती है। यह अस्पताल एक क्रिटीकल केयर सेंटर है, जहां पर आपका विश्वास हमार प्रयास चिकित्सा का आधार है। यहां पर वी केयर हेल्थ कार्ड भी बनाये जाते है। वी केयर कार्ड बनवाए तथा लाभ उठाएं। इस अवसर पर डा० सुरेन्द्र पटेल, डा० प्रवीना पटेल, डा० संदीप तोमर, डा० अंकित , वी०एस०बाजपेयी सीनियर मैनेजर तथा नर्सिंग स्टाफ शिवम गुप्ता व अन्य आदि उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित एन0आई0सी0 कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु सूचीबद्ध मैसर्स एन0सी0सी0 लि0 एवं मैसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जायें। उन्होंने कहा कि पूर्ण परियोजनाओं में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण किए जाने हेतु जनशक्ति बढ़ाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। सड़कों के रिस्टोरेशन कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शेष सड़कों का रिस्टोरेशन मानकों के अनुसार कराए जाने के निर्देश भी दिए। सड़कों के रिस्टोरेशन कार्यों की जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से जांच कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों के लिए मानकों के अनुसार थर्ड पार्टी इंस्पेशन भी सुनिश्चित कराया जाये और टी0पी0आई0 द्वारा संज्ञान में लाए गए बिंदुओं पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आतंकियों को सबक सिखाये सरकार

सीतापुर। दिल्ली के लालकिले के पास हुई आतंकवादी घटना को लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। गुरूवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने सड़क पर उतर कर विरोध जताया और राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। जिलाध्यक्ष संजय मिश्र ने कहा कि 10 नवम्बर को दिल्ली के लालकिले के पास हुई आतंकवादी घटना से पूरा देश स्तब्ध व बेहद आक्रोश में है। एक सभ्य समाज में आतंकवाद की घटनाएं मानवता पर प्रहार है। संगठन घटना में मृतक निर्दोष नागरिकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुये घायल लोगो के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता व जिला संरक्षक विश्ववीर गुप्ता ने कहा कि भारत देश भगवान बुद्ध के उपदेशों को मानने वाला शांतिप्रिय देश है। लेकिन यदि कोई भारत की शांति व सद्भाव एवं एकता को खण्डित करने की कोशिश करता है तो भारत ने समय-समय पर उसका करारा जवाब भी दिया गया है। व्यापारियों ने मांग की है कि दिल्ली आतंकी घटना की तह तक जाकर घटना के दोषियों व उनके पनाहगारों को ऐसी कड़ी सजा दी जाये। जो एक मिसाल बने और आतंकियों के आकाओं को सबक सिखाया जा सकें। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, राजकुमार रस्तोगी, सीमा जैन, प्रदीप अग्रवाल ह्यमुन्नाह्न, सुभाष अस्थाना, अमित गुप्ता, दिपिल अरोड़ा, अर्जुन राठौर सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायें : डीएम

जिला संवाददाता(vol)



- सीएचसी सिधौली का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण
- दवाओं का अद्यतन विवरण प्रस्तुत न कर पाने पर फार्मासिस्ट को नोटिस जारी

सिधौली (सीतापुर)। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर0 ने गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिधौली का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ओ0पी0डी0, भर्ती वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम, एन0आर0सी0 पैथॉलोजी, किचेन, आयुष्मान वार्ड, औषधि कक्ष, जे0एस0वाई0 वार्ड, एस0एन0सी0यू0 वार्ड, ओ0टी0 कक्ष आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

जिलाधिकारी ने दवाओं का अद्यतन विवरण प्रस्तुत न कर पाने पर फार्मासिस्ट को नोटिस जारी करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बेडशीट नियमित रूप से बदलवायी जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित यूनीफार्म में रहें। डिलीवरी रजिस्टर पर पूरा विवरण दर्ज कराया जाये तथा जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र डिस्चार्ज के समय ही उनके परिवारजन को दे दिया जाये। भर्ती मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का विवरण पर्चे में अवश्य दर्ज किया जाये। उन्होंने मरीजों से वार्ता कर चिकित्सालय में मिल रही सेवाओं के विषय में फीडबैक भी लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते का वितरण सुनिश्चित किया जाये। भोजन एवं नाश्ते की मात्रा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जाये। फैमिली प्लानिंग के संबंध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि डिलीवरी के उपरान्त समुचित काउंसलिंग की जाये। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों, फार्मासिस्टों, सफाई कर्मचारियों, सिक्योरिटी गार्ड एवं अन्य कार्मिकों का विवरण भी प्राप्त किया। उन्होंने फामेर्सी में जाकर दवाओं के रख-रखाव का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप दवाओं का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाये तथा दवाओं से संबंधित समस्त रिकार्ड अद्यतन रखा जाये। समय पर मांग पत्र भी प्रेषित कराया जाये, जिससे किसी प्रकार की दवाओं की कमी न हो। नरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी सिधौली डा0 ए0के0 सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने गर्भवती सीमा के पति से आयरन सुकोज दवा दिए जाने का फीडबैक लिया। सीमा के पति ने बताया कि पहले कुछ महिलाओं को टेबलेट खाने से रिएक्शन हो गया था, इसलिए डर की वजह से उन्होंने दवा नहीं ली।

सिधौली के मोहल्ला नरोत्तम नगर निवासी शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने एक मामले में सीएचसी सिधौली से तीन बार आरटीआई मांगी, लेकिन हर बार तत्कालीन व वर्तमान अधीक्षक ने अलग-अलग रिपोर्ट लगाई। इस पर उन्होंने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर डीएम ने जांच करवाने का आश्वासन दिया।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकना पहली प्राथमिकताः डीएम

फतेहपुर । जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में गाँधी सभागार कक्ष में एक विशेष गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी का उद्देश्य जिले में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर को कम करना तथा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करना था। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के अधिकारियों के साथ-साथ जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, बिन्दकी एवं खागा, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी यातायात, परिवहन विभाग के अधिकारी तथा अन्य विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर सुधारात्मक कदम उठाए जाएँ, सड़क संकेतकों की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए तथा आम नागरिकों में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाए।पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने, वाहन चालकों की जांच, हेलमेट एवं सीट बेल्ट उपयोग जैसी सुरक्षा विधियों के पालन पर विशेष बल दिया जाएगा। इसके साथ ही दुर्घटनाग्रस्त स्थलों पर शीघ्र चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराए जाने हेतु प्रभावी तंत्र तैयार किया जाएगा।बैठक के अंत में सभी विभागों को संयुक्त रूप से एक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को शून्य के करीब लाया जा सके और फतेहपुर जिले को "Zero FÔtÔlity District" के रूप में स्थापित किया जा सके।

## जिला उद्योग व्यापार मंडल पंजी की मासिक बैठक संपन्न

फतेहपुर। जनपद दिन गुरुवार को अपराह्न एक बजे जिला उद्योग व्यापर मंडल पंजी० )की मासिक बैठक होटल शांति गंगा हरिहरगंज में सम्पन्न हुई, बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राम बाबू गुप्ता ने की और संचालन वितरक संघ के अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने किया, बैठक में शहर में जाम की समस्या पर चर्चा हुई तथा अतिक्रमण अभियान चलाने के पश्चात ई-रिक्शा एवं फुटपाथ पर ठेले वालो व सब्जी वालो के लिए जगह चिन्हित करने की मांग की गई, जाम से निजात के लिए शहर के अंदर हर चौराहा एवम तिराहे से 100 मीटर की दूरी पर नो वेंडिंग जोन बनाने की मांग की गई, मुख्य अथिति के तौर पर बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे , बद्री विशाल गुप्ता, विवेक श्रीवास्तव, मनोज कुमार तिवारी, सुरेश गुप्ता, अरविंद गुप्ता, सुरेंद्र तिवारी इमरान खान, वीरेंद्र साहू, निजामुद्दीन, फैज कुमार मोदनवाल, फरहत अली सिद्दकी, राज कुमार मिश्रा, सरदार गुरमीत सिंह, सुशील अवस्थी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## अमोनियम नाइट्रेट और विस्फोटक भंडारण की दुकानों का निरीक्षण किया

पाटन, उन्नाव। विशेष जांच अभियान के अंतर्गत अमोनियम नाइट्रेट एवं विस्फोटक भंडारण की दुकानों का निरीक्षण किया। अपर पुलिस महानिदेशक,



कानून एवं व्यवस्था, उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार जनपद उन्नाव मे तहसील बीघापुर में नायब तहसीलदार विजय रंजन द्वारा संयुक्त रूप से विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना बीघापुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित अमोनियम नाइट्रेट एवं अन्य विस्फोटक पदार्थों के भंडारण करने वाली दुकानों का विधिवत निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान सुरक्षा मानकों, लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों एवं भंडारण की स्थिति की गहनता से पड़ताल की गई। टीम द्वारा दुकान मालिकों को विस्फोटक पदार्थों के सुरक्षित भंडारण एवं संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान से हमारा देश अखंड भारत बनाः अपर्णा यादव



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। भारत के प्रथम गृहमंत्री व लौह पुरुष के नाम से जाने जाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एकता पदयात्रा का आयोजन विधानसभावार किया जा रहा है। इसी क्रम में मिश्रिख विधानसभा में एकता पदयात्रा आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव मौजूद रही। साथ ही विशिष्ट अतिथि मिश्रिख सांसद अशोक रावत, जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने यात्रा का नेतृत्व किया। इस यात्रा में मिश्रिख क्षेत्र के सामाजिक धार्मिक एवं शैक्षिक जगत से जुड़े लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा के साथ ही साथ एक सभा का भी आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि अपर्णा यादव ने बताया कि सरदार पटेल की वजह से ही आज हमारा देश अखंड है। अन्यथा हम कई सारे टुकड़ों में विभाजित होते और एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने के लिए वीजा और पासपोर्ट की जरूरत पड़ती लेकिन सरदार साहब के लौह इरादों से हम अखंड हुए हैं और अखंड भारत के रूप में हम सब एक हैं हम सब उन्हें नमन करते हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने बताया की सरदार पटेल का योगदान हम सब के लिए अतुल है हम उनके योगदान से जहां अखंड हुए हैं वही हम सब में राष्ट्रभक्ति की भावना भी जागृत हुई है। उन्होंने यात्रा में आए हुए लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया की सरदार पटेल भारत माता के ऐसे वीर सपूत थे। जिनके योगदान के कारण हमारा देश एकता के सूत्र में पिरोया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए मिश्रिख के विधायक रामकृष्ण भार्गव ने बताया की मिश्रिख में आयोजित इस पदयात्रा में कोने-कोने से लोग आए हैं यह उनकी राष्ट्रभक्ति है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिश्रित ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडे नगर पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव, अजय भार्गव, साथ ही पार्टी के मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी व कार्यकर्ता सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सहकारी समितियों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

फतेहपुर। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकार से समृद्धिग्र के संकल्प को साकार करने की दिशा में इंदिरा गांधी सहकारी प्रबंध संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में एक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार, फतेहपुर में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले की 57 नवगठित एम.पी.ए.सी.एस. मल्टी परपज एग्रीकल्चरल को-ऑपरेटिव सोसाइटीज के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि सहभागी रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था -ग्रामीण सहकारी समितियों को आत्मनिर्भर, व्यवसायिक रूप से सशक्त एवं प्रशासनिक रूप से दक्ष बनाना।सत्र की शुरूआत एवं प्रशिक्षण विषयवस्त कार्यक्रम का संचालन सत्र संयोजक अभिषेक तिवारी द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में सहकारिता की मूल भावना, सामाजिक महत्व एवं स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समितियाँ यदि नवाचार और पारदर्शिता के साथ कार्य करें, तो वे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकती हैं।उन्होंने सुझाव दिया कि समितियाँ पारंपरिक कृषि व्यवसाय के अतिरिक्त नवोन्मेषी परियोजनाएँ अपनाएँ, जैसे- कोचिंग एवं प्रशिक्षण केंद्र, जिससे ग्रामीण युवाओं को कौशल आधारित रोजगार के अवसर मिल सकें। पोटैटो प्रोसेसिंग यूनिट, दाल मिल, दलिया एवं आटा चक्की प्लांट, जिनसे कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन हो।- फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, पशु आहार, कृषि उपकरण किराया केंद्र जैसे व्यवसाय, जिनसे समिति की आय बढ़े और सदस्म लाभान्वित हों।- डीपीआर (DPR) एवं बीडीपी (BDP) पर विशेष सत्र कार्यक्रम में एक विशेष सत्र डीपीआर एवं बीडीपी की तैयारी पर केंद्रित रहा।सत्र संयोजक अभिषेक तिवारी ने समझाया कि किसी भी समिति के सफल संचालन हेतु यथार्थपरक DPR और व्यवहारिक BDP का निर्माण अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि DPR (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) किसी परियोजना की तकनीकी, वित्तीय और व्यवहार्यता का पूरा खाका प्रस्तुत करती है। BDP (व्यवसाय विकास योजना) यह सुनिश्चित करती है कि समिति अपने संसाधनों, बाजार अवसरों और वित्तीय आवश्यकताओं का पूर्व नियोजन कर सके।सत्र में प्रतिभागियों को उदाहरण स्वरूप आटा चक्की प्लांट, दाल मिल एवं फूड प्रोसेसिंग यूनिट की उद्धफ्एवं इउद्ध तैयार करने की व्यवहारिक रूपरेखा भी दिखाई गई।

## प्रधान के निधन पर शोक जताया

उन्नाव। बालाजी युवा मंडल के संरक्षक एवं बेहटा ग्राम पंचायत के प्रधान रूपनारायण दीक्षित के आकस्मिक निधन पर मंडल की ओर से एक शोक सभा आयोजित की गई। मंडल ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बैठक का संचालन मंडल के संयोजक दिनेश दीक्षित ने किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने प्रधान रूपनारायण दीक्षित के व्यक्तित्व और उनके कार्यों को याद करते हुए कहा कि वे समाजसेवा की भावना से ओतप्रोत व्यक्ति थे। उनके निधन से न केवल गांव को बल्कि पूरे क्षेत्र को एक सच्चे मार्गदर्शक का नुकसान हुआ है।बताया गया कि रूपनारायण दीक्षित पिछले एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थे और लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। बुधवार की भोर में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। जैसे ही यह खबर गांव और मंडल के सदस्यों तक पहुँची, क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।मंडल के सदस्य शुभम द्विवेदी ने कहा कि प्रधान जी के सौम्य स्वभाव और मिलनसार व्यवहार से हर कोई प्रभावित रहता था। उनके मार्गदर्शन ने मंडल को हमेशा प्रेरित किया। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस अवसर पर लक्ष्मी शंकर चैरसिया, शीशू द्विवेदी, साजन, प्रधान राम बली, बच्चा माली, गिरीश शुक्ला, अन्नू वर्मा, रोहित यादव उर्फ पीहू, लक्ष्मी नारायण पासवान, सत्यम दीक्षित, देवी प्रसाद निर्मल, नीशू द्विवेदी, रवी चैरसिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## 108 एंबुलेंस ने समय पर पहुंचकर बचायी महिला की जान

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र अंतर्गत कानपुर लखनऊ हाइवे पर ओवर टेक करने के दौरान बाइक फिसल गई थी जिसमें बाइक सवार दंपति घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची एंबुलेश ने घायलों को उठकर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाने के पहले पायलट के सहयोग से एंबुलेश में प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिससे उसकी जान बच सकी। हसनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हसन खेड़ा निवासी दीपक यादव पुत्र प्रदीप यादव पत्नी रश्मि 35 वर्ष के साथ बाइक से रिश्तेदारी में आई थी। जहां से दंपति घर वापस लौट रहे थे अभी वह अजगैन थाना क्षेत्र अंतर्गत हाइवे पर पहुंचे थे तभी वाहन को ओवर टेक करने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई थी जिसमें महिला को गंभीर चोट आ गई थी। हालांकि पति को महमूली चोट आई थी राहगीरों ने महिला को खून से लतपथ देख 108 एंबुलेश को फोन कर घटना की जानकारी दी। जिससे समय रहते उसे उपचार मिल सका। घटना के संबंध में प्रभारी राजेश चैधरी ने बताया कि108 सेवा की तत्परता और समर्पण से एक गंभीर मरीज को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकी, जिससे उसकी जान बचाई जा सकी।



यह घटना जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की कुशलता और प्रभावशीलता को दशार्ती है।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में चल रहे सभी चकबंदी कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चकबंदी प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन गाँवों में चकबंदी का कार्य लंबित है। वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य प्रारंभ किया जाए। भूमि विवादों, अभिलेखीय त्रुटियों तथा किसानों की आपत्तियों का समाधान तेजी से कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि फील्ड स्तर पर अधिकारी सक्रिय रहें। कार्यों की गुणवत्ता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में चकबंदी पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाओं में चकबंदी निदेशालय के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि चकबंदी संबंधी कार्य जिन गांवों में क्रियाशील है। वहां प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी न्यायालय में लम्बित वादों को समय से निस्तारित किया जाये। सरकारी भूमियों से सम्बन्धित लम्बित वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यसभा सांसद व पूर्व डीजीपी बृजलाल ने डीएम से की मुलाकात



सीतापुर। राज्यसभा सांसद एवं पूर्व डीजीपी बृजलाल गुरुवार को जनपद मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने सांसद खेल प्रतियोगिता को लेकर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आगामी प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा की और युवाओं को खेल के माध्यम से अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की बात कही।

मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में बृजलाल ने दिल्ली धमाके को लेकर सपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। जबकि सुरक्षा एजेंसियां लगातार देश की सुरक्षा में जुटी हैं। उन्होंने कहा दिल्ली का धमाका सरकार की विफलता नहीं है। बल्कि हमारी एजेंसियों की सक्रियता के कारण आतंकी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। पूर्व डीजीपी ने कहा कि पहले अमेरिका में हुए धमाकों में इंजीनियर और पायलट शामिल थे। लेकिन इस बार के दिल्ली धमाके में एमडी डॉक्टर शामिल पाए गए हैं। यह दिखाता है कि आतंकवाद अब पढ़े-लिखे लोगों में भी अपने पैर पसार रहा है। बृजलाल ने बताया कि विदेश दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि अगर किसी देश से हमारे यहां धमाके के तार जुड़ते हैं, तो भारत वहां जाकर जवाब देगा। उन्होंने कहा कि यह नई भारत की नीति है जो आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि खुफिया एजेंसियों की सजगता और त्वरित कार्रवाई के चलते आतंकी डॉक्टर धार्मिक स्थलों तक नहीं पहुंच सके। बृजलाल ने सुरक्षा एजेंसियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा, जो सिर्फ सहता था अब जवाब देना जानता है।

## नन्हे समर्थक के घर पहुंचे समाजसेवी, मनाया जन्मदिन



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के गाँव भटखेरवा खुर्द पोस्ट धानी खेड़ा मे समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्प फाउण्डेशन पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने एक नन्हे समर्थक आदित्य यादव पुत्र महेन्द्र यादव ऊर्फ सेनू के जन्मदिन पर अतिब्यस्ततम कार्यक्रम होने के बावजूद बालहठ के आगे झुकने को मजबूर हुए व अपने समर्थक छोटे बच्चे के जन्मदिन के अवसर पर भटखेरवा खुर्द गाँव पहुंचे, घर पहुंचकर पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने छोटे बच्चे आदित्य यादव को माला पहनाकर केक काटकर तालियों की करतल ध्वनि के बींच बड़ी धूमधाम से जन्मदिन मनाया, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने आदित्य यादव को जन्मदिन की बधाई दी व उनके सुनहरे उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी है।

पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने छोटे बच्चे आदित्य से पढ़ाई मे खूब ध्यान देने को कहा तो बच्चे ने भी कहा कि बड़े होकर हम भी आपकी तरह सबकी सेवा करने का कार्य करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से मानवेन्द्र सिंह, गुड्डू पटेल, शिवकुमार फौजी, रमेश यादव, रामचंद्र, रिंकू, कमलेश यादव, राघवेंद्र सिंह, आशू सिंह, आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने की अनूठी जनस्वास्थ्य पहल

सीतापुर। शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने को लेकर जनपद में एक अनूठी जनस्वास्थ्य पहल की गयी है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई-इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम का गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार ने की। सीएमओ ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों की कुल मौत का एक प्रमुख कारण डायरिया भी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस पर नियंत्रण के लिए स्टॉप डायरिया कैम्पेन (डायरिया रोको अभियान) चलाया जा रहा है, जिसे ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम से और बल मिलेगा। इसके तहत समुदाय में जागरूकता को बढ़ावा दिया जाएगा और व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि दस्त प्रबन्धन को पूरी तरह प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि डायरिया से डरने की जरूरत उस स्थिति में नहीं है जब हम पूरी तत्परता के साथ उसके रोकथाम और बचाव के उपायों को तत्काल अपना लेते हैं। दूसरी ओर डायरिया से डरना इसलिए जरूरी है कि यदि तत्काल जरूरी उपाय न किये गए तो वह गंभीर रूप भी ले सकती है। पीएसआई-इंडिया के स्टेट हेड अमित कुमार और सीनियर मैनेजर प्रोग्राम अनिल द्विवेदी ने बताया कि आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम और महिला आरोग्य समितियों के सदस्यों को डायरिया के प्रमुख बिदुओं के बारे में प्रशिक्षित करने के साथ ही ओआरएस की महत्ता, शीघ्र स्तनपान और छह माह तक सिर्फ स्तनपान के फायदे के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। हाथ धुलने की सही विधि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. विकास मिश्रा, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वयक शिवाकांत, डीसीपीएम रिजवान मलिक, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी राज कुमार, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन की जिला समन्वयक सीता मिश्रा, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से नगरीय बाल विकास परियोजना अधिकारी आशुतोष वाजपेयी, पीएसआई इण्डिया से कमलेश कुमार, अश्विनी आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## शराब व कंपोजिट शॉप्स का निरीक्षण

**बांदा।** आबकारी आयुक्त के आदेश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी के निर्देश, जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 सदर टीम ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कतरावल ग्राम में दबिश दी। इस दौरान आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके अलावा टीम ने जिले की देशी शराब की दुकानों एवं कंपोजिट शॉप्स का आकस्मिक सघन निरीक्षण किया तथा विक्रेताओं को निर्धारित मूल्य पर ही शराब बिक्री करने के सख्त निर्देश दिए। उपलब्ध स्टॉक और क्यू आर कोड का मिलान किया गया तथा विक्रेताओं को सफाई रखने तथा पॉश मशीन से 100 प्रतिशत स्कैन करके बिक्री करने के निर्देश दिए गये।

## मांगों को लेकर धरना प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**बांदा।** यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में उपाध्यक्ष, मंत्री व अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षा निदेशालय स्तर पर लम्बित 19 सूत्रीय एवं शासन स्तर पर लंबित मांगों को उठाया और धरना देकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मांगो एवं समस्याओं का निस्तारण नही किया गया तो 27 नवंबर को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक, 10 दिसंबर को संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय में, 23 दिसंबर को अपर शिक्षा निदेशक बेसिक व 16 जनवरी को शिक्षा निदेशक बेसिक, 29 जनवरी को शिक्षा निदेशक माध्यमिक, 10 फरवरी को महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ के यहां धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कहा कि सूचना प्रांतीय अध्यक्ष विवेक यादव एवं महामंत्री राजेशचंद्र श्रीवास्तव को भी भेजी गयी है।

इस दौरान सुधीर निगम, रूपेश पाठक, सुनील कुमार कुशवाहा, अशोक सेठी, शिवसरूप यादव, अनूप सोनी, अर्चना शुक्ला, संजीव प्रजापति मौजूद रहे।

## पॉक्सो एक्ट के तहत 20 साल का सश्रम कारावास

देवरिया। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जनपदीय पुलिस की प्रभावी पैरवी से थाना भलुअनी पर पंजीकृत अन्तर्गत धारा 376 (ए),(बी) भादवि0 पाक्सो एक्ट में न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त रामआश्रय यादव पुत्र स्व. रक्षा यादव निवासी खजुरी भट्ट थाना भलुअनी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 10,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज का डीएम ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के भौतिक सत्यापन और उनकी बेहतरी के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही मरीजों से उनका फीडबैक भी लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालय में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न करे, इसके लिए सीसीटीवी कैमरें बढ़ाये जायें और यदि कोई सरकारी सम्पत्ति को क्षति पहुंचाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर जुमार्ना वसूला जाए। मरीजों को बेहतर उपचार के साथ-साथ साफ बेड, शौचालय, जांचे आदि निःशुल्क उपलब्ध करायी जायें, यदि किसी प्रकार के लेनदेन की शिकायतें मिली तो सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जिन चिकित्सकों की यहां आवश्यकता है उनके लिए शासन से पत्राचार किया जाएगा और जल्द से जल्द चिकित्सकों की तैनाती के प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने आउटसोर्स पर कार्यरत कर्मचारियों से मिलकर एक सप्ताह के भीतर लम्बित वेतन दिलवाये जाने हेतु प्राचार्य डा0 मयंक शुक्ला को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने महिला ओपीडी कक्ष, आकस्मिक विभाग व जच्चा-बच्चा बार्ड सहित शिफ्टिेड एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। यहां पर मौजूद मरीजों व तीमारदारों से वार्ता कर उन्हें दिये जा रहे उपचार व बेड, जांच, भोजन आदि व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया।

- स्वास्थ्य सेवाओं का मरीजों से लिया फीडबैक, प्रत्येक कक्ष में जाकर देखी व्यवस्थाएं
- औषधि कक्ष पहुंचकर स्टॉक चेक किया और चिकित्सक द्वारा लिखी दवाओं का हुआ सत्यापन
- अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर लगेगी रोक, सीसीटीवी कैमरे बढ़ाये जायेंगे

जिलाधिकारी ने पर्चा काउंटर व दवा वितरण कक्ष में जाकर पंजिकाओं का अवलोकन किया और सम्बंधित कर्मचारी को मानक के अनुसार मरीजों की हिस्ट्री व दवाओं का अंकन करने के निर्देश दियें मौके पर प्रधानाचार्य द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पूर्व में यह जिला चिकित्सालय था, लेकिन इसे बाद में 500 बेड का उच्चीकृत मेडिकल कॉलेज में



परिवर्तित कर दिया गया है। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने एसएनसीओ व मदर केयर यूनिट का निरीक्षण किया। मौके पर जिलाधिकारी ने इमरजेंसी एक्जिट को भी देखा और निर्देश दिये कि चिकित्सालय के ऑपन एरियाज को जाली से कवर कराया जाए, ताकि कोई यहां गंदगी या कचरा न डाल सके।

ऑपरेशन थियेटर में सीएमएस ने बताया कि प्रतिदिन 5 से 8 ऑपरेशन किये जाते हैं और मरीजों को चिकित्सालय के भीतर से ही दवाएं व उपकरण उपलब्ध कराये जाते हैं। जरनल वार्ड, महिला, पुरुष व आयुष्मान वार्ड के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पेसेंट हिस्ट्री एवं स्टॉफ पॉजीशन रजिस्टर का अवलोकन किया तथा वार्ड में भर्ती मरीजों को देखा, उनसे वार्ता की। जिलाधिकारी ने औषधिक भण्डार कक्ष में पहुंचकर स्टॉक चैक किया और चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवाओं को मंगाकर उनका सत्यापन किया। बताया गया कि यहां पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं भी स्टॉक में उपलब्ध हैं, जो मरीजों को निःशुल्क दी जाती हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उपलब्ध दवाओं के साथ-साथ एक्सपायरी दवाओं का भी रिकॉड रखा जाए और ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट किया जाके।

जिलाधिकारी ने ब्लड बैंक पहुंचकर ब्लड स्टोरेज चैम्बर का निरीक्षण किया और स्टॉक चैक किया, बताया गया कि अभी ब्लड बैंक में 94 यूनिट ब्लड उपलब्ध है, इसके उपरान्त उन्होंने मेडिकल कॉलेज के नये भवन का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ मयंक शुक्ला, सीएमएस डॉ गजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डीके राज सहित अन्य चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाहरी व्यक्ति दिखने पर गार्ड देंगे पुलिस को सूचना

अयोध्या। जिला अस्पताल के इमरजेंसी ओपीडी में फार्मासिस्ट की कुर्सी पर अनाधिकृत दिखने के मामले का संज्ञान लिया गया है। अब जिला अस्पताल प्रशासन ने अस्पताल परिसर में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश और घूमने को लेकर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। जिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डॉ. राजेश सिंह ने सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा तैनात सभी सुरक्षाकर्मियों व होमगार्डों को आदेश जारी किया है।

इसमें स्पष्ट कहा गया है कि सुरक्षाकर्मी प्रतिदिन समय-समय पर अस्पताल के सभी ऑपरेशन थिएटर (ओटी), इमरजेंसी, ओपीडी कक्ष और सभी वार्डों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान यदि कोई अनाधिकृत व्यक्ति मिले तो उसे तत्काल चिह्नित कर अस्पताल परिसर से बाहर कराना सुनिश्चित करें। आदेश में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि यदि कोई अनाधिकृत व्यक्ति किसी चिकित्सक, कर्मचारी या अन्य स्टाफ के साथ भी हो और परिसर से बाहर जाने से इंकार करे, तो तुरंत रिकाबगंज पुलिस चैकी को सूचना देकर उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई कराई जाए। यही नियम डॉक्टरों पर भी लागू होगा। चाहे उनके साथ का ही कोई क्यों न हो।

## डीएम कार्यालय का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न पटलों का किया अवलोकन



**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अंशिका दीक्षित की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित दीशा इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं के साथ बैठक के दौरान उनका मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने (एन0ई0पी0)2020 के तहत संपूर्ण विकास, कौशल शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सार्वभौमिक मानव मूल्य पर छोटे-छोटे प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किए। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अंशिका दीक्षित ने उनकी सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ज्ञानार्जन के लिए किसी सीमा या उम्र का बंधन नहीं होता, इसलिए जहां से भी ज्ञान प्राप्त हो निसंकोच होकर उसे प्राप्त करें और निरंतर सीखने के लिए प्रयासरत रहें। डॉ0 समीर अहमद के नेतृत्व में दीशा इंस्टिट्यूट, धामपुर के छात्र एवं छात्राएं हेड ऑफ ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के अंतर्गत जिलाधिकारी कार्यालय का भ्रमण करते हुए छात्रों को कलेक्ट्रेट के विभिन्न कार्यों के संपादन के बारे में नाजिर और नायब नाजिर ने उनको आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। डॉ0 समीर अहमद ने छात्र-छात्राओं के मार्गदर्शन के लिए जिलाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दीशा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की फैकल्टी सदस्य मधुलिका राजपूत सहित मैनेजमेंट स्ट्रीम के छात्र एवं छात्राएं मौजूद रही।

# पोषण, टीकाकरण और त्वरित निदान से ठीक हो सकता है निमोनिया : सीएमओ



**ललितपुर।** विश्व निमोनिया दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में जिला स्तरीय निमोनिया प्रबंधन की अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. इम्तियाज अहमद ने बताया कि निमोनिया की रोकथाम हेतु 12 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक साँस अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया से होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए विशेष प्रयास किये जाएगें। साँस अभियान की टैग लाइन है निमोनिया नहीं तो बचपन सही। नोडल अधिकारी एन.एच.एम अमित तिवारी ने बताया कि 2025 के लिए विश्व निमोनिया दिवस की थीम- बाल जीवन रक्षा, है। यह इस बात पर जोर देती है कि अच्छे पोषण, स्वच्छ हवा, टीकाकरण और त्वरित निदान व उपचार के द्वारा ही निमोनिया से होने वाली मृत्यु को रोका जा सकता है। निमोनिया से बचने के लिए विटामिन सी तथा प्रोटीन की प्रचुरता वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती हैपब्लिक हेल्थ स्पेशिलिस्ट डॉ. सौरभ सक्सेना ने पावर पॉइन्ट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया कि निमोनिया एक बेहद गंभीर और जानलेवा बीमारी है। वैसे तो ये बीमारी किसी को भी हो सकती है, लेकिन बच्चों और बूढ़ों में इसका जोखिम अधिक होता है निमोनिया एक ऐसी स्थिति है जब फेफड़ों की एल्वियोली में तरल पदार्थ भर जाता है, जिससे सांस लेने में गंभीर कठिनाई होती है।

यह संक्रमण बैक्टीरिया, वायरस या फंगस के कारण होता है। सांस अभियान का उद्देश्यल है निमोनिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना ताकि बीमारी को रोका जा सके। ठंड के मौसम में निमोनिया के केस तेजी से बढ़ने लगते हैं। निमोनिया का सबसे अधिक खतरा 5 साल से कम उम्र के बच्चों और 65 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को होता है, क्योंकि उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली या तो अपरिपक्व होती है या उम्र के साथ कमजोर हो चुकी होती है। इसके अलावा जो लोग धूम्रपान करते हैं उनमें निमोनिया का खतरा अधिक होता है। निमोनिया से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय टीकाकरण है। निमोनिया की शिकायत होने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में जा कर चिकित्सक से इलाज कराना चाहिए। गोष्ठी के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेन्द्र सिंह, मातृ स्वास्थ्य परामर्श दाता रविशंकर झाँ, कनिष्ठ सहायक ललिता वर्मा, रजनी प्रजापती एवं सी.एम.ओ के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## कॉलेज में घुस रहे गौवंशों से छात्र परेशान, जिम्मेदार मौन



**बांदा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज अन्ना जानवरों का अड्डा बनता नजर आ रहा है। कालेज में लगातार आवारा पशुओं का जमावड़ा देखने को मिल रहा है जिससे पढ़ाई का माहौल प्रभावित हो रहा है। सांडों के झुंड जब परिसर में घुसते हैं तो छात्र-छात्राओं को जान बचाकर भागना पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। कॉलेज प्रशासन की लापरवाही के चलते अन्ना जानवरों का उत्पात बढ़ता जा रहा है। परिसर में घूम रहे सांड व गाये न केवल कूड़े में मुंह डालकर गंदगी फैला रही हैं बल्कि कक्षाओं के पास पहुंचकर छात्रों के बैठने तक में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं जिससे छाओं के बीच भय का माहौल है। छात्रों के पीठ पीछे पहुंचने वाले सांडों से आत्मरक्षा करना मुश्किल हो जाता है। कॉलेज प्रशासन की उदासीनता छात्रों में चिंता का विषय बनी हुई है। परिसर में फैली गंदगी के चलते संक्रमण फैलने का भी खतरा है, लेकिन कोई अधिकारी संज्ञान लेने को तैयार नहीं है। आवारा पशुओं पर रोक नहीं लग पा रही है जबकि नगर निगम ने चेतावनी दी है कि, यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो अन्ना जानवरों को पकड़ने के अभियान में मनमानी करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। छात्रों का कहना है कि कॉलेज परिसर में गंदगी व आवारा पशुओं की समस्या काफी समय से बनी हुई है लेकिन कॉलेज प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। जिससे पढ़ाई का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया है और छात्राएं भयभीत होकर कॉलेज आ रही हैं। कॉलेज प्रशासन की चुप्पी इस समस्या को और बढ़ा रही है।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर महारैली 25 नवंबर दिल्ली में

**बिजनौर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 25 नवंबर दिल्ली में होने वाली महारैली की सफलता के लिए इरिगेशन मिनिस्ट्रियल संगठन सिंचाई एवं भंडार कर्मचारी संघ व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ (सिंचाई) की संयुक्त बैठक डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता एवं सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह के संचालन में हुई।

अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 25 नवंबर की महारैली पुरानी पेंशन बहाली कि संघर्ष में मिल का पत्थर साबित होगी और संघर्ष को सफलता के आयाम पर पहुंचाएगी। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा एवं जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहां ये श्रेय और अस्तित्व का नहीं भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा का है। इरिगेशन मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भंडार, कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार दिवाकर एवं सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा, जिला मंत्री ब्रह्मपाल सिंह आगामी 25 नवंबर को दिल्ली हमारे संगठन के अध्यक्ष से अधिक साथी प्रतिभाग करेंगे, क्योंकि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। बैठक में अटेवा आईटी सेल जिला प्रभारी व आकाश दीप, दीपक कुमार, वीरपाल सिंह, पवन कुमार, अवधेश कुमार, विनय कुमार, हेमेंद्र कुमार, संजय कुमार, मुनेंद्र सिंह, राहुल कुमार, दिलीप सिंह, सुनील कुमार, जागेश, नितिन कुमार आदि ने महारैली की सफलता का आह्वान किया।

## डीएम ने निर्माणाधीन बस स्टेशन का किया निरीक्षण



**बांदा।** तहसील बबेरू में परिवहन विभाग के निर्माणाधीन बबेरू बस स्टेशन का जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य बन्द मिला। मौके पर उपस्थित कार्यदायी संस्था यू0पी0सिडको के अधिशाषी अभियन्ता ने बताया कि निर्माण किये जा रहे बस स्टैंड की द्वितीय किश्त की मांग की गई है, धनराशि प्राप्त होने पर कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि द्वितीय किश्त की धनराशि प्राप्त होते ही कार्य प्रारम्भ किया जाये। उन्होंने निर्माण कार्य को मानक एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम जे0 रीभा ने कहा कि कार्य में समय एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सब्जी विक्रेता से 25 हजार हड़पने वाले फर्जी पत्रकारों पर हुआ मुकदमा

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में फर्जी पत्रकारों की कमी नहीं है, सोशल मीडिया पर एकाउंट बनाकर एक फर्जी माइक लेकर जनपद के नगर सहित गांवों-कस्बों में वीडियो बनाते हुये ऐसे सैकड़ों कथित फर्जी पत्रकार घूम रहे हैं, जो लोगों को ब्लेकमेल करने के साथ ही साथ उनका मानसिक एवं आर्थिक शोषण कर रहे हैं। अभी कुछ समय पूर्व एक दुकान को अतिक्रमण में फिकवा देने की धमकी देते हुये 25 हजार रुपये लेकर हड़प लेने और वीडियो वायरल करने पर 50 हजार रुपये की और मांग

- सवा महीने तक प्रताड़ित होकर विक्रेता ने दिये रुपये, बना ली वीडियो
- दुकान हटवाने की दे रहे थे धमकी

करने का हैरत अंगेज मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर पीड़ित सब्जी विक्रेता ने चार लोगों पर एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी हैशहर क्षेत्र के मोहल्ला नदीपुरा निवासी मु.रहीश पुत्र मु.हनीफ ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह फुटपाथ पर सब्जी की दुकान खोलकर अपना व परिवार का भरण-पोषण करता है। नझाई बाजार में पार्किंग के बगल में रिक्त जमीन पर वह विगत 25 वर्षों से काबिज होकर अपनी सब्जी की दुकान संचालित किये है। पीड़ित के अनुसार पिछले एक-सवा महीने पहले मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवासी फर्जी पत्रकार बॉबी उर्फ देवेन्द्र पाठक व नई बस्ती निवासी बलराम पचौरी अपने दो अज्ञात साथियों के साथ दुकान पर आये और अपने आप को पत्रकार बताते हुये वीडियो बनाने लगे। इनके साथ उक्त समय एक व्यक्ति और भी था। पांचों लोग यहां प्याऊ प्रस्तावित होने की बात कहने लगे। आरोप है कि उक्त लोग सब्जी विक्रेता से दुकान हटाने की बात कहने लगे, जब सब्जी विक्रेता ने प्याऊ सम्बन्धित दस्तावेज मांगे तो उक्त लोगों ने पत्रकार होने की धौंस दी और दो दिन के अंदर दुकान हटा लेने की धमकी देते हुये अन्यथा की स्थिति में अतिक्रमण में दुकान हटवा देने की बात कही। पीड़ित सब्जी विक्रेता का आरोप है कि कई दिनों तक उक्त लोग उसकी दुकान पर आकर वीडियो बनाते और उसे धमकाते रहे, जिससे वह सहम गया। प्रतिदिन होने वाले मानसिक उत्पीड ? और दुकान बचाने की जद्दोजहद में उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने 50 हजार रुपये देने पर प्याऊ को और कहीं शिफ्ट करा देने की भी बात कही। संदेह होने पर पीड़ित ने बीती 28 सितम्बर 2025 को अपराह्न करीब 1 बजे सब्जी मण्डी में केले के थोक विक्रेता साबिर पुत्र फकीरे की दुकान पर उक्त लोगों ने बुलाया और मामला निपटाने की बात कही। पीड़ित जब उक्त साबिर की दुकान पर जाने लगा तो उन्हें रास्ते में उसका भाई रफीक और रोंडा निवासी मेहरबान सिंह भी मिले। साबिर की दुकान पर पहुंचने पर यूट्यूबर फर्जी पत्रकार बॉबी उर्फ देवेन्द्र पाठक लक्ष्मीपुरा व बलराम पचैरी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ उससे 50 हजार रुपये की मांग की। मानसिक दबाव से आजिज आकर पीड़ित ने उक्त लोगों को 25 हजार रुपये नकद दे दिये, जिसका वीडियो भी उन्होंने बना लिया। पीड़ित ने अपने साथ हुये जालसाजी और ब्लैकमेलिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करा दी, जिस पर उक्त लोगों ने पुनः आकर उसे धमकाया और 50 हजार रुपये और मांगने लगे। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने धमकाया कि उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा और वह उसका वह हाल करेंगे कि



पीढ़ी दर पीढ़ी याद करेंगे। पीड़ित ने जानमाल का खतरा भी बताया। मु.रहीश की तहरीर पर पुलिस अधीक्षक ने मामले की पूरी जांच करायी। जांच पूरी होने के बाद अब एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने लक्ष्मीपुरा निवासी देवेन्द्र पाठक उर्फ बॉबी व नईबस्ती निवासी बलराम पचौरी समेत दो अज्ञात लोगों पर बीएनएस की धारा 308 (5) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## शिकायतकर्ता कार्यवाही से संतुष्ट नहीं

ललितपुर। कस्बा बार में क्षेत्र पंचायत की जमीन पर अवैध रूप से बनायी गयी 20 दुकानों को अवैध करार देते हुये क्षेत्र की जनता द्वारा मण्डल आयुक्त से कार्यवाही की मांग की गयी थी। प्रकरण की जांच मुख्य विकास अधिकारी ने दलबल सहित मौके पर जाकर की थी। बताया जा रहा है कि सीडीओ की रिपोर्ट उपरान्त बिना लेण्टर की 9 दुकानों को ध्वस्त करने और 11 दुकानों को श्रमदान घोषित करने का फैसला लिया था। लेकिन मौके पर सकारात्मक कार्यवाही न होने के चलते क्षेत्र के युवा फिर से मण्डल आयुक्त की शरण में पहुंचे हैं। बीते बुधवार को क्षेत्र के युवाओं ने मण्डलायुक्त को झांसी पहुंच कर पत्र दिया। पत्र के जरिए उन्होंने मण्डल आयुक्त को बताया गया कि उक्त अवैध पायी गयी दुकानों को लेकर जिलाधिकारी ने आदेश दिया था, जिसको लेकर वहां की जनता द्वारा सभी दुकानों को ध्वस्त करने की मांग उठायी जा रही है।

## पुलिस कप्तान ने किया कोतवाली तालबेहट का निरीक्षण

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना तालबेहट का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक किया गया तथा व्यवस्थित रख-रखाव करने को कहा। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु निर्देशित किया। माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व हिस्ट्रीशीटर की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व मिशन शक्ति टीम को निरंतर थाना क्षेत्र स्कूल, कॉलेज, पार्को आदि जगहो पर भ्रमण करने हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें। प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट को साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलाकर, आमजन को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट को थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चैराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि जगहों पर पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सर्दी के मौसम के दृष्टिगत, लूट, चोरी, छिनैती आदि प्रकार की घटनाओं के पूर्व अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर उनके विरूद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक तालबेहट को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट/शराब पीकर आदि वाहन चालकों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# नुक्कड़ नाटक कर यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक




जिला संवाददाता

***बांदा।*** यातायात जागरुकता माह के तहत दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के नेतृत्व में गुरूवार को बाबूलाल चैराहे पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान भागवत प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज व नगर पालिका इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने अभिनय, काल्पनिक घटनाओं व संगीत के माध्यम से लोगों को यह समझाने का प्रयास किया कि सड़क पर एक छोटी सी चूक उन्हे तथा उनके परिवार को अपूर्णीय क्षति की ओर ले जा सकती है। यातायात नियमों का पालन करना न केवल स्वयं तथा दूसरों की जीवन रक्षा के लिए जरुरी है बल्कि सभी नागरिकों का कत्र्तव्य भी है। इस दौरान लोगों को बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाने, दो पहिया वाहन में तीन लोगो को न बैठाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने व वाहन चलाते समय फोन पर बातचीत न करने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, चैराहे पर लगी बत्तियों के संकेत के अनुसार चलने तथा अपनी लेन में चलने के बारे में जागरुक किया। सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक ने कहा कि माह भर चलाए जा रहे जागरुक अभियान में प्रत्येक स्कूली छात्र-छात्राएँ बांदा पुलिस की ब्रांड एम्बेस्डर हैं, उन्होने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की, कि वह आस-पास के लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करें। छात्र-छात्राओं की प्रसंशा करते हुए कहा कि सामाजिक मूल्यों के प्रति सकारात्मक अभिरुचि सराहनीय है, आपके प्रयासों से ही जागरुकता अभियान को मौलिक सफलता तक पहुंचाया जा सकता है। इसके बारद जागरुकता रैली निकालकर लोगों को जागरुक किया गया। इस दौरान विद्यालयों के शिक्षक, यातायात प्रभारी संजय कुमार मिश्रा, यातायात मास्टर ट्रेनर पीयूष मिश्र, यातायात सुरक्षा समिति सदस्य सुनील सक्सेना व अन्य लोग मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस ने तेज रफ्तार वाहनों पर रडार गन से कसा शिकंजा



**महोबा।** तेज रफ्तार वाहन सड़क हादसों का प्रमुख कारण बनते हैं। इन्हीं दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यातायात माह नवंबर के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश विशेष अभियान चलाया गया। यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के दुर्घटना बाहुल्य स्थलों को चिन्हित कर हाईवे पर स्पीड राडार गन लगाकर वाहनों की गति का मापन किया गया। निर्धारित सीमा से अधिक गति से चलने वाले वाहनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए ई चालान जारी किए गए। कानपुर सागर हाईवे पर की गई इस विशेष चेकिंग में 20 वाहन ओवरस्पीडिंग में पकड़े गए, जिनके विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन की कार्रवाई की गई है।

## पोस्टमार्टम में खुलासा! शाजिया की चोट से हुई थी मौत, 07 पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**बिजनौर।** ससुरालियों द्वारा मारपीट से विवाहिता की मौत के मांमले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नगीना पुलिस ने मृतका की बहन की तहरीर पर जीरो एफआईआर दर्ज कर जनपद अमरोहा पुलिस को मुकदमा ट्रांसफर कर दिया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने से मृतका के परिजनों को इंसाफ की उम्मीद लगने लगी है। जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र मोहल्ला छिप्पीपाड़ा निवासी नूर मौहम्मद की पुत्री शाजिया की शादी जनपद अमरोहा में हुई थी। शाजिया की 02 सितम्बर 2025 को संदिग्ध परिस्थिति में ससुराल अमरोहा में मौत हो गई थी। परिजनों द्वारा शाजिया के शव को अमरोहा से लाकर 03 सितंबर को नगीना के मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित कब्रिस्तान में दफना दिया था। मृतका की बडी बहन नाजिया की शिकायत सुनने के बाद डीएम के आदेश पर 16 अक्टूबर को शाजिया का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शाजिया के सर और हाथ पर चोट पहुंचाने के कारण मौत की पुष्टी हुई। नगीना पुलिस ने मृतका की बहन नाजिया की तहरीर के आधार पर मृतका शाजिया के पति अजहरुद्दीन पुत्र निसार, सास, रजिया पत्नी मुनव्वर, मुनव्वर पुत्र अनवर, तबस्सुम, वसीम, शकील और दाऊद सहित सात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर घटना अमरोहा होने के कारण मुकदमा अमरोहा पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने से मृतका के परिजनों को गुनाहगारों को सजा की उम्मीद लगने लगी है।

# देश दहलाने की साजिश

एक बार फिर देश के दुश्मनों ने दिल्ली को दहलाने की साजिश की। दुस्साहस तो पूरे देश को दहलाने का कर रहे थे लेकिन एजेंसियों ने जिस तरह धर-पकड़ की उससे आतंकियों को जल्दबाजी में आत्मघाती विस्फोट करना पड़ा। दिल्ली धमाकों को सरकार ने आतंकी घटना माना है और इसमें मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि देने के साथ यह संकल्प भी किया गया है कि दुश्मन चाहे जहां हों, बच नहीं पायेंगे। आतंकवाद के प्रति भारत सरकार का यह कठोर रुख आश्वस्त करता है। लेकिन यह भी जरूरी है कि आतंकियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाये और सजा दी जाये। हमें यह भी समझना होगा कि आतंकवाद एक विचारधारा है और इसे खत्म करना कठिन है। इसलिए आतंकवाद से सुरक्षा के लिए हमारी सतर्कता और कठोर प्रहार ही सबसे कारगर उपाय है। इसलिए सरकार को भी, एजेंसियों को भी और देश को भी हमेशा आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता के साथ सतर्कता बरतनी होगी। देश तभी आतंक के भस्मासुर से सुरक्षित हो सकता है। राजधानी दिल्ली में लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास कार में जो जबरदस्त



विस्फोट हुआ, उसमें अब तक 13 लोग मारे जा चुके हैं और 20 से ज्यादा घायल बताये गये हैं। घटना के बाद दिल्ली, मुंबई, उप्र समेत देश के बड़े शहरों और राज्यों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। यह विस्फोट इतना ताकतवर था कि उसकी गूंज करीब एक किमी. तक सुनाई दी, कार में सवार आतंकी के चीथड़े उड़ गये और इस कारण पहचान के लिए डीएनए टेस्ट का सहारा लेना पड़ा। जहां घटना हुई वह राजधानी का उच्च सुरक्षा वाला इलाका है, लिहाजा बेहद संवेदनशील भी है। प्रधानमंत्री मोदी स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त, पर लालकिले की प्राचीर से ही देश को संबोधित करते हैं। दिल्ली में लालकिले के पास इतना ताकतवर विस्फोट हुआ है और 25-30 किमी. दूर हरियाणा के औद्योगिक शहर फरीदाबाद में फतेहपुर तगा गांव के एक मकान से 2563 किग्रा. विस्फोटक रसायन और धौज गांव के एक और मकान से 360 किग्रा. रसायन, यानी कुल 2900 किग्रा. के करीब विस्फोटक रसायन, बरामद किया गया है। अब तक ही जांच में फरीदाबाद में विस्फोटक मिलने और दिल्ली में विस्फोट के साथ कनेक्शन स्थापित हो चुके हैं। ऐसे में यह बात स्पष्ट है कि आतंकी इतना विस्फोटक देश को दहलाने के लिए ही जमा किये होंगे। हैरान और क्षुब्ध करने वाला तथ्य यह भी है कि इस आतंकी मॉड्यूल में कई शिक्षित डॉक्टर संलिप्त हैं। उनके तार पाकिस्तान में जैश-ए-मुहम्मद से जुड़े रहे हैं। आप कल्पना कीजिए कि यदि इस रसायन को विस्फोटक पदार्थ बनाकर इस्तेमाल करने में पूरी तरह से आतंकी सफल हो जाते तो कई पुलवामा जैसी घटनाएं देश में होतीं। यही नहीं, आतंकियों की इस डॉक्टर चौकड़ी के पास से एके-47, 56, बेरेटा पिस्टल, असॉल्ट राइफलें, 20 टाइमर, 8 बड़े और 4 छोटे सूटकेसों और 50 बोरों में विस्फोटक रसायन भरा हुआ था। फिलहाल ये आतंकी पुलिस की हिरासत में हैं। लेकिन यह सवाल बहुत गंभीर है कि फरीदाबाद में विस्फोटक मिलने और इसकी भूमिका दिल्ली विस्फोट में स्थापित होने के बाद आतंकियों के टारगेट पर देश के कौन-कौन से शहर और जगह थीं। बेशक दिल्ली का विस्फोट बहुत बड़ी आतंकी घटना है। इसमें अब 13 लोगों की जान जा चुकी है लेकिन जितनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए हैं उससे लगता यही है कि इन सफेदफोश आतंकियों के निशाने पर संभवतः पूरा देश रहा होगा। इनकी साजिशों का भंडाफोड़ भी बड़ी उपलब्धि है क्योंकि इन्होंने डॉक्टर चोला पहन रखा था, ऐसे में इन पर शक करना आसान नहीं था। चूंकि अब इनकी करतूतें उजाकर हो गयी हैं, तो जरूरत इस बात की है कि इनकी पूरी हिस्ट्री खंगाल कर सब कुछ सामने लाया जाये। संभव है इस तरह की साजिशें कोई और माड्यूल भी कर रहा हो।

विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।
-चाणक्य.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

# ग्लोबल साउथ में नौसेना का नवजागरण


संजय श्रीवास्तव

दक्षिण एशियाई देशों, ग्लोबल साउथ में नौसेना के नवजागरण की लहर चल रही है। चीन एक बड़ी लहर के तौरपर सामने आ रहा है, उसके पीछे पाकिस्तान और बांग्लादेश भी हैं, लेकिन हमारी खामोश और ठोस तैयारियां भी इनसे पीछे नहीं हैं। सरकार और नौसेना यह बात जानती है कि क्षमता विकास से अपने समुद्री हितों को वास्तविक शक्ति में तब्दील करना होगा। इस दिशा में पीछे रहना जोखिम भरा हो सकता है।

ग्लोबल साउथ के समुद्री सीमा रखने वाले देशों में एक नयी प्रवृत्ति परिलक्षित हो रही है। ऐसे देशों की नौसेनाएं जैसे नवजागरण युग में प्रवेश कर चुकी हैं। ये देश अपनी नौसेना के साज संवार, आधुनिकीकरण के प्रति इतने उद्धत दिखते हैं कि यह भी नहीं देख रहे कि उनकी समुद्री सीमाओं पर खतरे के अनुपात में ये कवायदें कहीं अतिरेकी तो नहीं? ज्यादातर की कोशिश नौसेना क्षमताओं के विकास से समुद्री शक्ति को एक नए स्तर पर ले जाने की है। दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, ईरान, थाईलैंड आदि भी अपने बेड़े में अत्याधुनिक फ्रिगेट, पनडुब्बी और मल्टी रोल युद्धपोत जोड़े जा रहे हैं। इससे हिंद महासागर और दक्षिणी समुद्री क्षेत्र की जियो-सामरिक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। इस नौसेना नवजागरण के परिदृश्य में चीनी नौसेना का लगातार विस्तार, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी नौसेना में आपसी सहकार तथा इन दोनों के लिए चीन जिस तरह बन रहा है मददगार, वह काबिले गौर है। भारत को दक्षिण एशिया में मुख्यतः चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश की नौसानिक तैयारियों पर गहरी नजर रखनी ही होगी और उसके मद्देनजर तैयारियां भी करनी होगी। उसे वैश्विक परिदृश्य में नौसैनिक विस्तार को देखते हुए इस क्षेत्र में श्रीलंका, मालदीव वगैरह से भी बाखबर रहना होगा। पाकिस्तान का जो युद्धपोत 54 साल बाद पहली बार बंगाल की खाड़ी से होता हुआ रक्षा सहयोग को मजबूत करने के मकसद से गुडविल विजिट पर बांग्लादेश पहुंचा था, वह 12 नवंबर 2025 को भारत के लिए यह सवाल छोड़ते हुए विदा हो गया कि दोनों देशों के बीच नौसेना के सुदृढ़ीकरण के लिए कोई खिचड़ी क्यों और कैसे पक रही है?

चटगांव बंदरगाह, बंगाल की खाड़ी में देश के पूर्वी तट के करीब है। चीन यहां अपना अड्डा बनाना चाहता है। इसलिए पाकिस्तानी और चीनी जहाजों की आवाजाही से भारत की समुद्री सुरक्षा पर खतरा बढेगा। फोर्सेस गोल-2030 के अंतर्गत बांग्लादेश नौसेना नए युद्धपोत खरीदने के अलावा पनडुब्बी, आईएसआर यानी इंटेलिजेंस, सर्विलांस, रिकॉन तथा स्वदेशी निर्माण क्षमताएं बढ़ा रही है। पनडुब्बी और समुद्री विमान संचालन की सुविधाओं में वृद्धि के लिए राबनाबाद में देश का सबसे बड़ा नौसैनिक



अड्डा बन रहा है। बांग्लादेश, पाकिस्तान, चीन तथा तुर्की के बने कई युद्धपोत खरीदने के साथ उनके सहयोग से युद्धपोतों व पनडुब्बियों के 9-वर्षीय आधुनिकीकरण के कार्यक्रम में लगा है। चीन के सहयोग से विकसित उसकी पहली हांगोर-क्लास पनडुब्बी अगले साल उसकी नौसेना में शामिल हो जाएगी और इसकी संख्या 2028 तक आठ पहुंचाने का उसका इरादा है। तुर्की में बना अत्याधुनिक हथियार व स्टील्थ खूबियों से लैस बाबर-क्लास फ्रिगेट इसी साल उसके शामिल होने की खबर है। पाकिस्तानी नौसेना तुर्की द्वारा दान की गई डोगन-क्लास फास्ट अटैक क्राफ्ट को अपनी नौसेना में शामिल करने वाले मालदीव के साथ संयुक्त अभ्यास कर रही है। इन कवायदों के पीछे पाकिस्तान का मकसद समुद्री संसाधनों और रणनीतिक समुद्री मार्गों की सुरक्षा के अलावा शक्ति प्रदर्शन भी है। श्रीलंका नौसेना भी चीनी, रूसी और पश्चिमी साझेदारों के साथ मिलकर ताकत बढ़ाने की जुगत में है। चीन ने हाल-ही में अपना तीसरा अत्याधुनिक तकनीक संपन्न एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान उतारा और चैथे की घोषणा करने के साथ हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और हिन्द-ओमान जल-डमरूमध्य में चीन अपनी समुद्री महत्वाकांक्षा तथा शक्ति प्रदर्शन का डंका बजा दिया है। इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम वाले फुजियान के आने पर चीन की नौसेना अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी ऐसी नौसेना बन गई है, जिसके पास इतनी आधुनिक तकनीक से संपन्न कैरियर फ्लीट है। फुजियान जैसे बड़े जहाज पर जे-35 स्टील्थ फाइटर, केजे-600 वॉर्निंग विमान और जे-15 जैसे आधुनिक विमान तैनात हो सकते हैं, छोटे रनवे से भी उडान भर और उतर सकते हैं। इससे उसकी नौसेना की लंबी दूरी की मारक क्षमता को कई दिनों तक अबाध जारी रखने वाली हो जायेगी। वह एक साथ रक्षा या बचाव तथा हमले और निगरानी संबंधी ऑपरेशंस को लंबे समय तक चला सकता है।

विमर्श

वह इसके चलते ताइवान, दक्षिण चीन सागर और हिंद महासागर में अपनी ताकत दिखा सकता है। अब चीन अपने तीनों कैरियर्स रूस की डिजाइन पर बने लियाओनिंग, शानडोंग और स्वदेशी फुजियान को एक साथ कर के एक कैरियर स्ट्राइक ग्रुप बना सकता है जिससे प्रभावित होने वाला इस क्षेत्र में महज भारत ही होगा। भारत की मुसीबत यह है कि उसके ईंधन आपूर्ति और व्यापार मार्ग यहीं से गुजरते हैं। हालांकि फुजियान कितनी जल्दी वार रेडी होगा, यह अभी देखना है फिर भी इसके आने के बाद, भारतीय नौसेना पर दबाव बढ़ेगा कि वह भी अपने जहाजों, विमानों और रडार सिस्टम को आधुनिक बनाए। भारत के पास फिलहाल आईएनएस विक्रमादित्य और आईनएस विक्रांत दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं। दोनों स्की-जंप रैंप तकनीक वाले हैं, जबकि चीन के पास इससे बहुत आगे की तकनीक है, जो नौसेना को जंग के दौरान दुश्मन से मीलों आगे ले जाती है। हालांकि भारत अगली पीढ़ी के ऐसे युद्धपोत बनाने पर विचार कर रहा है, जिसमें इक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम हो। आज की रफ्तार से अनुमान लगाएं तो उसे लक्ष्य प्राप्ति में कई बरस लगेंगे। आईनएस विक्रमादित्य को साल 2035 में रिटायर्ड किया जा सकता है। हिंद महासागर में सामरिक संतुलन बनाए रखने के लिए तीसरे विमानवाहक पोत की जरूरत है, जिसकी तैयारी तेज है, इसके अलावा दो अन्य युद्धपोत की तैनाती की भी योजना हैं। पर सवाल यह है कि क्या वे फुजियान जितने आधुनिक होंगे? बांग्लादेश का चीन-सहयोग और नेवल बेस के माध्यम से चीन का विस्तार भारत के लिए चिंता का विषय है, तो पाकिस्तान-चीन गठबंधन, बंगाल की खाड़ी में चीन-बांग्लादेश, समुद्री घुसपैठ तथा अफ्रीका-अरब सागर में चीन की नजर भारत को रणनीतिक रूप से दबाव में लाता है। हमारे प्रतिस्पर्धियों ने तय समय-सीमा वाले कार्यक्रम अपनाए हैं, हमने इसके जवाब में इतनी तीव्र प्रक्रिया अपनाई है कि हमारा पिछड़ना नामुमकिन है।

हालांकि पड़ोसी और ग्लोबल साउथ के देशों की नई नौसैनिक तैयारियां भविष्य में सीधे तौरपर भारत की सामरिक और नीतिगत कार्रवाइयों को प्रभावित करेंगी, जिससे हमारे लिए सतर्क, उन्नत और सहयोग आधारित अप्रोच जरूरी हो जाता है। हमको बंगाल की खाड़ी, अरब सागर एवं हिंद महासागर में मल्टी-डोमेन सतर्कता, निगरानी और नौसैनिक शक्ति प्रदर्शन को बढ़ाना होगा। प्रतिस्पर्धात्मक नौसेना विस्तार से शक्ति प्रदर्शन बढ़ने से सागरीय संपर्क, संसाधनों की रक्षा, समुद्री आपूर्ति श्रृंखला एवं मल्टी-लैटरल समन्वय आगे बहुत आवश्यक हो जाएगा। इसलिए हमें टेक्नोलॉजिकल अपग्रेडेशन, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, बीस्पोक शक्ति संतुलन बनाए रखने के लिए रणनीतिक व कूटनीतिक सक्रियता और बढ़ानी होगी। हमें क्षमताओं का विस्तार करने के लिए जहाज, पनडुब्बी, विमान व बेस इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण समयसीमा के भीतर सुनिश्चित करने के साथ समुद्री खुफिया नेटवर्किंग बढ़ाने के साथ मित्र देशों के साथ आधार व अभ्यास बढ़ाना होगा। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान व फ्रांस के साथ साझा नौसैनिक मिशनों और प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों पर साझेदारी करनी होगी। ग्लोबल साउथ में नौसैनिक नवजागरण का दौर भारत के लिए चुनौती के साथ अवसर भी प्रस्तुत कर रहा है। यदि भारत ने समय पर आत्मनिर्भर, स्वदेशी नव-नौसैनिक क्षमताओं को स्थिरता व विस्तार के साथ लागू किया, तो वह भारतीय-महासागर क्षेत्र में अपना नेतृत्व सुनिश्चित कर सकता है।

## सोशल मीडिया



नयी नीतियों तकनीकों और नवाचारों से सशक्त बनाकर 'सहकार से समृद्धि' के मूल मंत्र को साकार कर रही है, नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय कोआ. कुंभ को संबोधित किया। अमित शाह.



कलरात्रि पार्टी प्रत्याशी तथा जिला संगठन पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मतगणना संबंधी दिशा निर्देश व काउंटिंग संबंध में विचार विमर्श किया। तेजस्वी यादव.



यूपी का दुग्ध उत्पादक किसान भ्रष्ट भाजपा सरकार से श्वेत दुग्ध के लिए एक श्वेत-पत्र की मांग करता है, भाजपा किसान विरोधी ही नहीं दूध किसान विरोधी भी है। अखिलेश यादव.

# आत्मबल का महत्व

अंतर्दृष्टि

आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# धुआं-धुआं होती दिल्ली

व्यंग्यलोक

हर एक गांव और शहर को बिगड़ने-मरने का पूरा अधिकार है। हर एक राजनीतिक पार्टी अपने-अपने ढंग से अपनी पसंद के शहरों को मारती रहती है। देश व राज्य की राजधानियों के हालात बिल्कुल खराब हैं। यही हालात हर गांव और शहरों के हो जाएं तो बहुत बढ़िया। दिल्ली धुआं-धुआं है। राज्य की राजधानियां पड़े-पड़े रो रही हैं। सांस लेना मुमकिन नहीं है। वाहनों की दुआओं से जहरीली हवा बन गयी है। लाइट का अपना एक मजेदार प्रदूषण है। आंखों में लाइट की चकाचौंध घुसाकर आंखें फोड़ने का धार्मिक कार्यक्रम किया जा रहा है। पीने योग्य साफ पानी नहीं है। चलने को जगह नहीं है। सड़कों पर केवल कारें ही कारें दिखाई देती है, बाकी और कुछ नहीं दिखता है। कारों के समंदर में पैदल यात्री तक डूब कर मजे ले रहे हैं। जवान फेंफड़े भी सड़क पर बिखर कर ढेर हुए जा रहे हैं। अराली-पराली और कारखानों के धुंए ने इस गंदगी में और मजेदार काम किया है। इस तरह से देश की राजधानी के साथ-साथ हमारे बड़े-बड़े शहर अच्छी तरह से बिगड़ गए हैं। मैंने पहले ही कहा था कि अब देश और राज्यों की राजधानियों को बदलकर मेरे गांव कुम्हारिया को राजधानी बना दें तो बहुत बढ़िया होगा। बिगड़ने का अधिकार केवल दिल्ली को ही नहीं है। मेरा गांव भी उतना ही खराब हो जाए, उतना ही बिगड़ जाए, जितनी दिल्ली बिगड़ी हुई है। दिल्ली के खराब स्वास्थ्य को लेकर टीवी पर डिबेट बाजी चलती है तो बड़ा मजा आता है। शहर का मशहूर कबाड़ी कचरा निस्तारण की विशेषज्ञ सेवाएं देता है। पानी की बोतलें बेचने वाला व्यापारी जल स्वच्छता अभियान चलाता है। पटाखों का शहंशाह पर्यावरण बचाओ इनाम लेकर इठलाता है। बड़ा अच्छा होगा जब मेरा गांव भी मर जाएगा। मेरे गांव को जब राजधानी बना दी जाएगी, तो वहां भी चलने के लिए बिल्कुल जगह नहीं बचेगी। सड़क पर कारों को चीटियां ओवरटेक करती नजर आएगी। धुआं-धुआं सा, बुझा-बुझा सा, ठहरा-ठहरा सा, मरा-मरा सा मेरा गांव भी टीवी पर डिबेट लायक बन जाएगा। बड़ा अच्छा रहेगा। कभी-कभी हेलीकॉप्टर से पानी की बौछारें डालने का नाटक किया जाएगा। ऐसे ट्रक घुमाए जाएंगे जिसमें पानी के फव्वारे छोड़ते हुए लोगों को सांस लेने के लिए तैयार किया जाएगा। इसलिए तुरंत ही मेरे गांव को भी राजधानी का दर्जा दे देना चाहिए और मरने का पूरा अधिकार भी देना चाहिए। हे नेता लोगो! अपनी नेतागिरी सजाने के लिए आ ही जाओ। इस गांव में आपके लायक ढेर सारे वोट कूड़े में कुल-कुला रहे हैं। हे नीति बनाने वालो! अनीति पूर्वक ही चले आओ। पक्का वादा है, आप इधर भी अपनी भ्रष्टाचार की गंगा आराम से बहा सकोगे।


राम विलास जॉगिड़

# सर्दी में जोड़ों के दर्द से राहत देंते हैं खट्टे फल


स्वास्थ्य

जो लोग जोड़ों के दर्द से पीड़ित होते हैं, सर्दियां उनके लिए भयावह अनुभव होती हैं, क्योंकि सर्दियां आते ही जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। इसका कारण होता है बढ़ा हुआ यूरिक एसिड। जिन लोगों को बढ़े हुए यूरिक एसिड की शिकायत हो, उन्हें सर्दियों में कुछ विशेष तरह की सावधानियां बरतनी चाहिए ताकि यह मौसम उनके लिए परेशानी की वजह न बने।

**गर्म पानी का सेवन करें**

जिन लोगों को बढ़े हुए यूरिक एसिड की शिकायत रहती है और इसके चलते हड्डियों और जोड़ों में लगातार दर्द रहता हो, उन्हें सर्दियों में लगातार गर्म पानी पीना चाहिए। इससे हड्डियों और जोड़ों में जमा यूरेट क्रिस्टल धीरे धीरे पिघलकर मूत्र के रास्ते शरीर से बाहर निकल जाता है। लब्बोलुआब यह कि ऐसे लोगों को पूरी सर्दियां गुनगुना पानी पीना चाहिए ताकि उनके जोड़ों का दर्द कंट्रोल में रहे। इस बात का भी ध्यान रखें कि सर्दियों में कम पानी पीने की भूल कतई न करें। क्योंकि अगर सर्दियों में कम पानी पीयेंगे तो यूरिक एसिड और ज्यादा परेशान करेगा। दरअसल यह भी एक किस्म का टॉक्सिन है, जो पानी और खासकर गुनगुने पानी के इस्तेमाल से शरीर से बाहर निकलता रहता है। सवाल है कितना पानी पीना चाहिए, जिससे कि समस्या कंट्रोल में रहे? इसका कोई फिक्स नियम तो नहीं है, लेकिन आमतौर पर ढाई से तीन लीटर के बीच प्रतिदिन पानी पीने से स्थितियां काबू में रहती हैं।

**करें खट्टे फलों का सेवन**

खट्टे फल मसलन नींबू, संतरा, आंवला, अनानास, चेरी, स्ट्राबेरी और पपीता आदि कुदरती रूप से विटामिन सी से भरपूर होते हैं। इसलिए ये सभी फल प्राकृतिक रूप से यूरिक एसिड को कम करने में मददगार होते हैं। सर्दियों में इन खट्टे फलों का नियमित सेवन करना चाहिए। खासकर जिन लोगों को हड्डियों और जोड़ों में दर्द की शिकायत रहती हो और जिनका यूरिक एसिड बढ़ा हुआ हो। उन्हें तो जरूर इन फलों को सर्दियों में अपनी नियमित खुराक का हिस्सा बना लेना चाहिए। इनमें सबसे ज्यादा फायदेमंद है आंवला। आंवले में सबसे ज्यादा विटामिन सी होती है। आंवले का इस्तेमाल यूरिक एसिड लेवल को कम करने में बहुत मददगार होता है। वास्तव में इन खट्टे फलों को नियमित रूप से खाने पर इनमें मौजूद विटामिन सी शरीर के अंदर यूरिक एसिड को क्रिस्टल के रूप में जमा नहीं होने देती।

**खाएं ये सब्जियां**

जिस तरह कुछ खट्टे फल यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में मददगार होते हैं, उसी तरह से कई सब्जियां भी यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में सहायक होती हैं। इनमें कद्दू, टमाटर, खीरा, मशरूम, परवल, विशेष रूप से फायदेमंद सब्जियां हैं। कद्दू में विटामिन सी और बीटा कैरोटिन तथा ल्यूटिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट तत्व होते हैं। ये शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करते हैं, जिससे यूरिक एसिड का लेवल कम हो जाता है। साथ ही कद्दू में मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को सक्रिय करता है, जिससे पाचनशक्ति बेहतर रहती है, इससे भी यूरिक एसिड नियंत्रित रहता है। टमाटर भी विटामिन सी का भंडार है, जबकि खीरा फाइबर के भंडार होने के साथ साथ पानी से भी भरपूर है, जिससे किडनी में गाउट की समस्या से बचाव होता है। जबकि मशरूम में बीटा-ग्लूकेंस होता है जो यूरिक एसिड की समस्या से निजात दिलाता है। परवल खाने से प्यूरीन मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे गाउट और गठिया के मरीजों को राहत मिलती है।

**मददगार मसाले**

पारंपरिक भारतीय रसोई में जो कई तरह के मसाले मौजूद होते हैं, वे हमारे खाने का स्वाद तो बढ़ाते ही हैं, इनसे शरीर की कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को दूर करने में भी मदद मिलती है। यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में भी रसोई में पाये जाने वाले कई मसालों की जबरदस्त भूमिका होती है। दरअसल यूरिक एसिड शरीर में एक गंदगी की तरह जमा हो जाता है, इसे कुछ मसालों के खाने से शरीर से बाहर करने में मदद मिलती है। जिन मसालों को खाने से यूरिक एसिड की समस्या में फायदा होता है, वे हैं- हल्दी, अदरक, अजवाइन, सेब का सिरका, अलसी और सी फूड। अजवाइन इनमें सबसे ज्यादा फायदेमंद होती है। सर्दियों के दिनों में इसका सेवन लाभदाय है। क्योंकि इसकी तासीर गर्म होती है, जिससे यह जोड़ों का दर्द कम करती है। अजवाइन में एंटीइफ्लेमेटरी गुण होते हैं, इस कारण यह शरीर में बनने वाले यूरिक एसिड के क्रिस्टल को तोड़ती है और इस तरह जोड़ों के दर्द से मुक्ति दिलाती है। अतः सर्दियों में इसका सेवन करें। -डॉ. माजिद अलीम.

## आपकी बात

### पाकिस्तान की कूटनीति

परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरानों ने भारत के खिलाफ युद्ध, आतंकवाद और विवाद की नीति अपनायी, उसके कारण पाकिस्तान धीरे-धीरे बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। 1972 के युद्ध में पाकिस्तान के दो खंड हो गये। पाकिस्तााान अपने देश का आधा हिस्सा गंवा बैठ, लेकिन कश्मीर के एक टुकड़े के लिए जिस तरह वह वर्षों से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है उससे अब पाकिस्तान जर्जर होने के कगार पर पहुंच गया है। रही-सही कसर चीन के साथ दोस्ती, भ्रष्ट सेना और सियासतदानों ने पूरी कर दी है। आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक जर्जर हो गयी है कि पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के वित्त पोषण, भारत के खिलाफ उनको उकसाने आदि के मामले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंस चुका है। जनता दाने-दाने मोहताज है। यही कारण है कि जहां भी सस्ता अनाज पाता है वहां बेतहासा टूट पड़ता है। रोटी की जद्दोजहद में लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान में विकास दर लगभग ठप हो चुकी है, कर्ज जीडीपी के बराबर पहुंचने को बेताब है, महंगाई दर 27 फीसद के करीब है, निर्यात से आयात ढाई गुना अधिक है, पाकिस्तानी रुपया रसातल में पहुंच गया है और एक डॉलर के बदले 230 के करीब लुढ़क गया है। इसके बावजूद जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरान अपने घरेलू समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय भारत के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं, ताकि पाकिस्तानी लोगों को राष्ट्रवाद के नाम पर भारत के खिलाफ भड़काकर उनका ध्यान पाकिस्तान की घरेलू समस्याओं से भटकाया जा सके। इसी टैक्टिस का नतीजा है कि आज पाकिस्तान दाने-दाने को मोहताज है लेकिन कोई ऐसा सप्ताह नहीं जाता है, जब भारत पर परमाणु बम गिराने की धमकी पाकिस्तानी नेता न देते हों। पाकिस्तान के बेशर्म हुक्मरानों को यह भी नहीं पता कि भारत अब पाकिस्तान से बहुत आगे निकल चुका है। पाकिस्तान जहां आतंकवादियों का अड्डा बन गया है वहीं भारत कुशल मैन पावर का हब बन रहा है।

**अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.**

### समावेशी विकास नीतियां

समावेशी नीतियों के जरिए गरीबों को राहत देना जरूरी है। केन्द्र सरकार ने गरीबों को बड़ी राहत देकर एक तरह संवेदनशीलता का परिचय दिया है। यह हमारी अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय शक्ति, किसानों की मदद और गरीबों को भूखा न रहने देने का राष्ट्रीय संकल्प है कि केन्द्र सरकार ने निःशुल्क राशन योजना को आगे भी जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन को आगे बढ़ाया गया है या फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले राशन पर जो दो-तीन रुपये प्रति किलो उपभोक्ताओं को भुगतान करना पड़ता है, उसे खत्म किया गया है। लेकिन जो भी हो और जैसे भी हो, अगर सरकार 81 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन देने का संकल्प दिखाती है, तो इसकी तारीफ करनी पड़ेगी। यह मानना पड़ेगा कि यह कोई सियासी चाल नहीं है बल्कि गरीबों के प्रति कल्याणकारी नीति का हिस्सा है। इससे गरीबों का सशक्तीकरण हुआ है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो चावल या गेहूं मिलता है। इसे गरीबों को बड़ी राहत मिलती है और सरकार को भी अनाज प्रबंधन में आसानी हो जाती है।

**प्रवीण श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## नहर में मिले नवजात शिशु की मौत

**रूदौली-अयोध्या।** कोतवाली रुदौली क्षेत्र के शारदा सहायक नहर में मिले नवजात शिशु के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट जारी हो गई है। रिपोर्ट में पुष्टि की गई है कि शिशु की मृत्यु उच्च रक्तचाप के कारण हुई थी। पुलिस अभी तक नवजात की पहचान नहीं कर पाई है और मामले की जांच में जुटी है। घटना 8 नवंबर की दोपहर को हुई थी। स्थानीय लोगों ने नहर में एक नवजात बच्ची का शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। नयागंज चैकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि मृतक बच्ची की उम्र लगभग एक से दो दिन थी। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि जन्म के तुरंत बाद ही बच्ची को नहर में फेंक दिया गया था। शव की पहचान न हो पाने के कारण 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने बच्ची की पहचान के लिए आसपास के इलाकों और निजी अस्पतालों से संपर्क किया है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। रुदौली के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शिशु अस्पताल से नहर तक पहुंचा। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आसपास के अस्पतालों में पूछताछ की जा रही है।

# सोशल मीडिया का नकारात्मक प्रभाव युवा पीढ़ी में कर रहा घरः डॉ. नीतीश दुबे

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में मेंटल वेल बीइंग के तहत एक दिवसीय संगोष्ठी ह्यतैयारी स्वयं कीह्न का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनंतश्री आयुर्वेद सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, आयोध्या के डॉ. नीतीश दुबे रहे। अपने उद्बोधन में डॉ. नीतीश ने कहा कि वर्तमान परिवेश में विद्यार्थियों को गंभीर मानसिक तनाव से जूझना पड़ रहा है, इसका प्रमुख कारण उनका एकाकी जीवन है। सोशल मीडिया का नकारात्मक प्रभाव युवा पीढ़ी में घर कर रहा है, इसके कारण सामाजिक असुरक्षा, तनाव, अपराध-बोध जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। सोशल मीडिया सिर्फ नाम का सामाजिक है, यह सिर्फ कल्पनाशीलता को बढ़ाता है और उसी में युवा अपना सबकुछ पा लेना चाहता है जो उसे यथार्थ से बिल्कुल अलग ले जाती है। इसी कारण युवाओं में तनाव और अवसाद बढ़ रहा है, रील्स की दुनिया उन्हें



यथार्थ से अलग कर रही है जो बेहद घातक है। जीवन में संतुलन बनाये रखना बहुत आवश्यक है और समय के साथ जीवन में स्थान परिवर्तन व्यक्ति को मानसिक और कौशल की दृष्टि से सशक्त करता है। वर्तमान के युवा अपने सभी निर्णयों को स्वयं लेने की परंपरा में रहने लगे हैं, जबकि ऐसी स्थिति में माता-पिता और शिक्षकों की सहायता आवश्यक हो जाती है। यही कारण है कि वे समय से स्वयं को तैयार नहीं कर पा रहे हैं। कोई रोग एक दिन में नहीं होता, इसके लिए उसके उत्पन्न हो रहे विचार मानसिक विकार की ओर ले जाते हैं और उसे मानसिक तनाव की ओर धकेल देते हैं। मानसिक अवसाद (डिप्रेशन) से बचने का एक मात्र उपाय स्वयं को तैयार करना है। डॉ. दुबे ने कहा कि पत्रकारिता एक चुनौती भरा क्षेत्र है, इस क्षेत्र में मानसिक दबाव अधिक होता है क्योंकि उस पर बेहद कम समय में घटनाओं की तथ्यात्मक रिपोर्टिंग करने का दबाव होता है, आए दिन उसे विचिलित कर देने वाली घटनाओं का सामना करना पड़ता है जिसका उस पर सीधा प्रभाव होता है। इसके लिए पत्रकार का मानसिक तौर पर स्वस्थ होना आवश्यक है, उसे अपनी दिनचर्या में संतुलित आहार और प्राणायाम को शामिल करना चाहिए, साथ ही समय से सोने का प्रयत्न करना चाहिए क्योंकि इसका सीधा असर पाचन तंत्र पर पड़ता है। आयूर्वेद का मत है कि संतुलित आहारचर्या व्यक्ति को ऊजार्वान बनाती है। छात्र-छात्राओं को स्वस्थ जीवनचर्या में रहने की सीख देते हुए उन्होंने कहा कि जब आप सीखते हैं तभी आप सफल होते हैं, निरंतर प्रयास के साथ ही सफलता मिलती है। पत्रकारिता के क्षेत्र में नित नए प्रयोग हो रहे हैं, उन तकनीकों के साथ स्वयं को अपग्रेड करें और स्वस्थ जीवन के मूल मंत्र के साथ आप आगे बढ़ें। डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने कहा कि जीवन की प्रतिस्पर्धा में मस्तिष्क का ठीक रहना बेहद आवश्यक है, मानसिक तनाव निर्णय लेने की क्षमता को कमजोर करता है, इसके लिए छात्र-छात्राओं को निरंतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए और बाहरी खान-पान से बचना चाहिए। डॉ. आर एन पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि मानव मस्तिष्क जेट इंजन के समान है, इस पर नियंत्रण कर के ही जीवन की सफलता को प्राप्त किया जा सकता है।

## तीन दिवसीय स्काउट शिविर का हुआ समापन

**अयोध्या।** स्काउट का शाब्दिक अर्थ है गुप्तचर, भेदिया, जासूस। स्काउट गाइड की शुरूआत सन 1907 में लार्ड बेडेन पॉवेल ने इंग्लैंड में शुरू किया। यह आंदोलन दुनिया भर में फैल गया और सन 1910 में लड़कियों के लिए भी एक शाखा स्काउट शुरू हुई। भारत में स्काउटिंग की शुरूआत सन 1909 में तथा गाइडिंग 1911 में शुरू हुई और दोनों को मिलाकर 07 नवम्बर सन 1950 को भारत स्काउट एंड गाइड्स का गठन किया गया। सन 1951 में संगठन ने राष्ट्रीय मुख्यालय की मान्यता प्राप्त की।

उक्त बातें गोसाईगंज कस्बे से सटे रामगंज बाजार स्थित आरएनबी साइंस एजुकेशन एकेडमी में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट शिविर का गुरुवार को समापन करते हुए गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद आरती जयसवाल ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की शुरुआत सभासद श्रीमती जायसवाल एवं विद्यालय के प्रबंधक उमा नाथ सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पछत्रपति शिवा जी शिविर एवं ऋषभ ने पं जवाहर लाल नेहरू शिविर और शुभी सिंह ने गुलाब शिविर का संचालन किया।

## अंशुल ने की मध्य प्रदेश पीसीएस-जे में 18वी रैक हासिल, सिविल जज पद में चयनित



**बाराबंकी।** जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम श्रीवास्तव के सुपुत्र अंशुल श्रीवास्तव का मध्य प्रदेश पीसीएस-जे परीक्षा मे 18वी रैंक हासिल करने पर आज सिविल कोर्ट परिसर मे जिला बार एसोसिएशन पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बताते चले कि अंशुल श्रीवास्तव मध्य प्रदेश पीसीएस-जे सिविल जज के चयनित हुये है। उन्होंने 2014 में पायनियर मॉन्टेसरी स्कूल से हाईस्कूल, श्री साई इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट, लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी और एलएलएम की डिग्री हासिल की। इसके बाद मध्य प्रदेश पीसीएस-जे परीक्षा मे 18वी रैक प्राप्त कर सिविल जज के पद पर चयनित हुये है। अंशुल ने अपनी सफलता का श्रेय, अपने माता-पिता व गुरुजनो को दिया है। इस मौके पर अधिवक्ता संजीव बक्शी संजय, दिलीप मिश्रा, अमित यादव, पंकज श्रीवास्तव, राधेकृष्ण श्रीवास्तव वारिस, संजय अरोड़ा, मनीष तिवारी, सर्वेश यादव, दौलता कुमारी, योगेश कुमार, अशोक कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## बागवानी संगोष्ठी आयोजित

**बहराइच।** समग्र शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) उ.प्र. द्वारा संचालित केन्द्र पुरोनिधानित व्यवसायिक शिक्षा योजना अन्तर्गत सोलेनेशियस क्रांप कल्टीवेटर तथा बागवानी से सम्बन्धित संगोष्ठी का आयोजन राजकीय इण्टर कालेज बहराइच में किया गया। जिसमें वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सी.पी.एम. गौतम, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच प्रथम एवं डा. ए.के. राजभर कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को विशेष जानकारी देते हुए वैज्ञानिक खेती के महत्व व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए विशेष महत्वो को बताया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज बहराइच नगेन्द्र कुमार, पुष्कर कुमार मिश्रा व विद्यालय के अध्यापक मौजूद रहे।

## अपर जिजा जज ने की तहसीलदारो के साथ बैठक



**बाराबंकी।** आगामी 13 दिसम्बर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने को लेकर एडीआर भवन मे अपर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने तहसीलदारो के साथ बैठक की। बैठक मे अपर जनपद न्यायाधीश ने न्याय चला निर्धन से मिलने के सपना को साकार करने के लिए गांवों एवं दूरदराज स्थित लोगों को जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार करने एवं अधिक से अधिक राजस्व न्यायालयों के मामलों को चिन्हित कर उनका निस्तारण करने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में तहसीलदार नवाबगंज भूपेन्द्र विक्रम सिंह, नायब तहसीलदार रामसनेहीघाट सुधाकरण पाण्डेय, नायब तहसीलदार सिरौलीगौसपुर दिनेश कुमार पाण्डेय, नायब तहसीलदार हैदरगढ नम्रता दुबे, नायब तहसीलदार फतेहपुर सैयद् तहसीब हैदर मौजूद रहे।

## कल होगी एकता दौड़, तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**अयोध्या।** 15 नवम्बर को आयोजित होने वाली एकता दौड़ की तैयारियों को लेकर सहादतगंज स्थित कार्यालय पर जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा के रूट, पड़ाव, जनसभा स्थल की व्यवस्थाओं सहित सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, टेंट-पंडाल, मंच की साज-सज्जा, पेयजल और सुरक्षा इंतजाम को लेकर जिम्मेदार पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में तैयारियों को लेकर सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। जनसभा को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक सम्बोधित करेंगे।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि एकता दौड़ का उद्देश्य समाज में एकता, सद्भाव और राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त करना है। सभी कार्यकर्ता पूरे समर्पण के साथ तैयारी में जुटें, ताकि कार्यक्रम ऐतिहासिक बने। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम में जनभागीदारी ही इसकी सफलता की पहचान होगी। अयोध्या एकता और संस्कृति की भूमि है, यहां से समाजिक सौहार्द का संदेश पूरे प्रदेश में जाएगा। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि साफ-सफाई, जलापूर्ति और यातायात समन्वय में प्रशासन की टीम के साथ मिलकर सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा। आलोक सिंह ह्यरोहितह्न ने कहा कि कार्यक्रम में युवाओं की बड़ी भूमिका होगी। एकता दौड़ से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति का संदेश जाएगा। सभी युवा इसमें बढ़-चढ़कर भाग लें। बैठक के पूर्व भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# संगीत भाषा की आत्माः वी. के. द्विवेदी

**अयोध्या।** संगीत भाषा की आत्मा हैह्व इस बात की अनुभूति से जोड़ता है हमें यह कार्यक्रम एसपीआईसी मैकै इस कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति से जोड़ना है। ये कार्यक्रम न केवल संगीत के प्रति रुचि बढ़ाते हैं, बल्कि युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझने और उसकी रक्षा करने के लिए भी प्रेरित करते हैं। संस्कृति को सहेजने एवं उसको आगे बढ़ाने के लिए जेबीएनएसएस संस्था के द्वारा हर वर्ष इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के बीच कराए जाते हैं। जिससे हमारी भावी पीढ़ी भी इस संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाने में निरंतर प्रयासरत रहे। गुरूवार को इसी कार्यक्रम की श्रृंखला में यश विद्या मंदिर में स्पीक मैके प्रोग्राम के तहत ध्रुपद गायक पंडित विनोद कुमार द्विवेदी और उनके साथ संगत पर राजकुमार झा एवं आलोक शुक्ला के




द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम जल अभिषेक एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर यश विद्या मंदिर विद्यालय प्राचार्य सरिता त्रिपाठी ,सीनियर कोऑर्डिनेटर गिरीश कुमार वैश्य , जूनियर कोऑर्डिनेटर प्रसून श्रीवास्तव एवं प्राइमरी कोऑर्डिनेटर नीतू श्रीवास्तव के साथ जेबीएस से बबीता पूरन और यश विद्या मंदिर से संगीत शिक्षिको सावन, नीलम और विकास के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समूह प्रभारी के नेतृत्व में अंशिका पांडे ,महीप गुप्ता, मानवी गुप्ता एवं आस्था यादव के द्वारा उत्कृष्ट एवं ऊजार्वान प्रस्तुति से प्रारंभ की गई। कार्यक्रमों की ख्याति अपने क्षेत्र, राज्य , राष्ट्र एवं अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरूआत में आपने बच्चों से अपने गायन शैली में प्रयोग होने वाले वाद्य यंत्रों से परिचय कराते हुए उसकी ध्वनि प्रयोग एवं नियम से परिचय कराते हुए किया। तत्पश्चात आपने नाद एवं ध्वनियों को जोड़ते हुए राग भैरव के द्वारा बच्चों को जोड़ते हुए अपने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रारंभ किया। जिसमें वाद्य यंत्रों के लिए समर्पित श्लोक का भावार्थ एवं उसकी प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम को गति प्रदान की । पखावज पर राजकुमार झा जी ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी पखावज की ध्वनी बच्चों को भाव विभोर कर रही थी तो वहीं पर प्रांगण में एक अलग वातावरण बना हुआ था। अतिथि ने विद्यालय की प्रशंसा की और बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए गायन- वादन शैली की सहयोग प्रस्तुति का तालियों के साथ आगामी जीवन में अपने लक्ष्य की सफलता के लिए आशीर्वचन देते हुए स्वागत किया।

## सरकारी स्टाप स्टाक होल्डर की लिमिट बढ़ाने की मांग, वकीलों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी।** सरकारी एंजेन्सी द्वारा स्थापित स्टाप स्टाक होल्डरो की 500 रुपये से अधिक लिमिट बढ़ाये की मांग को लेकर इंडियन एसोसिएशन आफ लॉयर्स के तत्वाधान मे अधिवक्ताओ ने 6 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि आई0जी स्टाम्प विश्वास खण्ड-3, गोमती नगर

● **कमीशन के नाम पर रिश्वत मांगने वाले प्राईवेट स्टाम्प वेन्डरों का हो लाइसेंस निरस्त**



लखनऊ को कार्यालय उपनिबंधक नवाबगंज व जिला बाराबंकी के सभी तहसीलों में स्थित सरकारी/एजेंसी द्वारा स्थापित इ0 स्टाम्प स्टाक होल्डर की लिमिट पहले की तरह बढ़ा कर लाखों रूपयों किये जाने, प्राईवेट स्टाम्प वेन्डरों द्वारा स्टॉम्प पर जबरन कमीशन के नाम पर रिश्वत रोके जाने व ऐसा करने वाले स्टाम्प होल्डर्स के खिलाफ मुकदमा कर लाइसेंस निरस्त किये जाने, सिविल कोर्ट, कलेक्ट्रेट व रजिस्ट्री ऑफिस में 10 व 20 व 50 व 100 तथा 500 रूपयों के इ० स्टाम्प छपे मूल्य में ही उपलब्ध कराने, प्रत्येक माह में कम से कम दो बार स्टाम्प वेन्डरों की दुकानों पर छापे मारने आदि प्रमुख मांग की है। ज्ञापन सौपने वालो मे अधिवक्ता मोहम्मद रईस कादरी, सतीश यादव, अशोक द्विवेदी, नौमी लाल, शिवराज, सुनीत सिंहा, बृजेश वर्मा, बृजेश यादव, अनवर उल हशमत, जफर इदरीसी, हिमालय जायसवाल, मोहम्मद इशराक आदि मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सीएम डैशबोर्ड व आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा बैठक

**बहराइच ।** शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों सीएम डैशबोर्ड व आईजीआरएस सन्दर्भों की समीक्षा के लिए बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निस्तारण के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रभावी अनुश्रवण करते हुए रैंक में सुधार लाये ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न होने पाये। डीएम ने कहा कि निचले स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निस्तारण की गुणवत्ता में उदासीनता व लापरवाही बरते जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जाय।

आईजीआरएस सन्दर्भों की समीक्षा के दौरान डीएम ने सम्बन्धित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया कि निस्तारण में संतुष्टि व असंतुष्टि पर विशेष ध्यान दिया जाये, क्योंकि इसी से जनपद की रैंकिंग का निर्धारण किया जाता है।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी दशा में आईजीआरएस संदर्भो का निस्तारण 70 प्रतिशत से कम संतुष्टि नहीं होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि 70 प्रतिशत से कम संतुष्टि वाले विभाग विशेष प्रयास कर सुधार लायें। आईसीडीएस विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम ने 0-6 वर्ष के एक्टिव बच्चों की संख्या की जानकारी प्राप्त करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि सैम-मैम बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाये जाने का प्रयास करें। डीएम ने ऐसे बच्चों का फालोअप करते रहने का भी निर्देश दिया।

पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि सचिव व ग्राम प्रधानों से समन्वय करते हुए आमजन को जागरूक किया जाय ताकि अधिक से अधिक लोग स्वेच्छा से इस योजना का लाभ उठायें।

विगत बैठक में विभागीय अधिकारियों के लिए निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि जल्द से जल्द लक्ष्य को पूर्ण कराएं।

छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा के दौरान डीएम ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया समय अन्तर्गत प्रक्रियात्मक कार्यवाही को पूर्ण कर छात्रवृत्ति की धनराशि का हस्तान्तरण सुनिश्चित कराया जाय। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि योजना की पात्रता रखने वाले ज्यादा से ज्यादा लोगों के आवेदन पत्र प्राप्त कर उन्हें लाभान्वित किया जाय। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय कर माह नवम्बर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित कराये जाने का भी निर्देश दिया।

## किसान दिवस 19 को

**बहराइच ।** शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 19 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम श्री त्रिपाठी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने सीजे किये बिना नम्बर सवारी ढो रहे 16 ई-ऑटो



**बाराबंकी।** सड़को पर मानको का उल्लंघन कर चलने वाले ई-ऑटो के विरुद्ध यातायात विभाग ने सख्त कार्यवाही की। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर चलाये जा रहे यातायात माह नवम्बर के तहत आज यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने पटेल तिराहा, लखपेड़ाबाग चैराहा, नाका चैराहा व पुलिस लाइन चैराहा पर बिना नम्बर के सड़को पर सवारिया ढ़ो रहे 16 ई-ऑटो को सीज किया। तथा चालको को नियमो का पालन करने, बिना नंबर प्लेट के वाहन संचालित न किये जाने को लेकर जागरुक किया।

## समूहों के माध्यम से लाखों परिवारों की आर्थिक स्थिति में हुई बढ़ोत्तरी

**बहराइच ।** दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। एन०आर०एल०एम० का प्रारम्भ पूर्व में संचालित स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना की कमियों जैसे कि ग्रामीण परिवारों का असामान्य गठन, सदस्यों का अनुपयुक्त क्षमताबर्धन, बैंक द्वारा पर्याप्त ऋण वितरण का अभाव एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन करने हेतु सक्षम-प्रोफेशनल्स का अभाव इत्यादि को दुरुस्त करते हुये किया गया। एन०आर०एल०एम० भारत सरकार द्वारा संचालित बड़े पैमाने पर गहन रूप से समुदाय द्वारा संचालित गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम है ।उत्तर प्रदेश में इस योजना के क्रियान्वयन हेतु उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की स्थापना ग्राम्य विकास विभाग के संरक्षण में एक स्वायत्त संस्था के रूप में की गयी जिसका पंजीकरण सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत किया गया है। यह योजना उ०प्र० सरकार के ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित की जाती है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य उ०प्र० राज्य में रह रहें ग्रामीण गरीब परिवारों की कम से कम एक महिला सदस्य को समूह एवं अन्य सामुदायिक संस्था के माध्यम से संगठित कर उन्हें स्वावलम्बी बनाना है।

विविध आजीविका कार्यकलापों को ध्यान में रखते हुये यह मिशन 03 आधारों पर कार्य करता है, जिसमें गरीबों के लिये विद्यमान आजीविका विकल्पों में वृद्धि करना, बाहरी क्षेत्रों में रोजगार के अनुसार उनका कौशल विकास करना और स्वरोजगार एवं उद्यमशीलता (लघु उद्यमों के लिये) को प्रोत्साहित करना है। इस योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के एक करोड़ चार लाख ग्रामीण गरीब परिवारों को दस लाख स्वयं सहायता समूह, एक लाख ग्राम संगठन एवं तीन हजार संकुल स्तरीय संगठनों में संगठित करना है। मिशन अन्तर्गत बजट व्यवस्था भारत सरकार द्वारा 60 प्रतिशत एवं राज्य सरकार का 40 प्रतिशत के अनुपात में की जाती है ।उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य है कि ग्रामीण गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूह एवं समूहों को ग्राम संगठन एवंएवं क्षमता वर्धन करना, ग्रामीण गरीब हेतुब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाना प्रमुख है।

## पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्यरत कर रही योगी सरकारः धर्मपाल सिंह

**बाराबंकी।** किसान की आय मात्र खेती से नही पशुपालन से होगी। पशुपालन मे ऐसी कई योजनाओ है जो किसान के लिये बहुत लाभकारी है। उक्त उद्गार कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे आयोजित प्रेस वार्ता मे पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन विभाग मंत्री धर्मपाल सिंह ने मीड़िया से रुबरु होते हुये कही। मंत्री श्री सिंह ने आगे बताया कि योगी

● **पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने की प्रेस वार्ता**

सरकार किसानो की आय बढ़ाने के लिये पशुपालन को सशक्त बनाने के लिये इसको माध्यम बनाते हुये कार्य कर रही है। गौशालाओ को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही योजनाओ का अधिकतम लाभ किसानो तक पहुचाने का कार्य शुरू किया जा रहा है।

प्रेस वार्ता मे पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री सिंह ने आगे बताया जैव विविधता से परिपूर्ण उत्तर प्रदेश मे पूरे देश का सर्वाधिक पशुधन है। प्रदेश मे अभियान चलाकर अद्यतन गोचर भूमि को कब्जामुक्त कराकर नेपियर व अन्य हरा चारा रोपित कराने के लिये



अधिकारियो को निर्देशित किया गया है। प्रेस वार्ता मे उन्होने मोबाइल वेटनी यूनिट के संचालन अन्तर्गत काल सेन्टर की विस्तृतीकरण योजना, पशुपालको एंव पशुपालको विभाग के कर्मिको के लिये प्रशिक्षण एंव प्रसार की योजना, आदर्श प्रशिक्षण एंव उत्पादन केन्द्र बक्शी कातालाब लखनऊ के सुद्दढ़ीकरण योजना, सूकर पालन योजना, बकरी पालन योजनाओ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। उन्होने बताया कि गौसंरक्षण केन्द्रो पर चारा, पानी, प्रकाश व बारिश से बचाव की समुचित व्यवस्था किये जाने को लेकर सम्बधितो को निर्देशित किया गया। उन्होने आगे कहा कि तकनीकों और नस्ल सुधार के लिए राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। जिला योजना के तहत पशु स्वास्थ्य और नस्ल सुधार के लिए पीसीडीएफ की पशुआहार निर्माणशालाओं में निर्मित पशुआहार, मिनरल मिक्सचर और आवश्यक दवाएं वितरित की जा रही हैं। इससे दुग्ध उत्पादकों को उनके पशुओं की देखभाल में सहायता मिलेगी, जिससे दूध की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## अभियान के दौरान सीज किये गये 631 वाहन

**बहराइच ।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ओ.पी. सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच में 01 जनवरी 2025 से 10 नवम्बर 2025 तक परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड यात्री वाहनों, ओवरलोड माल वाहनों एवं अनाधिकृत संचालित वाहनों के विरुद्ध पुलिस विभाग, परिवहन निगम (रोडवेज) के अधिकारियों के साथ संयुक्त अभियान चलाकर संचालित वाहनों के विरुद्ध कठोर प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है।

ए.आर.टी.ओ. श्री सिंह ने बताया कि अभियान अन्तर्गत 168 बस व मिनी बस का चालान किया गया है तथा 78 वाहनों को बन्द किया गया है। इसी प्रकार अन्य यात्री वाहनों अन्तर्गत 418 का चालान तथा 238 को बन्द करने की कार्यवाही की गई है।

श्री सिंह ने बताया कि इसी अवधि मे 339 ओवर लोड वाहनों का चालान व 228 को बन्द (सीज) करने के साथ-साथ 104 ट्रैक्टर ट्रालियों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गई तथा 87 को बन्द किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि प्रवर्तन की कार्यवाही के दौरान प्रशमन के रूप में 218.10 लाख रुपए का अर्थ लगाया गया है।

## मतदाता सूची को लेकर एसडीएम ने बीएलओ के साथ की बैठक

सोहावल-अयोध्या। विधानसभा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को तहसील सभागार में बीकापुर बिधान सभा से जुड़े राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बी एल ओ संग चुनाव अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में चुनाव आयोग से जारी दिशा निदेर्शों के क्रम में कार्यक्रम को लेकर मंथन हुआ। जारी दिशा निदेर्शों का कड़ाई से अक्षरसः पालन करने के लिए अधिकारियों ने निर्देशित किया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय, समाजवादी पार्टी की ओर से जय सिंह यादव राणा, एजाज अहमद, कांग्रेस की ओर से लाल मोहम्मद आदि प्रमुख रूप से बैठक में शामिल रहे जिन्होंने अपने सुझाव व्यक्त किया।

बैठक के बाद पूंछे जाने पर भाजपा उपाध्यक्ष ने बताया कि यह तय किया गया है कि शासन और प्रशासन की ओर से मतदाता पुनरीक्षण में लगाए गए बी एल ओ की मदद हर बूथ पर राजनीतिक दलों से जुड़े पार्टी के कार्यकर्ता भी करेंगे ताकि निष्पक्षता और प्रदर्शित के साथ कार्य किया जा सके। सभी बीएलओ को 2025 की मतदाता सूची के साथ 2003 की मतदाता सूची भी उपलब्ध कराई गई है। इस बीच में लगातार मतदाता सूची में ना रहने वाले मतदाताओं को वर्तमान मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आधार के साथ अपने जन्म का प्रमाण पत्र भी देना होगा।

किसी भी मतदाता के लिए अब दो जगह मतदान कर पाना संभव नहीं होगा। उन बी एल ओ को विशेष निर्देश दिए गए हैं। जिनके क्षेत्र में घुमंतू और कथित बांग्लादेशी बन कर रहने वाले संदिग्ध मतदाताओं की संख्या बताई जा रही है। उप जिलाधिकारी सुश्री सविता देवी ने बताया कि मतदाताओं की पहचान पुष्टि के लिए 13 प्रकार के साक्ष्य दिए गए हैं। जिसमें शैक्षिक प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल आदि शामिल है। कोई भी मतदाता इनमें से किसी का भी प्रयोग कर अपना नाम दर्ज या संशोधित करा सकते हैं।

संक्षेप

## डॉ. सुप्रीत वर्मा ने किया 51वीं बार रक्तदान, मरीज की बचाई जान



सुलतानपुर (वीओएल)। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सुलतानपुर के जनरल सर्जन डॉ. सुप्रीत वर्मा ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए 51वीं बार रक्तदान कर एक मरीज की जान बचाई। जानकारी के अनुसार मरीज कंचन का हीमोग्लोबिन अत्यंत कम हो जाने के कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई थी। जब यह जानकारी डॉ. वर्मा को मिली, तो उन्होंने बिना विलंब रक्तदान कर मरीज का जीवन बचाया। डॉ. वर्मा का यह कार्य न केवल चिकित्सकीय सेवा भावना का उदाहरण है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश भी है कि रक्तदान एक जीवन बचा सकता है। निरंतर रक्तदान कर वे वर्षों से अनेक जरूरतमंद मरीजों को नई जिंदगी दे चुके हैं। उनके इस योगदान की सराहना करते हुए अस्पताल स्टाफ ने कहा कि डॉ. सुप्रीत वर्मा ने चिकित्सक होने के साथ-साथ मानवता की सेवा का आदर्श प्रस्तुत किया है। उनका यह समर्पण चिकित्सक समुदाय और आम जनमानस के लिए प्रेरणास्रोत है।

## दिल्ली धमाके को लेकर निकाला कैंडल मार्च



मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट में निर्दोष लोगों की मौत से पूरे देश में आक्रोश है। मोतिगरपुर बाजार में लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई स्थानीय बाजार में समाजसेवी मुकुंद मिश्र के द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए विस्फोट की दुखद घटना के विरोध में एवं शांति, एकता और सद्भाव का संदेश देने के उद्देश्य से निकाला गया। ब्लॉक प्रमुख चन्द्र प्रताप सिंह सहित लोगों ने हाथों में जलती हुई मोमबत्तियां थामे और हृदय में दृढ़ संकल्प लिए मोतिगरपुर चैक से बड़ौदा बैंक फिर दोस्तपुर रोड होते हुए सुलतानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर तक मार्च किया। प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद है। कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे शर्मनाक बताया। मुकुंद मिश्र ने घटना के दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की। इस मौके पर सौरभ मिश्र विराट, प्रभात पाण्डेय, दीपक विश्वकर्मा, पवन सिंह, दयाशंकर विश्वकर्मा, उत्तम अग्रहरि, राजीव सिंह, जय वर्मा, राहुल पाल, पिंटू सिंह, अजय सिंह कौशिक, सुरेंद्र पाण्डेय, एडवोकेट अजीत वर्मा व पढ़ो-लिखो लाइब्रेरी के छात्र, व्यापारियों और नागरिकों ने मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

# 318 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न

- विधायक सलोन व सीडीओ ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन में शामिल होकर नव वैवाहिक जोड़े को दिया आशीर्वाद

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड सलोन के मिनी स्टेडियम में



कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस भव्य आयोजन का शुभारंभ विधायक सलोन अशोक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

इसके पश्चात पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई। इस सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 318 जोड़ों ने भाग लिया।

सामूहिक विवाह में विधायक सलोन व मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सभी नव दंपतियों को नए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी तथा प्रत्येक जोड़ो को वस्त्र, आभूषण (चांदी की पायल, बिछिया) डिनर सेट, ट्रॉली बैग आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए गए।

इस अवसर पर विधायक सलोन ने वर-वधुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आज आप अपनी जिंदगी की नई शुरूआत करने जा रहे हैं, जिसके लिए आप सभी को बधाई व शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि ऐसे गरीब व निर्धन परिवार जो शादी विवाह समारोह में होने वाले व्यय को वहन करने में सक्षम नहीं हैं, उनका भी विवाह समारोह सम्मानपूर्वक, परम्परागत व धार्मिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हो सके, इसलिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को प्रारंभ किया गया है, जिसके क्रम में आज यहां भव्य आयोजन किया गया है, इस आयोजन में 318 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने कहा कि आज के इस आयोजन में 318 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है, यह शासन की प्राथमिकता की महत्वपूर्ण योजना है।

इस मौके पर परियोजना अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# जिला कारागार से पेशी पर आया बंदी फरार

## पुलिस महकमे में मचा हड़कंप




रायबरेली। जिला कारागार से पेशी के लिए लाए गए एक बंदी ने गुरुवार को पुलिस को चकमा देकर फरार होकर पूरे महकमे में हड़कंप मचा दिया। फरार बंदी की तलाश में पुलिस ने शहर भर में घेराबंदी कर सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, 25 वर्षीय नाहर नट, जो किसी आपराधिक मामले में रायबरेली जिला कारागार में बंद था, उसे जिला न्यायालय में पेशी के लिए लाया गया था। पेशी पूरी होने के बाद उसने वकील से मिलने का बहाना बनाया और दीवानी कचहरी के पास से अचानक फरार हो गया। बंदी की चालाकी से पुलिसकर्मी चैंक गए और वह देखते-देखते भीड़ में गायब हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सीओ सदर अरुण नौहार के नेतृत्व में कई पुलिस टीमें गठित की गईं। इन टीमों को रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, शहर के मुख्य मार्गों और संदिग्ध इलाकों में तैनात कर दिया गया है। फरार बंदी की गिरफ्तारी के लिए चारों दिशाओं में घेराबंदी की जा रही है और सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बंदी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है और लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल, पूरे शहर में पुलिस की मुस्तैदी बढ़ा दी गई है।

## अनियंत्रित ट्रैलर की चपेट मे आने से बाइक सवार की मौत

जगदीशपुर अमेठी। तेज रफ्तार ट्रैलर की चपेट मे आने से बाइक सवार की मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पडताल मे जुटी। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली रोड पर स्थित सरेसर गांव के समीप घटना उस वक्त घटी जब बाबा का पुरवा मजरे जनापुर थाना जामो निवासी बबलू उम्र लगभग 26 वर्ष जो बाइक से किसी कार्यवश जाते समय तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैलर की चपेट मे आकर गंभीर रुप से घायल हो गए जिसकी सूचना स्थानीय लोगो से मिलने के उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर मे भर्ती कराया जहाँ चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्यवाई की जा रही है चालक को हिरासत मे लेने के उपरांत वाहन को भी कब्जे मे ले लिया गया है।

## महेशपुर-धीरापुर संपर्क मार्ग हुआ बदहाल



तिलोई अमेठी। विकास क्षेत्र के इन्हौना- सेमरौता मार्ग के महेशपुर से निकली धीरापुर संपर्क मार्ग आज कई सालों से बदहाल स्तिथि में है। मार्ग पर जगह- जगह छोटे-बड़े सैकड़ों गड्ढों के साथ ही कीचड़ भरा जल जमाव बना रहता है। इस एक किलोमीटर के मार्ग से प्रतिदिन दर्जनों गांवों के हजारों लोंगो का आवागमन होता है। राहगीरों सहित मार्ग पर पड़ने वाले कई विद्यालयों के बच्चों को भी अपनी जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ता है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष नंद कुमार पांडेय ने जानकारी दी कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के शासनकाल में जब गोपालपुर मजरे भवानीपुर अंबेडकर गाँव चयनित हुआ था तब उसी दौरान शासन द्वारा धीरापुर तक सड़क का निर्माण किया गया था। लेकिन तब से लेकर आज तक लगभग अठारह सालों के बाद भी इस जर्जर सड़क पर संबंधित विभाग एवं जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया है। जिससे आम जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



संग्रामपुर अमेठी। गुरुवार को ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह 25-26 विकास खण्ड संग्रामपुर के काली माई ग्राउंड गोरखापुर विशेषरगंज में शुभारंभ हुई। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में अमरेंद्र सिंह 'पिन्टू' सम्मिलित होकर फीता काट कर खेल का शुभारंभ कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमरेंद्र सिंह पिंटू ने कहा कि खेल खेल की भावना से होना चाहिए खेल बच्चों के लिए आवश्यक है खेल से बच्चों का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। उन्होंने कहा कि खेल से बच्चों का स्वास्थ्य सही रहता है जिससे स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पूरे मन लगाकर खेल खेले और विजय हासिल करें हर समय एक लक्ष्य होना चाहिए चाहे वह खेल के प्रति हो या पढ़ाई के प्रति उन्होंने यह भी कहा कि मेरी जहां जरूरत होगी वहां मैं सहयोग करने के लिए तैयार हूं।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर सरेनी विधानसभा क्षेत्र में निकाली गयी एकता पद यात्रा

लालगंज रायबरेली। निवर्तमान विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सरेनी विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल एकता पदयात्रा का आयोजन किया। इस पदयात्रा में भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह भी शामिल हुए। यह पदयात्रा लालगंज के बेहटा चैराहा से शुरू हुई। पदयात्रा के संयोजक निवर्तमान विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जिस तरह सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता के पश्चात कई रियासतों को भारत में मिलाकर मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया था। उसी तरह वह भी सभी जाति संप्रदाय के लोगों को साथ लेकर सरेनी विधानसभा का विकास करने का वादा करते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर विधानसभा स्तरीय एक भारत आत्मनिर्भर भारत एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। एक भारत आत्मनिर्भर भारत सिर्फ एक अभियान नहीं एक संकल्प है जो सभी को साथ लेकर ही इस सपने को साकार किया जा सकता है। युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने महापुरुषों का सम्मान करती है। कांग्रेस ने कभी भी सरदार पटेल का ना तो सम्मान किया और ना ही उन्हें इतिहास में वह स्थान दिया जो उन्हें मिलना चाहिए था। आज केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार सरदार पटेल के विचारों से प्रेरणा लेकर काम कर रही है। पदयात्रा का नेतृत्व सरेनी के पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। इस दौरान ह्यभारत माता की जयह्य के नारे लगाए गए और देशभक्ति गीत गाए गए, पदयात्रा में गाजे-बाजे भी शामिल थे। धन्नीपुर गांव में स्कूली बच्चों ने पुष्प वर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया। रास्ते में भाजपा पदाधिकारियों ने बुलडोजरों से भी पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। पदयात्रा में खासतौर से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, पूर्व जिला अध्यक्ष आरबी सिंह, पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, सहकारी बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सीओ महराजगंज ने थाना चन्दापुर का किया त्रैमासिक निरीक्षण



महाराजगंज रायबरेली। क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार ने आज थाना चन्दापुर का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाने की समग्र व्यवस्था की सूक्ष्मता से जांच की गई और पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति संवेदनशीलता तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य थाने की कार्यप्रणाली को और अधिक कुशल, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाना रहा।

निरीक्षण के क्रम में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने थाना परिसर का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने मालखाना, हवालात, आगन्तुक रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरा कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष तथा महिला सहायता डेस्क की गहन जांच की। थाने की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि परिसर को हमेशा स्वच्छ और व्यवस्थित रखा जाए। अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाना चाहिए, जिससे जनता का विश्वास पुलिस पर बना रहे।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित थाना प्रभारी, अन्य अधिकारीगण तथा पुलिस कर्मचारियों को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी ने व्यवहार में सुधार लाने की सलाह दी। उन्होंने कहाकि पुलिसकर्मी जनता के प्रति संवेदनशील रहें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए, जिसमें क्षेत्र में निरंतर गश्त और चेकिंग अभियान शामिल हैं। विशेष रूप से महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए श्री कुमार ने थाना स्तर पर महिला सहायता डेस्क को और सक्रिय बनाने के निर्देश दिए। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए तकनीकी सतर्कता बढ़ाने और सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए पुलिसकर्मियों को इस दिशा में प्रशिक्षित और सजग रहना होगा। क्षेत्र में संचालित आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से निरंतर चेकिंग अभियान चलाने और गश्त की संख्या बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के अंत में थाने में उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों को प्रेरित करते हुए सीओ ने कहा कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा, ईमानदारी और तत्परता से करें।

## प्रधान ने किया 251 कन्याओं का कन्यापूजन



मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। क्षेत्र के पहाड़पुर सराय भीषम गांव में प्रधान सुनीता सिंह व उनके पति सर्वेश कुमार सिंह के अगुवाई में सामूहिक विशाल कन्यापूजन का आयोजन हुआ। इसमें आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजन कराया गया। बड़ी संख्या में कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुवार को पहाड़पुर सराय भीषम गांव की प्रधान सुनीता सिंह व उनके प्रतिनिधि पति सर्वेश कुमार सिंह द्वारा सामूहिक विशाल कन्यापूजन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में प्रधान सुनीता सिंह और उनके पति सर्वेश सिंह ने 251 कन्याओं का पूजन उनके पैर धोकर उनका सम्मान किया, उन्हें स्वादिष्ट भोजन कराकर उपहार दिया। धार्मिक मान्यता है कि कन्याओं को भोजन कराने से शक्ति स्वरूपा आदि शक्ति मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और साधकों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। रायबरेली से पधारे आचार्य पं. अशोक कुमार शुक्ला ने कहा कि कन्याभोजनं पुण्यं सर्वपापप्रणाशनम। अर्थात्कन्या भोज समस्त पापों का नाश कर पुण्य प्रदान करता है। न केवल देवी की आराधना है बल्कि समाज में स्त्री सम्मान का प्रतीक भी है। इस दिन निर्धन कन्याओं को वस्त्र या अन्नदान करना भी अत्यंत शुभ माना गया है। ब्लॉक प्रमुख मोतिगरपुर चंद्रप्रताप सिंह ने कहा कि कन्या भोज कराने से घर में सुख-समृद्धि, शांति और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। यही कारण है कि आज भी हर देवी उत्सव या पारिवारिक मांगलिक कार्यक्रम में कन्या पूजन और भोज परंपरा को बड़े श्रद्धाभाव से निभाया जाता है। इस मौके पर पूर्व प्रमुख जयसिंहपुर उमेश सिंह, प्रेम प्रकाश पांडेय रायबरेली, दुर्गेश सिंह, रेनू सिंह, अखिलेश उपाध्याय, राम शिरोमणि वर्मा, पवन मिश्र, पिंटू सिंह व अर्पित मिश्र आदि मौजूद रहे।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सरैयामाफी रहा ओवरऑल चैम्पियन



सुलतानपुर (वीओएल)। विकास खंड धनपतगंज में परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने की, जबकि संयोजन की जिम्मेदारी ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अरविंद कुमार सिंह ने निभाई। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

प्रतियोगिता में न्यायपंचायत और विद्यालय स्तर पर चयनित लगभग 450 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ, शिक्षामित्र संगठन और अनुदेशक संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्राथमिक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से पुष्पेन्द्र (बरासिन) तथा बालिका वर्ग से मीनाक्षी हन्ना (हरौरा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में सत्यम और प्रज्ञा विजेता बने। कबड्डी में उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में प्रतापपुर, जबकि खो-खो बालिका वर्ग में रामनगर चेती की टीम विजेता रही। योगा प्रतियोगिता में कंपोजिट अमऊ जासरपुर के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। न्यायपंचायत सरैयामाफी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। सभी विजयी प्रतिभागी अब जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। प्रतियोगिता का संचालन जितेन्द्र तिवारी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में राकेश तिवारी, अनूप मिश्रा, देवमणि यादव, पूजा यादव, गीतांजलि, ज्ञान प्रतिभा सहित अनेक शिक्षकों व एआरपीज ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# हक की बात डीएम के साथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



सुलतानपुर (वीओएल)। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने की, जबकि मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी वी.पी. वर्मा उपस्थित रहे। इस संवाद कार्यक्रम में छात्राओं, महिला खिलाड़ियों और विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं ने जिलाधिकारी से सीधे प्रश्न पूछे। सलोनी जायसवाल ने घरेलू हिंसा पीड़ितों के लिए सहायता हेल्पलाइन के बारे में प्रश्न किया, जिस पर जिलाधिकारी ने 181, 1090 और 112 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कीर्ति पाण्डेय के आत्मरक्षा से जुड़े प्रश्न पर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के माध्यम से छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। संजना, हॉकी खिलाड़ी ने बालिकाओं की शिक्षा व खेलों में बाधाओं का मुद्दा उठाया, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाएं अब ग्राम प्रधान से लेकर उच्च पदों तक पहुंच रही हैंकृसमाज को उनके योगदान को सम्मानित करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य नारी सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्र के प्रति संकल्प कार्यक्रम का हुआ आयोजन



सुलतानपुर। करौंदिया (विवेकनगर) स्थित कमला नेहरू इंस्टिट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रभावना से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चैहान तथा विद्यालय के प्रबंधक, पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक विनोद सिंह ने माँ सरस्वती व संस्थापक बाबू के.एन. सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. एन.डी. सिंह और मृदुल कुमार सिंह ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक वंदे मातरम गायन से हुई, जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रबंधक विनोद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जब व्यक्ति सनातन धर्म से विमुख हो रहा था, तब भारतीय मनीषियों ने वंदे मातरम के माध्यम से राष्ट्रप्रेम और धर्म के प्रति जागृति का संदेश दिया। मुख्य अतिथि घनश्याम चैहान ने कहा कि 7 नवम्बर 1875 को वंदे मातरम की रचना हुई थी, और यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का मंत्र है। उन्होंने बताया कि 1882 में इसे आनंदमठ उपन्यास में शामिल किया गया तथा 1896 में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इसे कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में स्वरबद्ध कर प्रस्तुत किया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 24 जनवरी 1950 को इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा मिला। कार्यक्रम का संचालन गीता मिश्रा और अवंतिका मिश्रा ने किया। इस अवसर पर तन्वी गोयल, रेनू सिंह, सी.बी. सिंह, सुनील राठी, मोहम्मद हसानात आदि मौजूद रहे।

# विशाल चुनरी उत्सव मना



रायबरेली। श्री माँ नारायणी सेवा समिति, रायबरेली के तत्वाधान में श्री रानी शक्ति पावन धाम में आज विशाल चुनरी उत्सव मनाया गया जिसमें मन्दिर द्वारा 108 महिलाओं को चुनरी दी गयी थी। उन सभी महिलाओं ने अपने घर से उन सभी चुनरी को सजा के मंदिर समिति को वापस दिया, उन सभी को आपस में सिलवाने के बाद चुनरी यात्रा निकाली गई यात्रा में चुनरी की लंबाई लगभग 521 फिट थी। यात्रा निकालने की पूर्व संध्या पर पूरे शहर में तोरण द्वार लगाए गए। यात्रा में सर्वप्रथम डीजे बैंड रहा जिसमें श्रीयश साउंड विनय अग्रहरि के द्वारा रास्ते पर दादी के मीठे मीठे भजन सुनाए गए, उसके पीछे शुभम बंसल द्वारा दादी की 21 फीट उंची ध्वजा लेकर चले और लगभग 35 लोग छोटी झंडिया लेकर चले, उनके पीछे मैया की 521 फीट चुनरी चली मैया को चुनरी पकड़ने में लगभग 400 महिलाओं और 200 पुरुषों ने प्रतिभाग किया, उसके बाद बाराबंकी से आई विंटेज कार में राणी सती दादी का भव्य दरबार सजा, यात्रा इतनी भव्य थी कि एक सिरा अगर उसका अस्पताल चैराहे पर दूसरा सिरा उसका सुपर मार्केट में था पुरी यात्रा में रास्ते भर मैया का भव्य स्वागत किया गया जिसमें प्रमुख रूप से सिंधु समाज, विश्व हिंदू परिषद, जायसवाल समाज, श्याम मित्र मंडल जेसीआई, इंडियन डेंटिस्ट एसोसिएशन, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, रोटरी क्लब, विश्व हिंदू परिषद, सिख समाज, अग्रवाल समाज, रायबरेली प्रेस क्लब मानव सेवा संस्थान, कायस्थ समाज, वैश एकता परिषद आदि कई संस्थाओं और लोगों के द्वारा भव्य रूप से स्वागत किया मैया की आरती की।

# गंगा जमुनी संस्कृति की मिसाल है महोना राम विवाह

- मुस्लिम परिवार से निकलती हैं राम बारात
- दो दिवसीय मेला 15 नवंबर व 16 को

संवाददाता



**बाजार शुकुल अमेठी।** मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के महोना कस्बे में परम्परागत तरीके से महोना राजघराना परिवार द्वारा वर्षों से आयोजित होने वाले राम विवाह (कौमी एकता मेला) गंगा जमुनी संस्कृति की मिशाल है। महोना कोर्ट से निकलने वाली राम बारात लगभग 50 वर्षों से अधिक समय से चली आ रही है, चौधरी अनवर हुसैन ने सद्भवाना एकता की जो परम्परा डाली थी उनकी निधन के बाद उनके पुत्र चौधरी असद हुसैन आज भी निभा रहे है कभी हाथी घोड़ा पर राम बारात सज धज कर महोना कोट से रामलीला मैदान जाती थी समय के साथ हाथी घोड़ा तो नही रहते लेकिन रामलीला रामविवाह की परंपरा आज भी कायम है। चौधरी अनवर हुसैन के समय से न सिर्फ दशहरा राम विवाह का आयोजन होता रहा बल्कि हिंदू मुस्लिम एकता सद्भावना के लिए होली मे परिवार द्वारा सबके साथ रंग खेला जाता रहा है वही राम जानकी रथ निकाला गया था महोना पहुछने पर रथ का स्वागत के साथ ही चांदी का फूल उपहार मे दिया था। दशहरा में महोना का रावण जिला के सबसे बड़ा रावण होता आ रहा है जिसे देखने के लिए दूर दूर से लोग आते रहे है जिसे बनाने वाला भी मुस्लिम कलाकार था। यहां मेले का आयोजन व सभी धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम मुस्लिम परिवार द्वारा ही किया जाता है। महोना के दशहरा मेला व रामविवाह मेले में होने वाले कार्यक्रम को हिंदू मुस्लिम एक साथ मिलकर बखूबी निभाते हैं।। मेले में हर धर्म के लोग यहां के रामलीला को देखने के लिए एक साथ मंच पर एकत्रित होते हैं और सभी रस्मों को निभाते हैं। चौधरी असद हुसैन ने बताया कि मेरे पूर्वज मरहूम चौधरी अनवर हुसैन द्वारा हिंदू मुस्लिम व सभी धर्मो के बीच की सद्भावना की नींव डाली गयी थी जो भी रश्में चली आ ही है उसे आज भी निर्वहन करने की कोशिश की जाती है पूर्व में मेले के दूसरे दिन दंगल कुश्ती में हिस्सा लेने के लिए राष्ट्रीय स्तर के पहलवान हिस्सा ले चुके है। मेला में पूर्व मे कांग्रेस की सोनिया गांधी, श्री प्रकाश जायसवाल, कैप्टन सतीश शर्मा गुलाम नबी आजाद, किशोरी लाल शर्मा मेले मे आकर शोभा बढ़ा चुके है। इस बार भी मेला आगामी 15, व 16 नवम्बर 2025 को आयोजित किया जाएगा जिसमें रामलीला मंचन रात्रि में पारंपरिक नौटंकी, का आयोजन होगा जो एक बार फिर हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल बनेगा। मेले को लेकर लगभग सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। राम विवाह मे रामलीला मंचन व पारंपरिक नौटंकी आकर्षण का मुख्य बिंदु है।

संक्षेप

## दूध के बाद अब पनीर में मिलावट

**आगरा।** जन स्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुके नकली खाद्य पदार्थों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की कार्रवाई लगातार जारी है। खेरागढ़ में नकली दूध के बाद अब ताजगंज क्षेत्र में विभाग ने एक गोदाम पर छापेमारी कर पांच क्विंटल नकली पनीर जब्त किया। टीम ने इसे मौके पर ही नष्ट करा दिया। सहायक खाद्य आयुक्त एसएसएच आबिदी ने बताया कि गोदाम नरेंद्र राठौर उर्फ पप्पू का बताया जा रहा है। पनीर के सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। अधिकारियों के अनुसार यह जांच की जा रही है कि पनीर किन रासायनिक पदार्थों से तैयार किया जा रहा था और इसकी सप्लाई किन क्षेत्रों में होती थी। दोषियों के खिलाफ मुकदमे की तैयारी की जा रही है।

टीम ने बताया कि स्वास्थ्य के लिए यह नकली पनीर बेहद खतरनाक साबित हो सकता था। इससे न केवल फूड पॉयजनिंग, बल्कि लिवर और किडनी पर भी बुरा असर पड़ता है। शहर से बाहर एक जेसीबी मशीन की मदद से बड़ा गड्ढा खोदकर नकली पनीर को नष्ट कराया गया और गड्ढे को बंद कर दिया गया।

# सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा का भव्य स्वागत

जिला संवाददाता

**मथुरा।** हिंदुओं में एकता की अलख जगाने के लिए दिल्ली से निकली सनातन हिंदू एकता पदयात्रा गुरुवार को मथुरा की सीमा में प्रवेश कर गई। दिल्ली आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटवन सीमा में हजारों बृजवासियों ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर शंख ध्वनि के साथ पुष्प वर्षा की। यात्रा के पहले छोर ने जब कोटवन बार्डर से प्रवेश किया तो उसके डेढ़ किलोमीटर पीछे आचार्य धीरेंद्र शास्त्री थे। कोटवन पर बुलडोजरों पर खड़े होकर लोगों ने पुष्प वर्षा की। सनातनी बच्चे भजन गायन कर रहे थे तो वहीं गांवों से चले आ रहे जत्थे भी यात्रा के स्वागत में विभिन्न वाद्य यंत्रों पर अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। यात्रा में पीछे से चली आ रही भीड़ में बृजवासी भी शामिल हो गए। कोटवन पर दोपहर में पहुंची सनातन एकता पदयात्रा पर बृजवासियों ने 21 क्विंटल फूलों की वर्षा की। 108 बटुकों ने स्वस्तिवाचन किया। मान मंदिर की गोपियों ने यहां राधा कृष्ण नृत्य किया। यात्रा को लेकर उत्साह इतना है कि क्या बच्चे और क्या बूढ़े। सब सड़कों पर इस उत्साह से पग भर रहे हैं कि जैसे ये दूरी कुछ न हो। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में निकल रही पदयात्रा को लेकर उल्लास अलग ही नजर आ रहा है। सनातन ध्वजा हाथों में उठाए हुए लोग दिल्ली-आगरा हाईवे पर सुबह से ही जमा होना शुरू हो गए थे। यात्रा जब होडल पर थी, उससे पहले ही कोटवन पर हुजूम जमा हो चुका था। जयश्री राम के नारे गूंज रहे हैं। हाथों में धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के कट आउट हैं। यात्रा मथुरा जिले में चार पड़ाव पर रुकेगी। 16 नवंबर को धीरेन्द्र शास्त्री साधु संतों के साथ ठाकुर बांके बिहारी को धर्म ध्वजा चढ़ाएंगे। इस अवसर पर फिल्म अभिनेता संजय दत्त, अनुपम खेर, राजपाल यादव, शिल्पा शेट्टी भी मौजूद रहेंगी। यात्रियों के लिए जगह जगह जलपान को व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश पर भीड़ को देखते हुए पुलिस ने हाईवे पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है। ट्रकों और बसों को यमुना एक्सप्रेसवे से होकर गुजारा जा रहा है।

● **बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर शंख ध्वनि के साथ पुष्प वर्षा से लोगों ने किया स्वागत**



बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा ब्रज भूमि के पहले पड़ाव कोटवन बार्डर पर यात्रा का होडल से कोसी तक 50 से स्थानों पर स्वागत किया जा गया। लोग बाबा के दर्शन पाने के लिए आतुर दिखाई दिए। कोटवन सीमा में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। 11 तोपों से 21 कुंतल फूल यात्रियों पर बरसाए गए। स्वागत के बाद यात्रा मंडी समिति के लिए प्रस्थान करेगी। अनाज मंडी में रात्रि विश्राम होगा।

यात्रा के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यात्रा के स्वागत के लिए अग्रवाल सभा, ब्राह्मण सभा, वाल्मीकि समिति, जंगल एसोसिएशन, व्यापार मंडल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक, गौ रक्षक दल, पंजाबी बाजार एसोसिएशन, ब्रज प्रभात सेवा संस्थान, प्रभात जागृति मंच, मेडिकल एसोसिएशन, अजीजपुरिया सेवा दल, किन्नर समाज भी स्वागत करेगा। हाईवे के किनारे बसी कालोनी केशव कुंज, बैंक कालोनी, सैनी कालोनी, अग्रवाल कालोनी, श्रीजी निकुंज, कमलानगर, आर्य नगर, मीनानगर, अजीजपुर गांव के लोग भी पदयात्रियों का स्वागत करेंगे।

## डीएम ने किया पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रय पद्धति विद्यालय का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रय पद्धति विद्यालय का निरीक्षण किया, उन्होंने वहां अध्यनरत कक्षा- 12,10 के छात्राओं से वार्ता कर उनके अध्ययन की स्थितियों का जायजा लिया, जिलाधिकारी ने बच्चों से उनके आने वाले भविष्य के विषय में पूछा और यह जानना चाहा कि आगे आने वाले भविष्य में उनका रुझान किस तरफ है, एक बच्चा कुलदीप यादव ने बताया कि वह भविष्य में एथलीट बनना चाहता है, स्कूल की तरफ से वह देश के विभिन्न भागों में एथलीट की प्रतियोगिताओं में भाग लेने जा चुका है, जिलाधिकारी ने कहा कि इस बच्चे की प्रतिभा को और निखारने की जरूरत है, जिससे आगे चलकर यह देश और प्रदेश का नाम पूरे विश्व में रोशन कर सके, साथ ही जिलाधिकारी ने इसे जिले के खेल का ब्रांड एंबेसडर बनाने की बात कही, ताकि इस बच्चे की तरह और बच्चे भी प्रेरित और प्रोत्साहित हो सके।

जिलाधिकारी यहां पर स्वयं शिक्षक की भूमिका में नजर आए, जब उन्होंने क्लास 10वीं के बच्चो को गणित के विषय में शिक्षा प्रदान की, बच्चे उनके शैक्षिक कौशल से अत्यंत प्रभावित हुए, उन्होंने यहां के प्रिंसिपल जयपाल सिंह को लैपटॉप इत्यादि वितरण सही समय पर न करने पर चार्ज सीट देने की बात कही, जिलाधिकारी के साथ समाज कल्याण अधिकारी राजमती उपस्थित रही

## निकाह का झांसा देकर रिश्तेदार ने किया शोषण, विषाक्त पदार्थ खाया

**आगरा।** आगरा के थाना सदर क्षेत्र के शहीद नगर में एक युवती के साथ निकाह का झांसा देकर शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है। आरोपी युवक, जो युवती का रिश्ते का भाई बताया जा रहा है, ने निकाह का वादा कर पांच माह तक उसका शोषण किया और जब उसकी दूसरी जगह शादी तय हो गई तो पीड़िता को छोड़ दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत 25 अक्टूबर को थाना सदर में दर्ज कराई, लेकिन आरोप है कि लगातार थाने के चक्कर लगाने के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन भर दिया, गिरफ्तारी नहीं की। सूत्रों के अनुसार 10 नवम्बर को आरोपी युवक का निकाह एक मैरिज होम में हुआ, जिसके बाद पीड़िता मानसिक रूप से टूट गई। निराशा में उसने विषाक्त पदार्थ (केमिकल) पी लिया। युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार का कहना है कि उन्हें न्याय चाहिए और पुलिस की देरी से कार्रवाई ने उनकी पीड़ा को और बढ़ा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की दोबारा जांच कर रही है और आरोपी की तलाश में जुटी है। यह घटना न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल उठाती है, बल्कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और न्याय की प्रक्रिया पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

# संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने निकाली महिला जागरूकता रैली

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई द्वारा मिशन शक्ति चरण 5.0 के अंतर्गत छाता गाँव में महिला जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

बताते चलें महिला जागरूकता रैली एक ऐसा कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना है। इन रैलियों में अक्सर छात्राएं, महिला पुलिसकर्मी और स्वयंसेवी संगठन भाग लेते हैं, जो नारे लगाकर, बैनर और तख्तियां लेकर लोगों तक महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और महिलाओं के जीवन में बाधाएं दूर करना है।




रैली की शुरूआत संस्कृति विश्वविद्यालय परिसर से की गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने हाथों में तख्तियाँ लेकर नारे लगाते हुए गाँव की गलियों में भ्रमण किया। ह्लबेटी बचाओ ह्न बेटी पढ़ाओह्व, ह्लमहिला सशक्तिकरण देश का गौरव हैह्व जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस रैली में विश्वविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ग्रामीण महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया। संस्कृति विवि के नर्सिंग कालेज के प्राचार्य डा. केके पाराशर ने इस मौके पर गांव में लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए लगभग 10 महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं, इनमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केंद्र सरकार की योजना है, सुकन्या समृद्धि योजना, बालिका समृद्धि योजना, सीबीएसई उड़ान स्कीम, मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना शामिल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। छात्रों को इस तरह की गतिविधि आयोजित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज महिला सभी क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, वे सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, चिकित्सा विभाग और यहां तक कि प्रशासनिक सेवाओं में भी कार्यरत हैं। संस्कृति विवि के स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीन डा. डीएस तोमर ने देश की कई प्रमुख महिलाओं की ओर से चलाए जा रहे विकासात्मक कार्यक्रमों पर अपने विचारों को प्रस्तुत करने वाले छात्रों को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्वयंसेवकों और कैडेट को समाज की महिलाओं को प्रेरित करने के लिए अपने गांवों के कोने-कोने में शिक्षा प्राप्त करने के लिए महिलाओं को जागरूक करने लिए कहा। रैली में संस्कृति विवि के विद्यार्थियों के अलावा एनएसएस विंग की डा. नीलम, प्रो. डॉली, डा. रीना रानी के अलावा अन्य शिक्षकगण भी मौजूद रहे।

# रवि चाणक्य ने किए जन्मभूमि के दर्शन



**मथुरा।** पीएम नरेन्द्र मोदी विचार मंच के चीफ नेशनल कॉर्डीनेंटर रवि चाणक्य ने गुरुवार सांय लगभग 6 बजे श्रीकृष्ण-जन्मभूमि के दर्शन किये। रवि चाणक्य जी द्वारा सर्वप्रथम भगवान श्रीकेशवदेवजी महाराज को माल्यार्पण-चन्दन अर्पित किया। अष्टभुजा माँ योगमायाजी के दर्शन उपरान्त श्रीगर्भ गृह में दर्शन-पूजन कर भागवत भवन में श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार को पुष्पार्चन किया गया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने रवि चाणक्य को जन्मस्थान के पौराणिक एवं आध्यात्मिक महत्व और मंदिर के इतिहास के विषय में विस्तृत जानकारी दी तथा उनका पटुका पहिनाकर अभिनन्दन कर प्रसाद भेंट किया।

## बाल भिक्षावृत्ति करने वाले 02 बच्चों को किया रेस्क्यू



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट फिरोजाबाद द्वारा बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान चलाया गया। अभियान के अनुपालन में बच्चों के साथ अप्रिय घटना घटित न होने की आशंका के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के तहत पूर्व मे की गयी रेकी व सुरागरसी पतारसी के आधार पर थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत एटा चौराहा जनपद फिरोजाबाद में बाल भिक्षावृत्ति चैकिंग अभियान चलाया गया, अभियान के दौरान एटा चौराहा शिकोहाबाद पर दो बच्चों को बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू किया गया । रेस्क्यू किये गये बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण कराकर सीडब्लूसी फिरोजाबाद के समक्ष पेश कर निदेर्शानुसार सभी बच्चों को बाल संप्रेषण गृह फिरोजाबाद में संवासित कराया गया।

## जम्मू तवी एक्सप्रेस का फिरोजाबाद स्टेशन पर होगा ठहराव आदेश जारी

जिला संवाददाता

फिरोजाबाद। टाटानगरझजम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18101/18102 के फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर ठहराव के आदेश रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा जारी कर दिए गए हैं। यह आदेश दिनांक 23 अक्टूबर 2025 को विवेक कुमार सिन्हा, संयुक्त निदेशक कोचिंग रेलवे बोर्ड द्वारा उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज उत्तर रेलवे नई दिल्ली, पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर एवं दक्षिण पूर्व रेलवे कोलकाता के मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधकों को प्रेषित किए गए हैं।

यह ट्रेन चारों रेल जोनों के क्षेत्र से होकर गुजरती है। क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने जानकारी दी कि उन्होंने 25 जून 2025 को प्रयागराज में आयोजित जोनल रेलवे मीटिंग में शिकोहाबाद एवं फिरोजाबाद स्टेशनों पर कोरोना काल से पूर्व रुकने वाली ट्रेनों के ठहराव को पुनः शुरू किए जाने की मांग प्रमुखता से रखी थी। साथ ही वे लंबे समय से इस विषय पर रेल मंत्रालय को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराते रहे हैं। श्री गौतम के प्रयासों से पूर्व में शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर अलीपुरद्वार महानंदा एक्सप्रेस का ठहराव 7 सितंबर 2025 से प्रारंभ किया गया था। अब रेलवे बोर्ड द्वारा फिरोजाबाद स्टेशन पर टाटानगरझजम्मू तवी एक्सप्रेस के ठहराव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। श्री गौतम ने बताया कि उन्होंने उत्तर मध्य रेलवे के संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क किया, जिनके अनुसार ट्रेन संख्या 18101/18102 का फिरोजाबाद स्टेशन पर ठहराव शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिसकी तिथि जल्द घोषित की जाएगी।

श्री गौतम ने रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव एवं उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने यात्रियों की सुविधा और क्षेत्रीय जन अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया।

# बलात्कारी को ऑर्म्स एक्ट के तहतअरेस्ट करने पर दो दरोगा निलंबित

**मथुरा।** थाना फरह क्षेत्र में बलात्कार के आरोपित को तमंचा रखने के आरोप में गिरफ्तार करने का मामला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तक पहुंचा तो उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच सीओ गुंजन सिंह से कराकर दोषी पाए जाने पर फरह थाने में तैनात दो उपनिरीक्षकों को गुरुवार निलंबित कर दिया और थाना प्रभारी और एक उप निरीक्षक की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उनके खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। गौरतलब हो कि 22 सितंबर को फरह क्षेत्र में 8 साल की नाबालिग से दुराचार किया गया था। यह मासूम अपनी सहेलियों के साथ घर के बाहर खेल रही थी, तभी गांव का रहने वाला योगेश उसे बहला फुसलाकर अपने घर ले गया और घटना को अंजाम दिया। बताते हैं कि घटना के बाद बालिका की परेशानी को देखते हुए परिवार को जानकारी मिली। वे फरह थाने पहुंचे और शिकायत लिखायी। पुलिस ने बालिका का बयान दर्ज कर लिया, लेकिन कार्यवाही नहीं की और समझौते का दबाव बनाने लगे। परिवार के लोग इस पर राजी नहीं हुए तब फरह पुलिस ने दुष्कर्म आरोपी योगेश को तमंचा रखकर जेल भेज दिया। बताते हैं कि 27 अक्टूबर को योगेश जेल से छूट आया और गांव में घूमने लगा। लड़की के पिता को जब पता चला कि उसे तमंचा रखने के आरोप में जेल भेजा गया है। तब लड़की के पिता ने चैकी पर तैनात दरोगा अनिरूद्ध सिंह और सतीश कुमार से शिकायत की तो वे मामले को टालने लगे।

● **एसएसपी के आदेश से विभाग में हड़कंप**

परेशान होकर लड़की के पिता ने 8 नवम्बर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और पूरी घटना बतायी। एसएसपी ने जांच में मामला सही पाया। पिता ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। जब पूरा प्रकरण एसएसपी श्लोक कुमार के संज्ञान में आया तो इस आरोपी को दुबारा गिरफ्तार किया गया और बलात्कार व पॉक्सो में जेल भेजा गया। बाद में कार्यवाही करते एसएसपी ने दोनों दरोगा अनिरूद्ध व सतीश को निलंबित कर दिया। थाना प्रभारी और एक अन्य उप निरीक्षक की मामले में संदिग्ध भूमिका की जांच के आदेश दिए हैं।

## अनुसूचितों पर हो रहे अत्याचार को लेकर बसपा का ज्ञापन

मथुरा। बहुजन समाजपार्टी ने अनुसूचित जाति पर हो रहे अत्याचार और उत्पीड़न को लेकर एसएसपी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि जातिगत मानसिकता से हमले और घटनाएं हो रही हैं, जिससे पार्टी में रोष है। ऐसे मामलों में निष्पक्ष तथ्य परख विवेचना करायीजाए।

## बागेश्वर धाम यात्रा आगमन के लिए छाता में ठहरने की व्यवस्था पूरी

छाता। बागेश्वर धाम सनातन पदयात्रा ब्रजभूमि आगमन पर जनपद मथुरा के छाता में वेकमैट के मैदान पर यात्रा के लिए ठहरने खाने पीने की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। आपको बता दें सनातन पदयात्रा छाता में 14 तारीख को दोपहर लगभग 12:00 बजे वेकमैट के मैदान पर आगमन होगा, इस मैदान पर यात्रा में शामिल लोगों के लिए दोपहर भोजन के अलावा ठहरने की व्यवस्था व्यवस्थापकों के द्वारा पूरी कर ली गई है, वहीं दोपहर भोजन के लिए लगभग 1000 खान पान व्यवस्था हेतु लोग इस जगह लगाए गए हैं। इस जगह को 16 एकड़ भूमि में पंडाल लगाया गया है ,वहीं सुरक्षा की दृष्टि को रखते हुए ट्रैफिक पुलिस व भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनात रहेगी । छाता यात्रा प्रभारी लव सुलेरे ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा लगभग दोपहर 12:00 बजे पहुंचने के बाद दो-तीन घंटे बेकमेट मैदान पर भोजन करेगी , सेमरी पर यात्रा के रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है सभी तरह की व्यवस्था है।

## 3 दिवसीय जागरूकता अभियान चला



**फिरोजाबाद।** जनपद फिरोजाबाद डायल 112 द्वारा संचालित बीडीएम गर्ल्स इंटर कॉलेज शिकोहाबाद एवं सोंथरा चौराहा सिरसागंज में नुक्कड़ नाटक दल एवं एल0ई0डी0 वैन द्वारा छात्र छात्राओं एवं आम जनमानस को 3 दिवसीय अभियान चलाकर जागरूक किया गया। गुरुवार को प्रभारी डायल-112 एवं स्थानीय पुलिस पुलिस टीम द्वारा शासन के निर्देशनानुसार दिनांक 13-11-2025 से 15-11-2025 तक 03 दिवसीय नुक्कड़ नाटक दल एवं एलईडी वैन दल के माध्यम से बी0डी0एम0 गर्ल्स इंटर कॉलेज शिकोहाबाद एवं सोंथरा चौराहा थाना सिरसागंज पर व्यापक जागरुकता अभियान चलाया गया, जागरुकता अभियान के दौरान आपातकालीन सेवाओं, पुलिस, फायर सर्विस, मेडिकल सहायता महिला पीआरवी, नाईट स्कॉर्ट एवं सवेरा योजना, आदि के संबंध में विस्तृत जागरुकता अभियान चलाया गया है । जागरुकता अभियान के दौरान साइबर एवं महिला संबंधित अपराधों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। छात्र छात्राओं एवं आमजन को नुक्कड़ नाटक दल तथा एलईडी वैन दल के माध्यम से छात्र छात्राओं एवं आम जनमानस को किसी भी आपात स्थिति में 112 पर कॉल करने के संबंध में जागरूक एवं प्रेरित किया गया।

# दिल्ली ब्लास्ट में रहमान कुरैशी पुलिस रडार पर

**आगरा।** पुलिस धर्मांतरण के आरोपियों से भी धमाके के कनेक्शन तलाश रही है। एक आरोपी ने यूट्यूब पर मुहिम छेड़ रखी थी। दिल्ली में हुए धमाके के बाद साजिशकर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए देशभर में सुरक्षा एजेंसियां छापा मार रही हैं। आगरा में भी पुलिस ने संदिग्धों की तलाश तेज कर दी है। आगरा में कुछ माह धर्मांतरण गिरोह के 14 आरोपी जेल भेजे गए थे। इनमें से एक आरोपी रहमान कुरैशी यूट्यूब पर धर्मांतरण की मुहिम चला रहा था। उसके चैनल के 1.56 लाख फॉलोअर हैं, जिसमें पाकिस्तानी भी हैं। वह फलस्तीन के लिए चंदा भी जुटा रहा था। पुलिस की पूछताछ में उसका पाकिस्तानी कनेक्शन भी सामने आया था। अब दिल्ली धमाके के बाद पुलिस उसके संपर्क में आए लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। सदर की दो सगी बहनों को धर्मांतरण के लिए कोलकाता ले जाया गया था। पुलिस ने कई माह की पड़ताल के बाद दोनों को बरामद किया था। 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें सराय ख्वाजा का रहने वाला रहमान कुरैशी भी शामिल था। वह धर्मांतरण करने वाली युवतियों के लिए वीडियो पोस्ट करता था। वह 12वीं पास है, मगर फराटेदार अंग्रेजी बोल लेता है। वह जिस तरह की भाषा का प्रयोग करता था, वो प्रशिक्षित व्यक्ति ही बोल सकता था। उसकी हरकतों के बारे में परिवार के लोगों को पता नहीं था। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंटोला और शाहगंज के कई लोग उसके संपर्क में थे। वह उसकी मदद कर रहे थे। उसका पाकिस्तानी कनेक्शन भी सामने आया था। दिल्ली में हुए धमाके के बाद रहमान कुरैशी के मददगारों के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। सूत्रों के मुताबिक सोमवार रात निजी वाहन से पुलिस आयुक्त भी मंटोला पहुंचे। उन्होंने एलआईयू के इंस्पेक्टरों से बात की। क्षेत्र में सतर्कता के निर्देश दिए। धर्मांतरण गिरोह के सदस्य के पास से कई स्थानीय लोगों के नामों का पता चला था। इनकी अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उनके बारे में भी पड़ताल तेज करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि पूर्व में धर्मांतरण गिरोह के सदस्य पकड़े गए थे। उनके स्थानीय स्तर पर मददगारों के बारे में पता किया जा रहा है। सभी संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। आगरा निवासी पप्पू के दिल्ली में हुए धमाके में घायल होने की जानकारी पुलिस को मिली थी। बताया गया है कि वह गाड़ी लेकर गया था। एक परिवार भी साथ था। वह अपनी गाड़ी में बैठा रहा। परिवार खरीदारी करने चला गया। तभी धमाका हो गया था। इससे वह घायल हो गया। दिल्ली पुलिस से घायल के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिली है। यही पता चला कि वह आवास विकास का रहने वाला है मगर पप्पू के परिवार के लोगों ने पुलिस से संपर्क नहीं किया है। इस वजह से उसके बारे में कोई जानकारी हाथ नहीं लग सकी। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि पप्पू नाम के व्यक्ति के घायल होने के बारे में पता चला है। छानबीन की जा रही है। हम गुरुग्राम गए थे। अस्पताल में रिश्तेदार को देखना था। इसके बाद बेटी की शादी की खरीदारी करने दिल्ली स्थित चांदनी चौक के बाजार जाने वाले थे। तभी मोबाइल पर धमाके के मैसेज आने लगे। इससे घबरा गए और प्लान बदलते हुए घर लौट आए। अब अगले सप्ताह जाएंगे।

● **1.56 लाख फॉलोअर वाला वाले मास्टरमाइंड के पाकिस्तान से कनेक्शन, जांच हुई तेज**

## धुंध से उखड़ रही सांस, तीन दिन में अस्थमा अटैक के 17 मरीज भर्ती

आगरा। नमी और हवा में कार्बन तत्व होने से रोगियों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। मरीजों की तेज खांसी से हालत खराब है। आलम ये है कि उन्हें ऑक्सीजन देनी पड़ रही है। बढ़ते प्रदूषण और बदले मौसम के कारण अस्थमा और सांस रोगियों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। तीन दिन में अस्थमा अटैक के 17 मरीज भर्ती हुए हैं। सभी को ऑक्सीजन दी जा रही है। इनमें से 9 मरीजों की हालत खराब है। मर्ज बढ़ने पर सांस और अस्थमा मरीजों को दवाओं की डोज भी बढ़ाकर देनी पड़ रही है।

वक्ष एवं क्षय रोग विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि ओपीडी में बीते तीन दिन में करीब 900 मरीज आए हैं। इसमें सांस लेने में परेशानी, सीने में जकड़न, तेज खांसी की परेशानी है। कुछ मरीजों को खांसते वक्त बलगम में खून भी आ रहा है। इनमें से अस्थमा अटैक के 17 मरीज हैं। सोमवार को 7, मंगलवार को 3 और बुधवार को 7 मरीज अस्थमा अटैक के भर्ती हुए। इनकी हालत ठीक नहीं है और हाईलेवल ऑक्सीजन पर हैं। वक्ष एवं क्षय रोग के डॉ. गजेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि ठंड और हवा में कार्बन तत्व होने से नाक में एलर्जी, सीने से घर्र-घर्र की आवाज आना, बलगम में संक्रमण भी मिल रहा है। सांस लेने में तकलीफ हो रही है। हालत खराब होने पर मरीजों को इन्हेलर और दवाओं की डोज बढ़ाकर देनी पड़ रही है।

ये बरते सावधानीः इन्हेलकर की डोज एडजस्ट करा लें। बाहर जाते वक्त मास्क जरूर लगाएं। सुबह-शाम खिड़की-दरवाजा बंद रखें। गुनगुना पानी पीएं, रोजाना भाप जरूर लें। ठंडी सामग्री खाने-पीने से बचें। धूम्रपान न करें।

## यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की कार्यवाही

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात माह नवम्बर 2025 अभियान के अन्तर्गत गुरुवार को यातायात पुलिस फिरोजाबाद द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्यवाही की गई। इस अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस टीम द्वारा वाहनों पर लगी काली फिल्म को हटवाया गया, गलत नम्बर प्लेट एवं जाति सूचक शब्द लिखे वाहनों पर कार्यवाही की गई एवं 03 वाहन सीज किए गए एवं कुल 840 चालान की कार्रवाई की गई।

## हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

टूंडला। थाना टूंडला क्षेत्र के अंतर्गत नगला महादेव कट पर एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी ।सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल को उपचार के लिए एफएच हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा हैं। गौरव सिंह पुत्र राजकुमार निवासी नवलपुर थाना एत्मादपुर जिला आगरा अपनी बाइक से टूंडला नगला महादेव कट पर जैसे ही आया तभी पीछे से अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची थाना टूंडला पुलिस ने घायल को उपचार के लिए एफएच हॉस्पिटल में भर्ती कराया हैं। जहां उसका उपचार चल रहा हैं।

संक्षेप

## बजाज फिन्सर्व का बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं फंड लॉन्च

मुंबई। बजाज फिन्सर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना, बैंकिंग और वित्तीय सेवा फंड की शुरूआत की घोषणा की है। यह नया फंड ऑफर 10 नवंबर 2025 को सदस्यता के लिए खुलेगा और 24 नवंबर 2025 को बंद होगा। इस फंड को निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज टीआरआई के समकक्ष बेंचमार्क किया गया है। बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक गणेश मोहन ने कहा जैसे-जैसे भारत विकसित भारत की ओर अग्रसर होगा और वैश्विक स्तर पर शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा, वित्तीय सेवा क्षेत्र इस विकास को संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बजाज फिनसर्व बैंकिंग और वित्तीय सेवा फंड के लिए हमारा निवेश दृष्टिकोण गहन शोध और अनुशासित स्टॉक चयन पर आधारित है।

## ईमामी ने पेश किया केश किंग गोल्ड

मेरठ। केश किंग, भारत का एक प्रमुख आयुर्वेदिक हेयरकेयर ब्रांड है। इस ब्रांड ने अपने आपको एक नया रूप देने के लिए रीब्रांडिंग की पहल करते हुए पेश किया है केश किंग गोल्ड।इससे ब्रांड की पहचान, प्रस्तुति और पैकिजंग को एक नया और आकर्षक दर्जा मिला है। इस रीब्रांडिंग के जरिये ईमामी ने अपने ब्रांड केश किंग के लिए एक अलग रणनीति को अपनाया है। अब यह केवल अपने पारंपरिक आयुर्वेदिक बुनियाद तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसने एक दमदार नई सोच को अपनाया है। केश किंग की यह रीब्रांडिंग सिर्फ दिखावे के लिए किया गया कोई बदलाव नहीं है इसमें रणनीतिक रूप से उल्लेखनीय परिवर्तन किए गए हैं। यह ब्रांड बालों की संपूर्ण देखभाल में केश किंग को गोल्ड स्टैंडर्ड के रूप में स्थापित करना चाहता है, जो कि इसकी भविष्य की योजनाओं का एक हिस्सा है।

## सैमसंग टीवी प्लस की शीर्ष क्रिएटर्स से साझेदारी

नयी दिल्ली। सैमसंग टीवी प्लस, भारत की प्रमुख फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टेलीविजन सेवा, ने दुनिया के शीर्ष क्रिएटर्स के साथ साझेदारी करते हुए उनके एक्सक्लूसिव एफएएसटी चैनल अब घर की सबसे बड़ी स्क्रीन पर उपलब्ध करा दिए हैं। भारत में लॉन्च की गई छह क्यूरेटेड चैनलों की इस नई सूची में प्रसिद्ध क्रिएटर मार्क रोबर के पहले समर्पित फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी चैनल का विश्व प्रीमियर भी शामिल है। सैमसंग टीवी प्लस अब पूरे भारत में 1.40 करोड़ से अधिक सैमसंग स्मार्ट टीवी पर 160 से भी अधिक चैनलों के साथ उपलब्ध है। नासा के पूर्व इंजीनियर, आविष्कारक, शिक्षक और दुनिया के सबसे प्रभावशाली क्रिएटर्स में से एक मार्क रोबर–जिनके 7.1 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं–अब विज्ञान, रचनात्मकता और मनोरंजन का अपना अनोखा मिश्रण टीवी दर्शकों तक लेकर आ रहे हैं।

## एमार को सेरेनिटी हिल्स लॉन्च

बंगलुरु। एमार इंडिया ने सेक्टर 86, गुरुग्राम में अपने नए प्रीमियम हाउसिंग प्रोजेक्ट सेरेनिटी हिल्सल को लॉन्च किया है। न्यू गुरुग्राम में स्थित यह प्रोजेक्ट एमार की गुणवत्ता, आधुनिक आर्किटेक्चर और पर्यावरण के प्रति संवेदी दृष्टिकोण का प्रतीक है। सेरेनिटी हिल्स उन निवासियों के लिए है जो शहर में रहते हुए भी संतुलित, सुकून भरा और समृद्ध जीवन अनुभव चाहते हैं। यह प्रोजेक्ट जिसे आईजीबीसी प्लेटिनम प्री-सर्टिफिकेशन प्राप्त है। इसे चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है, और पहले चरण में 7 टावरों में करीब 1,000 यूनिट्स लॉन्च की जा रही हैं।

## कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर मांग घटने से प्रतिभागियों ने अपने सौदे के आकार को कम किया जिससे वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमत बृहस्पतिवार को 10 रुपये घटकर 5,213 रुपये प्रति बैरल रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में कच्चे तेल के दिसंबर में आपूर्ति वाले अनुबंधों का भाव 10 रुपये या 0.19 प्रतिशत घटकर 5,213 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 10,100 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि प्रतिभागियों के दांव घटाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रही। न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल का भाव 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58.40 डॉलर प्रति बैरल रहा।

# सेंसेक्स में 12.16 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच वैश्विक बाजारों में कमजोर धारणा का घरेलू बाजार पर असर पड़ा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 12.16 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 84,478.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ऊंचे में यह 84,919.43 अंक तक गया जबकि नीचे में 84,253.05 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी नाममात्र 3.35 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,879.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, पावरग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, सन फार्मास्युटिकल्स, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक्नोलॉजीज लाभ में रहे। दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स की वाणिज्यिक वाहन इकाई इटर्नल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, ट्रेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इन्फोसिस शामिल हैं। घरेलू शेयर बाजार सकारात्मक कारोबार के बाद स्थिर बंद हुए। मुनाफावसूली ने सकारात्मक वैश्विक और घरेलू संकेतों के बावजूद शुरुआती बढ़त को समाप्त कर दिया। अमेरिकी सरकार के विभागों में कामकाज ठप होने को समाप्त करने के लिए डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के एक अल्पकालिक वित्त पोषण विधेयक पर हस्ताक्षर करने और भारत के लिए शुल्क राहत की उम्मीदों से बाजार में तेजी आई। अक्टूबर में रिकॉर्ड निचले स्तर पर मुद्रास्फीति के आंकड़ों से नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद बढ़ी है। इससे ब्याज दर को लेकर संवेदनशील धातु और रियल्टी जैसे क्षेत्र निवेशकों के लिए आकर्षक बन गए हैं। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख था। बुधवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.29 प्रतिशत टूटकर 62.53 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। इस बीच, शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार तीसरे दिन शुद्ध बिकवाल रहे। बुधवार को उन्होंने 1,750.03 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने अपनी खरीदारी जारी रखी और 5,127.12 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक मजबूत हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 180.85 अंक चढ़ा था।

# सोने में 3000 रुपये रुपये का उछाल, चांदी 7700 रुपये चढ़ी



नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के चलते बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 3,000 रुपये बढ़कर 1,30,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के शटडाउन की समाप्ति ने भी सुरक्षित-निवेश का विकल्प मानी जाने वाली परिसंपत्ति की अपील को समर्थन दिया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार तीसरे दिन बढ़त जारी रही, जो बुधवार के 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 3,000 रुपये बढ़कर 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,27,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें बृहस्पतिवार को 7,700 रुपये बढ़कर 1,69,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। बुधवार को यह 5,540 रुपये बढ़कर 1,61,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थीं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा 43 दिन के रिकॉर्ड शटडाउन को समाप्त करने के लिए विधेयक पारित करने के बाद, 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.30 पर कारोबार कर रहा था, जिससे सर्राफा कीमतों को समर्थन मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 41.19 डॉलर या 0.98 प्रतिशत बढ़कर 4,236.84 डॉलर प्रति औंस हो गया। बृहस्पतिवार को सर्राफा बाजार में तेजी जारी रही, जिसे कमजोर डॉलर और दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के कमजोर वृहद आर्थिक आंकड़ों के बाद ब्याज दरों में और कटौती की बढ़ती उम्मीदों का समर्थन मिला।

# ऋण गारंटी योजना को लेकर जल्द 2,000 करोड़ आवंटित करेगी सरकार

नयी दिल्ली। सरकार जल्द ही निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना को लेकर 2,000 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। सूत्रों ने यह यह जानकारी दी। राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) को पात्र निर्यातकों को 20,000 करोड़ रुपये तक की ऋण सुविधाएं प्रदान करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी।

सूत्रों ने कहा कि कंपनी के पास पहले से ही कुछ राशि उपलब्ध है। संसद के अनुदानों को मंजूरी दिए जाने के बाद अनुदानों की अनुपूरक मांगों के माध्यम से राशि प्रदान की जा सकती है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना (सीजीएसई) शुरू करने की मंजूरी दे दी। इसका उद्देश्य एमएसएमई सहित पात्र निर्यातकों को 20,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त ऋण सुविधाएं प्रदान करने के लिए एनसीजीटीसी द्वारा सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को 100 प्रतिशत ऋण गारंटी कवरेज प्रदान करना है। यह योजना वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) एनसीजीटीसी के माध्यम से क्रियान्वित कर रहा है ताकि एमएसएमई सहित पात्र निर्यातकों को संबंधित वित्तीय संस्थान अतिरिक्त ऋण सहायता प्रदान कर सके।

# रुपया छह पैसे टूटकर 88.68 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 88.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की निकासी और तेल कंपनियों सहित स्थानीय आयातकों की निरंतर डॉलर मांग के कारण रुपये पर दबाव बना रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में रातोंरात गिरावट और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता को लेकर नए उम्मीदों के कारण रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है और गिरावट पर अंकुश लगा रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.66 पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 88.63 के उच्चतम स्तर और 88.73 के निम्नतम स्तर को छुआ। अंत में रुपया 88.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की गिरावट है। बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे की गिरावट के साथ 88.62 पर बंद हुआ। हमें उम्मीद है कि आयातकों की डॉलर मांग के कारण रुपया थोड़े नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। हालांकि, घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की गिरती कीमतें निचले स्तर पर रुपये को सहारा दे सकती हैं। डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 88.40 से 89 के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा 43 दिन के शटडाउन को समाप्त करने का विधेयक को पारित करने के बाद, 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.20 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62.58 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# आज पंजाब नैशनल बैंक की 100वीं शाखा का शुभारंभ

लखनऊ। पंजाब नैशनल बैंक द्वारा आज 13 नवंबर, 2025 को लखनऊ मण्डल की 100 वीं शाखा, जो सुशांत गोल्फ सिटी, क्रेसेंट मॉल के भूतल में खोली गई है, का भव्य उद्घाटन अनुराग श्रीवास्तव अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे और ग्रामीण जल संसाधन विभाग और बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अशोक चन्द्र ने किया।

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि पंजाब नैशनल बैंक लगभग 131 वर्षों से देश की सेवा में कार्यरत है। देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक होने के नाते पूरे देश में हमारी 10200 शाखाएँ, 11500 एटीएम, 33 हजार बिजनस करेसपांडेन्ट है, जिसकी पहुँच देश के हर क्षेत्र तक है। हमारे सभी कर्मचारी बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। पंजाब नैशनल बैंक का भारत के विकास में अग्रणी भूमिका अदा कर रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत-2047 के सपने को साकार करने की दिशा में हमारा बैंक एमएसएमई, रिटेल, और कृषि में बहुत तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि पीएनबी आपकी सभी प्रकार की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने एवं साइबर सुरक्षा में पूर्णतः सक्षम और सशक्त है। आप सभी हमारी विभिन्न ऋण सुविधाओं का लाभ डिजिटल माध्यम से त्वरित प्राप्त कर सकते है।

# 45000 करोड़ की योजनाओं से निर्यात को मिलेगी गति



नयी दिल्ली। निर्यातकों के लिए 45,000 करोड़ रुपये से अधिक के व्यय वाली दो योजनाओं को मंजूरी दिए जाने से देश के निर्यात को बढ़ावा मिलने और वैश्विक बाजारों में घरेलू वस्तुओं की प्रतिस्पर्धी क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है।

सरकार ने बुधवार को निर्यात संवर्धन मिशन (25,060 करोड़ रुपये) और ऋण गारंटी योजना (20,000 करोड़ रुपये) को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि निर्यात संवर्धन मिशन निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार करेगा, एमएसएमई, पहली बार निर्यात करने वालों और श्रम गहन क्षेत्रों की मदद करेगा। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, विश्व बाजार में मेड इन इंडिया की गूंज और भी जोरदार होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) को मंजूरी दे दी है, जिससे निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार होगा, एमएसएमई, पहली बार निर्यात करने वालों और श्रम-प्रधान क्षेत्रों को मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना से वैश्विक प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ावा मिलेगा और सुचारू व्यापार संचालन सुनिश्चित होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल के 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात संवर्धन मिशन को मंजूरी देने से भारत के निर्यात क्षेत्र को मजबूती मिली है। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस दृष्टिकोण की दिशा में एक मजबूत कदम है जिसके तहत भारतीय उत्पादों के वैश्वीकरण के माध्यम से निर्यात क्षेत्र को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनायेगा।

# मूडीज ने 2025 में भारत की वृद्धि दर सात प्रतिशत 2026 में 6.5 प्रतिशत रहने का लगाया अनुमान




नयी दिल्ली। मूडीज रेटिंग्स ने भारत की अर्थव्यवस्था के 2025 में सात प्रतिशत और अगले वर्ष 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का बृहस्पतिवार को अनुमान लगाया।

मूडीज ने अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक में कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि को मजबूत बुनियादी ढांचे पर खर्च व ठोस उपभोग से समर्थन मिल रहा है हालांकि निजी क्षेत्र व्यवसायिक पूंजीगत व्यय को लेकर सतर्क बना हुआ है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि भारत जी-20 देशों के सदस्यों में से सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। यह 2027 तक 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा जिसे घरेलू व निर्यात विविधीकरण का समर्थन प्राप्त मिलेगा। कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है जो 2024 के 6.7 प्रतिशत से अधिक है। वास्तविक जीडीपी, आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित होती है। कुछ उत्पादों पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क का सामना कर रहे भारतीय निर्यातकों ने निर्यात को पुनर्निर्देशित करने में सफलता हासिल की है। सितंबर में उनका कुल निर्यात 6.75 प्रतिशत बढ़ा, जबकि अमेरिका को निर्यात में 11.9 प्रतिशत की गिरावट आई। मूडीज ने कहा कि हमें उम्मीद है कि 2026 और 2027 में इसकी अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत के आसपास बढ़ती रहेगी जिसे कम मुद्रास्फीति के बीच तटस्थ-से-उदार मौद्रिक नीति रुख का समर्थन प्राप्त होगा। चीन के लिए मूडीज ने अनुमान लगाया है कि 2025 उसकी में अर्थव्यवस्था पांच प्रतिशत बढ़ेगी जिसे सरकारी प्रोत्साहन और मजबूत निर्यात का समर्थन प्राप्त होगा। 2027 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि धीरे-धीरे घटकर 4.2 प्रतिशत हो सकती है।

## फ्रेयर एनर्जी का इंटेलिजेंट सेल्फ-क्लीनिंग सोलर टेक्नोलॉजी और एडवांस्ड हाइब्रिड सिस्टम लॉन्च

लखनऊ। फ्रेयर एनर्जी ने आज उत्तर प्रदेश में अपने रणनीतिक विस्तार की घोषणा की है। इस अवसर पर कंपनी ने भारत की पहली इंटेलिजेंट सेल्फ-क्लीनिंग सोलर सिस्टम्स और नेक्स्ट-जेनरेशन हाइब्रिड सोलर सोलूशन्स लॉन्च किए। ये इनोवेशंस राज्य में डस्ट अक्यूम्यूलेशन की गंभीर चुनौती जो सोलर एफिशिएंसी को 30% तक कम कर सकती है और लगातार होने वाले पावर आउटेजेस जैसी समस्याओं का सीधा समाधान प्रस्तुत करते हैं। फ्रेयर एनर्जी के को-फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ मर्दा ने कहा कि कंपनी का ग्राउंडब्रेकिंग इंटेलिजेंट सेल्फ-क्लीनिंग सोलर सिस्टम एडवांस्ड सेंसर-बेस्ड टेक्नोलॉजी का उपयोग करता है, जिसमें वॉटर-एफिशिएंट क्लीनिंग मैकेनिज्म शामिल है जो अपने आप पैनल कार्यदक्षता को बनाए रखता है। भारत में इस तरह का यह पहला इनोवेशन है जो एनर्जी प्रोडक्शन को 5% तक बढ़ाता है, साथ ही मैनुअल मेंटेनेंस की जरूरत को खत्म करता है और पारंपरिक सफाई तरीकों की तुलना में वॉटर कंजम्पशन को 90% तक कम करता है। उत्तर प्रदेश के लिए, जहाँ डस्ट लेवल्स देश में सबसे अधिक हैं, यह टेक्नोलॉजी सोलर को एक मेंटेनेंस-इंटेंसिव इन्वेस्टमेंट से बदलकर एक सच्चा हैसल-फ्री एनर्जी सॉल्यूशन बना देती है।

पेज एक का शेष

## राष्ट्रपति मुर्मू

अभयारण्य 3,700 हेक्टेयर में फैला हुआ है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यहां गैंडे, जिराफ और विभिन्न प्रकार के स्थानीय अफ्रीकी पक्षी तथा सरीसृप प्रजातियां निवास करती हैं, जिनमें से कुछ दुर्लभ हैं और जो विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रही हैं। यहां पृथकवास प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी आठ चीतों के अगले कुछ सप्ताह में भारत पहुंचने की उम्मीद है। मुर्मू बोत्सवाना की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं, जो बृहस्पतिवार को संपन्न होगी। प्रोजेक्ट चीता के तहत बोत्सवाना से भारत में चीतों के स्थानांतरण की घोषणा दोनों राष्ट्रपतियों ने बुधवार को बोको के कार्यालय में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद एक प्रेस वार्ता के दौरान की। मुर्मू ने वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों के लिए अफ्रीकी राष्ट्र को धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि भारत चीतों की अच्छी देखभाल करेगा। बोको ने कहा कि उनके देश द्वारा चीतों को दान किए जाने के कदम से भारत में चीतों की आबादी के पुनर्जनन में मदद मिलेगी।

## भगवान बिरसा

कारण तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया था। देश की स्वतंत्रता के प्रति समर्पित भगवान बिरसा मुण्डा ने मात्र 25 वर्ष की उम्र में रांची जेल में अंतिम सांस ली। उन्होंने जनजातीय समुदाय को अपना देश अपना राज का नारा दिया था, अर्थात यदि देश हमारा है, तो राज भी हमारा होना चाहिए। भारत में विदेशी हुकूमत का राज नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजाति भागीदारी उत्सव में कलाकार सहभागिता की दृष्टि से अरुणाचल प्रदेश पार्टनर स्टेट है। गुजरात, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, सिक्किम, उड़ीसा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखण्ड, पश्चिम बंगाल, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, केरल, हिमाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, झारखण्ड, पंजाब राज्यों के कलाकार भी इस उत्सव में सहभागी बन रहे हैं। कार्यक्रम में हस्तशिल्प, कला प्रदर्शनी, व्यंजन मेले का आयोजन किया गया है। व्यंजन मेले के अंतर्गत जेवनार और देसी स्वाद नाम से स्टॉल लगाए गये हैं। धरती आबा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने के लिए जनजाति साहित्य को समर्पित साहित्यिक व विकास मंच उपलब्ध कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है। यह भारत के शिल्पी लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल तथा धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के 150 वर्ष पूर्ण होने का वर्ष है। 31 अक्टूबर, 1875 को लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल तथा 15 नवम्बर, 1875 को भगवान बिरसा मुण्डा का जन्म हुआ। यह भारत की जनचेतना को जाग्रत कर स्वाधीनता आंदोलन को नया मंत्र देने वाले राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वें वर्ष तथा बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर द्वारा रचित संविधान के अमृत वर्ष में प्रवेश करने का वर्ष भी है।

## दोषियों को

व उमर नकदी निकालता है और आगे बढ़ने से पहले उसे टोल ऑपरेटर को सौंप देता है। जांचकर्ताओं ने बताया कि मास्क पहने हुए उमर बार-बार सीसीटीवी कैमरे की ओर देख रहा था - संभवतः उसे पता था कि सुरक्षा एजेंसियां उसकी तलाश में हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि (सीसीटीवी फुटेज में) कार की पिछली सीट पर एक बड़ा बैग भी रखा हुआ देखा जा सकता है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि उसमें विस्फोटक रखा हुआ था। पुलिस अधिकारी ने कहा, सीसीटीवी कैमरे की ओर उसका बार-बार देखना इस बात का संकेत हैं कि उसे पता था कि एजेंसियां उसे ढूंढ रही हैं, और वह सचेत होकर अपने आस-पास की गतिविधियों पर नजर रख रहा था। उसी दिन बाद में, रामलीला मैदान के पास एक मस्जिद के पास की गली से एक और सीसीटीवी क्लिप में उमर को एक संकरी सड़क पर चलते हुए देखा जा सकता है, जिसके बाद वह कुछ देर के लिए अपना सिर घुमाता है - और इस क्षण उसका चेहरा कैमरे में स्पष्ट रूप से दर्ज हो जाता है। पुलिस को संदेह है कि लाल किले की ओर बढ़ने से पहले वह नमाज अदा करने के लिए मस्जिद गया था। दिल्ली में सोमवार शाम को लाल किले के पास शाम 6:52 बजे एक हुंदै आई20 कार में विस्फोट हुआ था, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। विस्फोट का प्रभाव इतना भीषण था कि कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए तथा घटनास्थल से प्राप्त दृश्यों में क्षत-विक्षत शव और बिखरा हुआ मलबा दिखाई दे रहा था।

## अल फलाह

को विचारों के आदान-प्रदान और साझा हितों के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। एआईयू की महासचिव पंकज मित्तल ने कहा, यह सूचित किया जाता है कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के उपनियमों के अनुसार, सभी विश्वविद्यालयों को तब तक सदस्य माना जाएगा, जब तक वे मानकों का अनुकरण करते हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, संज्ञान में आया है कि अल फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद, हरियाणा ने मानकों के अनुकूल कार्य नहीं किया है। तदनुसार, अल फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद, हरियाणा को दी गई एआईयू की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित की जाती है। मित्तल ने बताया कि अल फलाह विश्वविद्यालय को अपनी किसी भी गतिविधि में एआईयू के नाम या लोगो का उपयोग करने का अधिकार नहीं है, और एआईयू के लोगो को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से हटा दिया जाना चाहिए। फरीदाबाद के धौज गांव में स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ होने के बाद जांच एजेंसियों के घेरे में आ गया है क्योंकि संस्थान से जुड़े तीन चिकित्सकों को मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह एक निजी संस्थान है जिसके परिसर में एक अस्पताल भी है।

## चाक-चौबंद

चरण-वार मतगणना टेबलों पर लाया जाता है और मतगणना एजेंट को दिखाया जाता है ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि सील सही सलामत हैं और क्रम संख्याएं फॉर्म 17सी के भाग एक में दर्ज रिकॉर्ड से मेल खाती हैं।

ईवीएम में दर्ज मतों की संख्या का फॉर्म 17सी में दर्ज प्रविष्टियों से मिलान किया जाता है। किसी भी विसंगति की स्थिति में, उस मतदान केंद्र की वीवीपैट पर्चियों की गणना अनिवार्य रूप से की जानी है। ईवीएम मतगणना पूरी होने के बाद, वीवीपैट सत्यापन के लिए प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से पांच मतदान केंद्रों का चयन किया जाता है। उम्मीदवारों और उनके मतगणना एजेंटों की उपस्थिति में पर्चियों का ईवीएम परिणामों से मिलान किया जाता है।

## आईएसआई नेटवर्क

करणवीर सिंह उर्फ विक्की और साजन कुमार उर्फ संजू को सहायक के तौर पर उनकी भूमिका के लिए अलग-अलग जेलों से पेशी वारंट पर लाया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक चीनी ग्रेनेड भी बरामद किया है। प्रारंभिक जांच से पता चला कि आरोपी ग्रेनेड की आपूर्ति करने के लिए समन्वय स्थापित करने हेतु मलेशिया स्थित तीन गुर्गों के माध्यम से पाकिस्तान स्थित संचालकों के संपर्क में थे। डीजीपी यादव ने बताया कि आरोपियों को राज्य में अशांति पैदा करने के लिए आबादी वाले इलाके में ग्रेनेड हमला करने का काम सौंपा गया था। लुधियाना के पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर जोधेवाल थाने में संदिग्धों कुलदीप सिंह, शेखर सिंह और अजय सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्वाई सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीमें गठित की गईं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस टीमों ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है।

## हर गांव

किए। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि वे आत्मनिर्भरता की प्रेरणा बनें और अन्य किसानों को भी इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने चंपावत जिले को कुल 88.11 करोड़ की आठ विकास परियोजनाओं की सौगात दी। जिसमें 24.78 करोड़ की तीन परियोजनाओं का लोकार्पण और 63.32 करोड़ की पांच परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। साथ ही, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत तीन वाटरशेड विकास परियोजनाओं का शुभारंभ भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं चंपावत के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगी। इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर, कृषि उत्पादन में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सीधे पहुंचे। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, संयुक्त निदेशक सहकारिता विभाग मंगला त्रिपाठी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश

शिक्षक जून से ऑफलाइन तबादलों का इंतजार कर रहे थे। बुधवार को इनके तबादला आदेश जारी कर दिए गए। एडेड माध्यमिक विद्यालयों में इस साल पहले ऑफलाइन तबादले के लिए आवेदन ले लिए गए। इसके तहत 1641 शिक्षकों ने आवेदन किया था। जबकि बाद में यह तय हुआ कि ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों माध्यम से तबादले किए जाएंगे। इसके बाद जून में ऑनलाइन आवेदन वाले तबादले तो हो गए लेकिन ऑफलाइन हुए आवेदन वाले तबादले फंस गए। इसके लिए शिक्षकों ने कई बार माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर धरना दिया। अंत में पिछले दिनों माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी के आवास के सामने भी धरना दिया। इसके बाद विभाग ने विशेष परिस्थितियों में इन ऑफलाइन तबादले करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बुधवार को तबादले जारी कर दिए गए।

# विकसित भारत 2047 की कुंजी होगा देश का स्वास्थ्य : जितेंद्र सिंह



भुवनेश्वर। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि वर्ष 2047 में जब देश स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब भारत के नागरिकों का स्वास्थ्य ही विकसित भारत की दिशा तय करने वाला प्रमुख आधार होगा। सिंह ने यहां खनिज एवं सामग्री प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएमएमटी) में लॉन्गिट्यूडिनल कोहोर्ट स्टडीजः कोहोर्ट कनेक्ट 2025 विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। जब हम विकसित भारत 2047 की बात करते हैं तो भारत का स्वास्थ्य ही इसका आधार होगा। मंत्री ने राष्ट्रीय कोहोर्ट अध्ययन के दायरे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले चार प्रमुख निर्धारकों जैविक, पर्यावरणीय, आनुवंशिक और जीवनशैली संबंधी कारकों पर केंद्रित है और इन सभी पर भारत की असाधारण विविधता जैसे खानपान, पर्यावरण और आनुवंशिक संरचना का विशेष प्रभाव पड़ता है।

# मुर्मू ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के प्रति संवेदना जतायी



गबोरोन (बोत्सवाना)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को बोत्सवाना में भारतीय समुदाय के साथ मिलकर दिल्ली में हुए हालिया विस्फोट के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

दिल्ली में लालकिले के बाहर सोमवार को हुए उच्च तीव्रता वाले विस्फोट में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपनी तीन दिवसीय राजकीय यात्रा के अंतिम दिन भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान, मृतकों के परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। राष्ट्रगान और बोत्सवाना में भारतीय उच्चायुक्त भरत कुमार कुठाती द्वारा स्वागत किए जाने के बाद, मुर्मू ने हॉल में उपस्थित भारतीय समुदाय के सदस्यों से दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अनुरोध किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने खड़े होकर एक मिनट का मौन रखा। बोत्सवाना में भारतीय समुदाय की संख्या लगभग 10,000 है तथा वे शिक्षा, स्वास्थ्य, हीरा प्रसंस्करण और कुछ अन्य व्यापार जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं। मुर्मू ने कहा कि भारतीय समुदाय की उपलब्धियां भारत के लिए गर्व का स्रोत हैं और उनकी सफलता भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से बोत्सवाना की प्रगति में योगदान जारी रखने और भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने का आग्रह किया। यहां भारतीय प्रवासियों से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें बोत्सवाना में भारत जैसा महसूस हो रहा है। उन्होंने उनसे अपनी मातृभूमि के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाए रखने को कहा। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने और उनके बोत्सवानियाई समकक्ष ड्यूमा गिदोन बोको ने पिछले दो दिन में अपनी द्विपक्षीय बैठकों के दौरान स्वास्थ्य, नवीकरणीय ऊर्जा और अन्य कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए एक परिवर्तन से गुजर रहा है। मुर्मू ने डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और स्वच्छ भारत जैसी सरकारी पहलों का हवाला दिया जो भारत को अधिक ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। मुर्मू ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि बोत्सवाना में भारतीय समुदाय स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करने और जरूरतमंदों के लिए शिक्षा सेवाएं प्रदान करने सहित कई सामाजिक सेवा कार्य करता है, जो प्रशंसनीय है। राष्ट्रपति ने यहां भारतीयों की सराहना करते हुए कहा कि यह वसुधैव कुटुम्बकम की भावना है। राष्ट्रपति अंगोला की चार दिवसीय राजकीय यात्रा के बाद मंगलवार को बोत्सवाना की राजधानी गबोरोन पहुंची थीं।

# ताइवान में तूफान के कारण भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति



ताइपे। ताइवान के कुछ हिस्सों में उष्णकटिबंधीय दबाव के कारण बृहस्पतिवार को भारी बारिश हुई, जिससे बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है और भूस्खलन का खतरा भी बना हुआ है। दक्षिणी ताइवान की पिंगतुंग काउंटी में बुधवार शाम आए तूफान के कारण द्वीप पर कुल 95 लोग घायल हो गए।

फंग-वोंग तूफान के निकट आने पर अधिकारियों ने तटीय और पहाड़ी क्षेत्रों से 8,500 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला है। इस दबाव क्षेत्र के केंद्र के पास 54 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं और बृहस्पतिवार को तेज झोंके भी आए। यिलान शहर के आसपास के उत्तरी तटीय इलाकों में सोमवार से अब तक 1.065 मीटर से अधिक बारिश हो चुकी है। ताइवान के पूर्वोत्तर बंदरगाह शहर कीलुंग और राजधानी ताइपे के आस-पास बृहस्पतिवार तक भारी बारिश जारी रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अधिकारियों ने पहाड़ी इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन के खतरे की चेतावनी दी है। उन्होंने लोगों से इमारतों से उड़ते मलबे या ढीली वस्तुओं से भी सावधान रहने को कहा है। प्रभावित क्षेत्र के कुछ इलाकों में दो दिनों तक बंद रहने के बाद स्कूल और कार्यालय फिर से खुल गए हैं। तूफान का सबसे ज़्यादा असर पूर्वी हुआलिएन काउंटी के मिंगली गांव में पड़ा है, जहां एक नाले के उफान पर आने से भारी बाढ़ आ गई। फंग-वोंग तूफान फिलीपीन में एक भीषण चक्रवात के रूप में पहुंचा था, जिसके कारण बाढ़, भूस्खलन और कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई थी। ताइवान के पास पहुंचते ही तूफान की गति और ताकत कम हो गई है।

## संक्षेप

### 300 प्रतिभागियों के साथ आरएसएस के पथ संचलन की मिली अनुमति

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कलबुर्गी संयोजक द्वारा दायर उस याचिका का बृहस्पतिवार को निपटारा कर दिया, जिसमें चित्तपुर शहर में पथ संचलन आयोजित करने की अनुमति मांगी गई थी। अदालत ने 16 नवंबर को 300 प्रतिभागियों और 50 सदस्यीय बैंड के साथ पथ संचलन की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति एम जी एस कमल ने कहा कि चित्तपुर के तहसीलदार ने 16 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम के लिए पहले ही कुछ शर्तों के साथ अनुमति दे दी थी। पिछले सप्ताह सरकार ने अदालत को सूचित किया था कि वह याचिकाकर्ता के पथ संचलन के प्रस्ताव पर सकारात्मक रूप से विचार करेगा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अरुणा श्याम ने कार्यक्रम की अनुमति देने के लिए अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया, लेकिन अदालत से तहसीलदार के आदेश में दो शर्तों को संशोधित करने का अनुरोध किया। उन्होंने संगठन के शताब्दी समारोह और इस अवसर से जुड़ी जनभावना का हवाला देते हुए प्रतिभागियों की संख्या 300 से बढ़ाकर 600 करने तथा बैंड सदस्यों की संख्या 25 से बढ़ाकर 50 करने का अनुरोध किया।

# श्रीनगर में तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज



श्रीनगर। कश्मीर में ठिठुरन बढ़ने के साथ ही अधिकतर स्थानों पर रात का तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस यानी हिमांक बिंदु से नीचे रहा और श्रीनगर में मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई जहां तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस नीचे था। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

श्रीनगर में बुधवार रात न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और इसके अलावा घाटी के अन्य सभी मौसम केंद्रों में रात के समय तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पर्यटन स्थल पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस नीचे और स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। मौसम विभाग ने कश्मीर में 15 नवंबर तक मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया और कहा है कि रात में तापमान के और भी कम होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 16 नवंबर को कश्मीर के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और ऊंचे इलाकों में बर्फबारी की संभावना है।

# मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों में वरिष्ठ माओवादी नेता पापा राव की पत्नी भी शामिल

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में मारे गए छह नक्सलियों में वरिष्ठ माओवादी नेता पापा राव की पत्नी उर्मिला और माओवादी बुचन्ना कुडियम शामिल हैं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बुचन्ना उर्फ कन्ना (35) पिछले एक दशक में सुरक्षा बलों, नागरिकों और विकास परियोजनाओं को निशाना बनाकर किए गए कई बड़े नक्सली हमलों का मास्टरमाइंड था, जबकि उर्मिला माओवादियों की पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) बटालियन के लिए रसद आपूर्ति की मुख्य संचालक थी। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) जितेंद्र यादव ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मंगलवार (11 नवंबर) को इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के अंदरूनी इलाके कांदुलनार और कचलारम गांव के जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में छह नक्सली मारे गए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के कांदुलनार, कचलारम और गुज्जाकोंटा के जंगलों में स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्य पापाराव, मद्देड़ एरिया कमेटी के प्रभारी कन्ना उर्फ बुचन्ना, डिविजनल कमेटी सदस्य उर्मिला, मोहन कड़ती और पश्चिम बस्तर डिवीजन के 50-60 माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया गया। यादव ने बताया कि मुठभेड़ में उर्मिला, बुचन्ना और चार अन्य माओवादियों को मार गिराया गया, जबकि अन्य वरिष्ठ नेता भागने में सफल रहे। अधिकारी ने बताया कि चार अन्य मृतकों की पहचान पांच लाख रुपये के इनामी, एरिया कमेटी के सदस्य जगत तामो उर्फ मोटू तथा प्लाटून सदस्य देवे, भगत और मंगली ओयम शामिल हैं। इन पर दो-दो लाख रुपये का इनाम है। यादव ने बताया कि आठ लाख रुपये के इनामी बुचन्ना दक्षिण बस्तर में सक्रिय सबसे खूंखार माओवादी नेताओं में से एक माना जाता था। वह पिछले एक दशक में सुरक्षाबलों, नागरिकों और विकास परियोजनाओं को निशाना बनाकर किए गए कई बड़े नक्सली हमलों का एक प्रमुख साजिशकर्ता भी था। उन्होंने बताया कि बीजापुर जिले के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ 42 आपराधिक मामले दर्ज हैं और 18 गिरफ्तारी वारंट लंबित है। अधिकारी ने बताया कि बुचन्ना ने कई बड़े हमलों में अहम भूमिका निभाई है, जिसमें जुलाई 2008 में कोंगुपल्ली पुलिस चौकी पर हमला और जनवरी 2016 में नुकनारपाल कैंप पर हमला शामिल है। यादव ने बताया कि वह कथित तौर पर 20 से अधिक ग्रामीणों की हत्या में शामिल था।

# सैन्य अभ्यास त्रिशूल ने स्थापित किये नये मानक : सैन्य कमांडर

पोरबंदर। भारत के शीर्ष सैन्य कमांडरों ने बृहस्पतिवार को कहा कि अभ्यास त्रिशूल ने संयुक्तता और आपसी तालमेल बिठाने की क्षमता के लिहाज से नए मानक स्थापित किए हैं तथा हम इससे और अधिक मजबूत होकर लौट रहे हैं।

लगभग दो सप्ताह तक जारी रहने वाला तीनों सेनाओं का विशाल अभ्यास इसके अंतिम हिस्से एम्फेक्स 2025 के समापन के बाद पूरा हो जाएगा, जो वर्तमान में गुजरात के सौराष्ट्र तट के माधवपुर अपतटीय क्षेत्र में जारी है। सेना की दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठअ नौसेना की पश्चिमी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और दक्षिण पश्चिमी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल नागेश कपूर ने एम्फेक्स 2025 शुरू होने से पहले मीडिया से बातचीत की। थार रेगिस्तान से लेकर कच्छ तक, थलसेना, नौसेना और वायुसेना पिछले दो सप्ताह से अभ्यास त्रिशूल के तहत उप-अभ्यासों की एक श्रृंखला में भाग ले रही हैं। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने कहा कि इस अभ्यास ने संयुक्तता, एकीकरण और आपसी तालमेल बिठाने की क्षमता के लिहाज से एक नया मानदंड स्थापित किया है। उन्होंने यहां संवाददाताओं को बताया कि नए अस्त्र-शस्त्रों, सैन्य उपकरणों और प्रक्रियाओं का परीक्षण किया गया तथा त्रिशूल अभ्यास ने इनके सटीक प्रदर्शन पर मुहर लगा दी। दक्षिणी कमान के जीओसी-इन-सी ने कहा, हम भविष्य की सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। वाइस एडमिरल स्वामीनाथन ने कहा कि इस अभ्यास में सेना के लगभग 30,000 जवान, अनेक लड़ाकू विमान और नौसेना के लगभग 25 जहाज एवं पनडुब्बियां शामिल हुईं। उन्होंने कहा, हमने युद्ध कौशल का अभ्यास किया है, जिसमें एक कैरियर बैटल ग्रुप के साथ किया गया अभ्यास भी शामिल है। विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत इसका हिस्सा रहा। नौसेना की पश्चिमी कमान के प्रमुख ने कहा, हम त्रिशूल अभ्यास से और अधिक मजबूत होकर लौट रहे हैं। भारतीय सेना के तीनों शीर्ष कमांडरों ने इससे पहले आईएनएस विक्रांत पर सवार होकर त्रिशूल अभ्यास के तहत आयोजित संयुक्त बहु-क्षेत्र अभियान की समीक्षा की।

### आंध्र प्रदेश वैश्विक बाजार में प्रवेश का द्वार है: नायडू

विशाखापट्टनम। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बृहस्पतिवार को यूरोपीय देशों और व्यापारियों को राज्य की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि यह राज्य वैश्विक बाजार में प्रवेश का द्वार होगा। पार्टनर्स इन प्रोग्रेसइंडिया-यूरोप कोऑपरेशन फॉर सस्टेनेबल ग्रोथ विषय पर 14 और 15 नवंबर को होने वाले 30वें सीआईआई पार्टनरशिप शिखर सम्मेलन से पहले आयोजित गोलमेज बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश में कारोबार करने की सुगमता, गति और लागत अभूतपूर्व है। नायडू ने कहा कि आंध्र प्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में अपार अवसरों के साथ वैश्विक बाजार में प्रवेश का द्वार बनेगा। राज्य में कारोबार करने की सुगमता, गति और लागत अभूतपूर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोत्साहन देने और व्यापार अनुमति तेजी से जारी करने के मामले में इस दक्षिणी राज्य की कोई तुलना नहीं है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में विनिर्मित वस्तुओं, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। दक्षिणी राज्य में हाल में किए गए निवेश वादों का उल्लेख करते हुए नायडू ने बताया कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल 15 अरब डॉलर के निवेश से एक एआई डेटा केंद्र स्थापित करेगी और इसके साथ ही समुद्र के भीतर सिंगापुर तक केबलें बिछाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश बड़े पैमाने पर उद्योगों को बढ़ावा दे रहा है और इसी के तहत राज्य सरकार ने स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस नीति अपनाई है, जिसके जरिए 45 दिनों के भीतर आवेदन निपटाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने वैश्विक निवेशकों से आंध्र प्रदेश में निवेश करने की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि उनके आवेदनों की निगरानी और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक निवेशक को एक अधिकारी नियुक्त किया जाएगा।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com